3 | राजधानी
राशन योजना 30 सितंबर तक बढ़ी

6 | अभिमत
संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

10 | विदेश
यूरोप में सैन्य मजबूती बढ़ाएगा अमेरिका

12 | स्पोर्ट्स
रोहित पांचवें टेस्ट से बाहर बुमराह होंगे कप्तान

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 232
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



राजस्थान सरकार मूकदर्शक बनी रही
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# उद्धव ठाकरे ने मैदान छोड़ा, मुख्यमंत्री पद से दिया त्यागपत्र

### ● सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विधानसभा में शक्ति परीक्षण पर रोक लगाने से मना करने के बाद लिया निर्णय

**भाषा।** मुंबई, नई दिल्ली



इस्तीफे की घोषणा करते मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे



मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को मिठाई खिलाते महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि उनकी रुचि संख्याबल के खेल में नहीं है और इसलिए वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने वेबकास्ट पर कहा, मैं विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहा हूं। ठाकरे ने इसके साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सड़क पर प्रदर्शन करने नहीं उतरें।

ठाकरे ने यह घोषणा उनके नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को बृहस्पतिवार को विधानसभा में बहुमत साबित करने संबंधी राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से उच्चतम न्यायालय के इनकार के कुछ मिनट बाद की। एमवीए में शिवसेना के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस सहयोगी हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अधिकतर विधायकों की बगावत का सामना कर रहे ठाकरे ने कहा कि उन्हें अपना पद छोड़ने पर कोई असफोस नहीं है। शिवसेना अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बागी विधायकों को लौटने दें और उनके खिलाफ प्रदर्शन नहीं करें। इससे पहले करीब एक सप्ताह से गुवाहाटी में डेरा डाले बागी विधायक बुधवार शाम को वहां से विशेष विमान में रवाना हुए और गोवा पहुंचे। उद्धव ठाकरे ने कहा, शिवसेना और बाला साहेब ठाकरे की वजह से राजनीतिक रूप से बढ़े बागियों को उनके (बालासाहेब) बेटे के मुख्यमंत्री पद से हटने पर खुश और संतुष्ट होने दें। उन्होंने कहा, मैं संख्याबल के खेल में शामिल नहीं होना चाहता हूं। मैं शर्मिंदा महसूस करूंगा अगर मैं देखूंगा कि पार्टी का एक भी सहयोगी मेरे खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मुंबई में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और शिवसैनिकों को हिरासत में लिया गया है। ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस और राकांपा ने बुधवार शाम को हुई मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने के फैसले का विरोध नहीं किया। उन्होंने एमवीए सरकार चलाने के दौरान सहयोग के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। ठाकरे ने बागियों का संदर्भ देते हुए कहा, कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मुझसे कहा कि अगर बागी चाहते हैं तो कांग्रेस सरकार से हटने और बाहर से समर्थन करने को तैयार है। जिनसे खाई में धकेलने की उम्मीद थी वे ही साथ खड़े हुए जबकि मेरे अपने मेरा साथ छोड़कर चले गए। शिवसेना प्रमुख ने कहा, आपकी समस्या क्या थी? सूरत और गुवाहाटी जाने के बजाय आप सीधे मेरे पास आ सकते थे और अपनी राय रख सकते थे। उन्होंने कहा, शिवसेना आम लोगों की पार्टी है और उसने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। ठाकरे ने कहा कि वह पार्टी का पुनर्निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा, मैं शिवसैनिकों का साथ खड़ा रहने के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं। जो शिवसेना की वजह से राजनीतिक रूप से बढ़े वे असंतुष्ट हैं जबकि जिन्हें कुछ नहीं मिला वे निष्ठावान हैं। इससे पूर्व दिन में, महाराष्ट्र में राजनीतिक खींचतान, जो एक सप्ताह से अधिक समय पहले ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ शिंदे के विद्रोह के साथ शुरू हुई थी, एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई जब महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण का आदेश दिया। राज्यपाल का यह फैसला तब आया है जब मंगलवार रात भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की थी और ( शेष पेज 8 )

## भाजपा खेमे में जश्न शुरू, पार्टी नेताओं ने फडणवीस को दी बधाई

**मुंबई( भाषा )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इस्तीफे की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी के कई विधायक और वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मुंबई स्थित आवास पर एकत्रित हुए। शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गिरने पर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल समेत भाजपा के कई नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। उनमें से कई ने कहा कि फडणवीस जल्द ही राज्य की कमान संभालेंगे। पूर्व मंत्री ( शेष पेज 8 )

## औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर तथा उस्मानाबाद का धाराशिव कर गए उद्धव

**मुंबई( भाषा )।** महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक संकट के बीच राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को औरंगाबाद शहर का नाम बदलकर संभाजीनगर करने और उस्मानाबाद शहर का नाम धाराशिव करने को मंजूरी दी। राज्य के ऐतिहासिक महत्व वाले शहर औरंगाबाद का नाम परिवर्तित करने का कदम सरकार ने ऐसे वक्त उठाया है जब महा विकास आघाड़ी (एमबीए) संगठन की अगुवाई कर रही शिवसेना बड़ी संख्या में अपने विधायकों की बगावत ( शेष पेज 8 )

## शिवसेना के बागी विधायक गोवा पहुंचे

**भाषा।** मुंबई, पणजी

**असम** में आठ दिन बिताने के बाद, शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के बागी विधायक बुधवार शाम गुवाहाटी से गोवा पहुंच गए। निजी विमानन कंपनी स्पाइसजेट के एक चार्टर विमान ने गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शाम छह बजकर 56 मिनट पर गोवा के डाबोलिम हवाईअड्डे के लिए उड़ान भरी। शिवसेना के विधायक कुछ निर्दलीय विधायकों के साथ 22 जून से लगभग 2,700 किलोमीटर दूर गुवाहाटी में डेरा डाले हुए थे, जिससे महाराष्ट्र में उनकी सरकार संकट में आ गई। असम के संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका, आवास और शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल, भाजपा सांसद पल्लब लोचन दास और विधायक दिगंत कलिता और सुशांत बोरगोहेन महाराष्ट्र के विधायकों के साथ हवाई अड्डे गए। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त हरमीत सिंह, संयुक्त आयुक्त पार्थ सारथी महंत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। हवाई अड्डे पर सुबह से ही सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। एकनाथ शिंदे ने हवाई अड्डे पर संवाददाओं से बातचीत में शिवसेना के बागी कहे जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि उनके समूह के सदस्य असली शिवसैनिक हैं। उन्होंने कहा कि वह उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके साथ के विधायकों ने बृहस्पतिवार ( शेष पेज 8 )

# पाकिस्तान से जुड़े हत्यारों के तार

**उदयपुर हत्याकांड**

### ● डीजीपी ने कहा- एक हत्यारोपी का संबंध दावत-ए-इस्लामी से होने के सबूत मिले, मामले में तीन और लोग गिरफ्तार, एनआईए ने संभाली जांच

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** जयपुर/नई दिल्ली



उदयपुर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा मारे गए दर्जी कन्हैया की अंतिम यात्रा में आक्रोशित लोग

**उदयपुर** में दर्जी कन्हैया लाल तेली की दो कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा नृशंस हत्या मामले में एक आरोपी का संबंध पाकिस्तान स्थित दावत-ए-इस्लामी से है और वह 2014 में कराची गया था। यह खुलासा राजस्थान पुलिस प्रमुख ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में किया।

वहीं घटना के एक दिन बाद बुधवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजस्थान पुलिस से आतंकी घटना की जांच अपने हाथ में ले ली है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एमएल लाठेर ने जयपुर में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस ने हत्या के सिलसिले में अब तक तीन और लोगों समेत पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। रियाज अख्तरी और ( शेष पेज 8 )

## जगह-जगह उग्र प्रदर्शन, पुलिस कर्मी पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**उदयपुर** में एक दर्जी की नृशंस हत्या के खिलाफ बुधवार को राजस्थान के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किए गए। राजस्थान के राजसमंद जिले के भीम कस्बे में निकाले गए विरोध मार्च के दौरान पुलिस पर पथराव भी किया गया। प्रदर्शनकारियों ने तलवार से हमला कर एक पुलिस कांस्टेबल को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि भीम कस्बे में भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें एक धार्मिक स्थल की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ( शेष पेज 8 )

## जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था आगे बढ़ाने की मांग पर नहीं हुआ कोई फैसला

**भाषा।** चंडीगढ़



चंडीगढ़ में जीएसटी परिषद की बैठक में बोलतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**जीएसटी** परिषद की बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता में गठित जीओएम की दरों के युक्तिकरण पर तैयार अंतरिम रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। जीओएम को अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया। दलीय सीमाओं से इतर करीब 12 राज्यों ने बुधवार को जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था 30 जून के बाद भी जारी रखने की मांग की लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था लागू होने से राज्यों को होने वाली राजस्व क्षति की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया गया था। पांच साल के लिए लागू किया गया यह प्रावधान 30 जून, 2022 को खत्म हो रहा है। जीएसटी संबंधी मामलों में फैसला करने वाली इकाई जीएसटी परिषद की यहां संपन्न दो-दिवसीय बैठक में क्षतिपूर्ति व्यवस्था को आगे भी बढ़ाने का मुद्दा छाया रहा। इसकी मांग करने वालों में विपक्ष-शासित राज्यों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के शासन वाले राज्य भी शामिल हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक के बारे में संवाददाओं को जानकारी देते हुए कहा कि 16 राज्यों के प्रतिनिधियों ने क्षतिपूर्ति का मुद्दा उठाया।

इनमें से तीन-चार राज्यों ने क्षतिपूर्ति व्यवस्था से बाहर निकलने के लिए स्वयं के राजस्व स्रोत विकसित करने की बात कही। वहीं करीब 12 राज्यों ने क्षतिपूर्ति व्यवस्था को आगे भी जारी रखने की मांग रखी। केंद्र ने इस बारे में अपने रुख का खुलासा नहीं किया है। देश में एक जुलाई, 2017 को जीएसटी प्रणाली लागू होने ( शेष पेज 8 )

## उपराष्ट्रपति के लिए छह अगस्त को होगा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** पद के लिए चुनाव छह अगस्त को होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह घोषणा की। एम. वेंकैया नायडू के उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए अधिसूचना पांच जुलाई को जारी होगी और 19 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच 20 जुलाई को होगी और 22 जुलाई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। मतों की गिनती भी छह अगस्त को ही होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भाग लेते हैं। इस चुनाव में मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं। उपराष्ट्रपति नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को मतदान में स्पष्ट बढ़त है, जिसमें नामांकित सदस्यों सहित लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मतदान के पात्र हैं। संविधान ( शेष पेज 8 )

## ओवैसी के पांच में से चार विधायक राजद में शामिल



पटना में बुधवार को राजद नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के साथ एआईएमआईएम छोड़ने वाले चारों विधायक जो राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए

### ● बिहार में राजद फिर बनी सबसे बड़ी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक बुधवार को राजद में शामिल हो गए। इससे 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में राजद सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव एआईएमआईएम के इन चार विधायकों को एक कार में साथ लेकर बुधवार को विधानसभा पहुंचे और सदन अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा को एक पत्र सौंपा। कार स्वयं तेजस्वी चला रहे थे। राजद में शामिल होने वाले एआईएमआईएम के इन विधायकों में कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद इज़हार अस्फी, जोकीहाट के शाहनवाज आलम, बायसी के रुकानुद्दीन अहमद और बहादुरगंज के अंजार नईमी शामिल हैं। एआईएमआईएम छोड़ने वाले इन ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,026 | ⬇ | 150 | |
| निफ्टी | 15,799 | ⬇ | 51 | |
| सोना | 50,649 | ⬇ | 176 | /10g |
| चांदी | 59,725 | ⬇ | 443 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### उत्तर प्रदेश में बिजली गिरने से 17 की मृत्यु

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी। बलिया और फतेहपुर जिलों के विभिन्न हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 10 लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बलिया के पुलिस अधीक्षक आरके नय्यर ने बताया कि मंगलवार शाम और बुधवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने की अलग अलग घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि बैरिया पुलिस थाना अंतर्गत रामपुर कोडरहा गांव में संतोष (27), विष्णुपुर गांव में राम भवन शाह (47), सिकंदरपुर पुलिस थाना अंतर्गत रमेश सिंह (40) और नागरा पुलिस थाना अंतर्गत अतरौल करमौता गांव में बब्बन राजभर (60) की मृत्यु हो गई।

## रुपया 79 के पार, 18 पैसे टूटकर नए सर्वकालिक निचले स्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**रुपए** में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 18 पैसे टूटकर 79.03 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, विदेशों में डॉलर में आई मजबूती और विदेशी पूंजी की सतत निकासी से रुपए में गिरावट आई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 78.86 पर खुला और कारोबार के अंत में 18 पैसे की गिरावट के साथ 79.03 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। सत्र के दौरान रुपए ने अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले के 79.05 के सर्वकालिक निचले स्तर को छुआ। मंगलवार को रुपया 48 पैसे गिरकर 78.85 रुपए प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। रुपए में इस महीने में अभी तक 1.97 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जबकि इस वर्ष के आरंभ से रुपए का मूल्य 6.39 प्रतिशत घट चुका है।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.64 पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा कि जोखिम-प्रतिकूल भावनाओं और कमजोर क्षेत्रीय मुद्राओं के कारण रुपया नीचे आया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.34 प्रतिशत बढ़कर 118.38 डॉलर प्रति बैरल हो गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड की जिंस एवं मुद्रा शोध विभाग की उपाध्यक्ष, सुगंधा सचदेवा ने कहा, घरेलू बाजारों से भारी मात्रा ( शेष पेज 8 )

## अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में अमरनाथ यात्रा आरंभ

### ● पारंपरिक पूजा के बाद उपराज्यपाल ने 4890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को दिखाई झंडी

### ● लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया, एलजी सिन्हा आज करेंगे पवित्र गुफा में पहली पूजा

**मोहित कंधारी।** जम्मू



जम्मू से आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के वाहनों को सुरक्षा देने के लिए खड़े सेना के जवान

**जम्मू-कश्मीर** में बढ़ते आतंकी खतरों से बेपरवाह अमरनाथ यात्रा के लिए 4890 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बुधवार को रवाना हो गया। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के आधार शिविर में पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद 176 हल्के और भारी मोटर वाहनों के काफिले को झंडी दिखाई। समारोह में मुख्य सचिव अरुण मेहता, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय राजनेताओं ने भाग लिया और तीर्थयात्रियों के लिए शांति, समृद्धि और सुरक्षित आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रार्थना की।

उपराज्यपाल सिन्हा गुरुवार को पवित्र गुफा मंदिर में पहली पूजा करेंगे। बेस कैंप में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। यात्रा शुरू करने से पहले विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों को भगवान शिव की स्तुति गाते और वैदिक मंत्रों का जाप करते देखा गया। इस साल अभी तक लगभग 3 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों को इस साल 6 से 7 लाख तीर्थयात्रियों के बाबा बर्फानी के दर्शन करने की उम्मीद है। तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर बोर्ड के अधिकारियों ने उनकी सुविधा के लिए तत्काल पंजीकरण की भी विस्तृत व्यवस्था की है। पहली बार श्राइन बोर्ड द्वारा तीर्थयात्रियों को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग जारी किया गया है, जबकि कड़ी निगरानी के लिए आधार शिविरों और यात्री निवास में ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं।

इस साल पहली बार तीर्थयात्रियों के लिए श्रीनगर से हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के निरस्त होने से पहले 2019 दिनों में अमरनाथ यात्रा की अवधि को कम कर दिया गया था। हालाँकि, कोविड-19 महामारी के कारण यात्रा 2020 और 2021 में स्थगित रही। पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। केंद्र ने बालटाल और पहलगाम के दोनों यात्रा मार्ग और आधार शिविरों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों ( शेष पेज 8 )

## अमरनाथ यात्रा मार्ग के निकट मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर( भाषा )।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने यह भी बताया कि जिस जगह मुठभेड़ हुई वह अमरनाथ यात्रा मार्ग के बेहद करीब है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुलगाम जिले में मीर बाजार इलाके के नवापुरा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। अधिकारी के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान ही मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय आतंकवादियों के तौर पर हुई है। यह एक और ( शेष पेज 8 )

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेंगे 2 एमआरओ हब

## किसानों की जमीन पर होगी विदेशी विमानों की मरम्मत, राज्य सरकार ने नीति को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एमआरओ मेंटिनेंस रिपेयरिंग एंड ओवरहालिंग हब विकसित होगा। यहां पर ना केवल अपने देश के बल्कि दूसरे देशों के विमानों की मरम्मत हो सकेगी।

1365 हेक्टेयर में विकसित होने वाले एमआरओ हब के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। एमआरओ हब के लिए अलग से एक रनवे बनेगा। इसके बनने से विमानों के रखरखाव में आत्मनिर्भरता आएगी। इस बात की जानकारी बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने दी है। प्रदेश सरकार ने वायुयानों का मेंटिनेंस, रिपयरिंग और ओवरहालिंग की नीति को मंजूरी दे दी। इसका सबसे अधिक फ़ायदा




गौमतबुद्ध नगर जिले को मिलेगा। विमानों के रखरखाव में अभी दूसरे देशों पर निर्भरता है। देश में हैदराबाद और बेंगलुरु आदि शहरों में विमानों का रखरखाव होता है, लेकिन यह काम बहुत छोटे स्तर पर होता है। अभी तक अधिकतर भारतीय विमानों का मेंटिनेंस सिंगापुर, श्रीलंका और दूसरे यूरोपीय देशों में कराया जाता है, लेकिन जेवर में हवाई अड्डा शुरू होने के साथ ही एमआरओ के मामले में भी आत्मनिर्भरता आ जाएगी। विमानों की मरम्मत दूसरे देशों में होने से खर्च भी अधिक आता है। साथ ही देश की पूंजी बाहर जाती है। इसका असर पूरे सिस्टम पर पड़ता है। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। इस एयरपोर्ट के साथ ही एमआरओ अब विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। यह देश का सबसे बड़ा एमआरओ हब होगा।

इसके लिए जिला प्रशासन 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर रहा है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में यह हब विकसित होगा। जिला प्रशासन के छह गांवों की जमीन अधिग्रहण कर रहा है। इसके लिए किसानों की सहमति ली जा रही है।

यह प्रक्रिया बहुत तेजी के साथ चल रही है। जमीन खरीदने के लिए सरकार और अन्य स्टेकहोल्डर ने पैसा दे दिया है। दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन खरीदने के लिए करीब 2890 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटा जाएगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी है। एमआरओ सब में विमानों का रख रखा होगा। उनकी मरम्मत होगी। इसके लिए एक अलग से रनवे भी बनाया जाएगा।

विमानों की मरम्मत के लिए विमानों को खड़ा करने के लिए हैंगर बनाए जाएंगे। इस सब की योजना तैयार हो गई है। जमीन अधिग्रहण पूरा होने के बाद इस पर तेजी से काम होगा। एमआरओ हब के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। इसमें 124 हेक्टेयर जमीन सरकारी है। शासनादेश के मुताबिक, प्राधिकरण क्षेत्र की जमीन का मालिकाना हक अब सरकार के बजाय प्राधिकरण को है।

इसलिए यह जमीन आसानी से मिल जाएगी। इसके अलावा इस क्षेत्र की 57 हेक्टेयर जमीन यमुना प्राधिकरण पहले खरीद चुका है। बाकी जमीन गांव करौली बांगर, कुरैब, बीरमपुर, दयानतपुर, रनहेरा और गांव मुंढहर की है।

### इन गांवों की जमीन पर बनेगा हब

| गांव का नाम | हेक्टेयर में |
|---|---|
| 1. करौली बांगर | 159 |
| 2. कुरैब | 326 |
| 3. बीरमपुर | 49 |
| 4. दयानतपुर | 145 |
| 5. रनहेरा | 458 |



# चीनी जासूसों के मददगार रवि की मंगेतर को मिली जमानत

● पुलिस ने देर रात किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत में अवैध रूप से रह रहे चीनी नागरिकों और चीनी जासूसों के मददगार रवि नटवरलाल ठक्कर की मंगेतर को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां उसे जमानत दे दी गई। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश निवासी डॉ. इब्बानी पर रवि को शरण देने का आरोप है।

वह मौजूदा समय में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में कार्यरत है। वहीं, इस मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने गौतम बुद्ध नगर के जिला न्यायालय में रवि को पेश कर उसकी सात दिन की रिमांड मांगी है। आज उसकी रिमांड पर सुनवाई होगी। रवि को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच एसटीएफ (विशेष कार्य बल) को सौंपी गई है। मंगलवार को एसटीएफ की नोएडा ईकाई ने रवि की रिमांड मांगी थी। अधिवक्ता केके भाटी ने बताया कि पुलिस ने रवि की मंगेतर पर आईपीसी की धारा 212 के तहत मामला दर्ज किया था। गौरतलब है कि 11 जून को भारत-नेपाल सीमा पर दो चीनी जासूसों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला कि वे काफी दिनों तक ग्रेटर नोएडा में रहे थे। दोनों चीनी जासूस ग्रेटर नोएडा के जिस होटल में रुके थे, वह रवि नटवरलाल का है।

इस मामले में नोएडा पुलिस ने चीनी जासूसों को शरण देने वाले चीनी नागरिक सु-फाई तथा उसकी महिला मित्र को भी गिरफ्तार किया था, जिसे पुलिस ने सोमवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार लोगों से केंद्रीय खुफिया जांच एजेंसियां, पुलिस तथा एसटीएफ ने गहनता से पूछताछ की है।

# कोरोना संक्रमित 15 वर्षीय किशोर की मौत

● सांस लेने में हो रही थी दिक्कत, जिला प्रशासन में हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में 114 दिन बाद कोरोना संक्रमण से एक किशोर की मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि किशोर की मौत शरीर में ऑक्सीजन स्तर कम होने की वजह से हुई है।

अभी तक जिले में संक्रमित मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा था, लेकिन जिस तरह से किशोर की मौत हुई है उससे



विभाग सकते में हैं। हालांकि, एक सप्ताह पूर्व भी एक बच्ची की मौत कोरोना से हुई थी, लेकिन बच्ची नोएडा के जिम्स में भर्ती रही थी, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने अपने पोर्टल पर नहीं जोड़ा था।

मोदीनगर निवासी 15 वर्षीय शुभम के पिता एक पेपर मिल में कार्यरत हैं। पांच दिन पूर्व शिवम की हालत काफी बिगड़ गई थी और उसे सांस लेने में दिक्कतें थी। इसके बाद परिजन उसे क्षेत्र के नर्सिंग होम में लेकर गए, लेकिन किशोर की हालत को देखते हुए तत्काल उसे मेरठ के सुभारती अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दौरान उसकी कोविड रिपोर्ट भी पॉजीटिव पाई गई, लेकिन शुभम की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी मिलने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है।

डीएसओ डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि शुभम के संपर्क में आने वाले परिजनों की भी कोविड जांच की जा रही है। साथ ही कोविड के अलावा उसके ऑक्सीजन स्तर कम होने व अन्य बीमारियों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि जिले में इस साल संक्रमण से यह 11वीं मौत है।

# पत्नी को चाकू से गोदकर थाने पहुंचा बुजुर्ग

गाजियाबाद। मायके जाने की जिद करने पर 65 साल के पति ने अपनी पत्नी को चाकू से गोद दिया। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद थाने में जा पहुंचा और पुलिस को पूरी आपबीती बताई।

महिला का नाम रईसा है, जिसकी शादी 44 साल पहले रऊफ से हुई थी। रऊफ चाकू से अपनी पत्नी को गोदने के बाद चाकू लेकर नंदग्राम पुलिस थाने पहुंचा। इस दौरान उसने पुलिस से कहा मुझे जेल भेज दो, मैं खून करके आया हूं। काफी समय से घर में कलेश चल रहा था, आज खत्म कर दिया। इस दौरान रऊफ के कपड़े बुरी तरह खुन से सने हुए थे। दूसरी ओर रईसा अपने घर में खून से लथपथ पड़ी हुई थी।

# प्लास्टिक पर कार्रवाई के साथ लोगों को किया जागरूक

● शहर के बाजारों, मॉल और दुकानों पर छापामारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले 2 वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत अभियान के तहत नोएडा शहर में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस साल स्वच्छता अभियान को और बेहतर बनाने के लिए काम चल रहा है। शहर में प्लास्टिक वेस्ट पर दोहरा हमला किया जा रहा है।

एक तरफ अथॉरिटी का पूरा अमला बाजारों में प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने में जुटा है तो दूसरी तरफ शहर के स्कूली बच्चे आम आदमी को जागरूक कर रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को शहर के कई हिस्सों में जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। नोएडा अथॉरिटी के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया शहर में दोहरी रणनीति



बनाकर प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा एक तरफ हम इंफोर्समेंट कर रहे हैं। शहर के बाजारों, मॉल और दुकानदारों के यहां प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए छापामारी की जा रही है। जो लोग गलत प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं, उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। दूसरी तरफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दिनों नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया गया था। बुधवार को इसी सिलसिले में पहले सेक्टर-44 और फिर सेक्टर-93 गेझा गांव में बच्चों ने एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई है। बच्चे सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर खड़े होते हैं।

### शहर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी : राजीव

प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने कहा, शहर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी लोग जवाबदेह हैं। पिछले 2 वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत अभियान में हमारे शहर ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस साल और बेहतर परफॉर्मेंस हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए हर आम और खास के सहयोग की जरूरत है। प्लास्टिक का उपयोग हमारे शहरों के आधारभूत ढांचे के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में लीजिए दक्षिण भारत के स्वाद का मजा

नोएडा। विभिन्न व्यंजनों का स्वाद और सत्कार के लिए अब नोएडावासियों को दक्षिण भारत जाने की शायद ही जरूरत पड़े, क्योंकि नोएडा के हाजीपुर के पास सेक्टर 104 में अतिथ्यम नाम से शुरू किए गए दक्षिण भारतीय रेस्त्रां का दावा है कि



यहां न सिर्फ दक्षिण भारतीय व्यंजनों की परंपरागत श्रृंखला मिलती है, बल्कि उन्हें तैयार करने के लिए विशेष मसाले भी दक्षिण भारत के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाए जाते हैं। रेस्तरां के संचालक मनीष श्रीवास्तव बताते हैं कि हमारे यहां एंटीरियर और माहौल पूरी तरह दक्षिण भारतीय संस्कृति से प्रेरित है। यहां तक कि यहां भोजन हरे भरे केले के पत्तों पर परोसा जाता है। यहां सबसे ताजा और सबसे ताज़ी सामग्री ऐसा भोजन बनाती है जो उसके मूल अस्तित्व में रहते हुए स्वादिष्ट और सुपाच्य हो।

### होशियारपुर गांव में दो नाबालिग बहनें गायब

नोएडा। होशियारपुर गांव में रहने वाली दो सगी नाबालिग बहनें अपने घर से गायब हो गई है। इस मामले में उनके पिता ने पुलिस को शिकायत दी है। पीड़ित पिता ने 2 लड़कों पर अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि होशियारपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने नोएडा सेक्टर.49 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि उनकी 17 साल की बेटी और 13 साल की बेटी घर से लापता हो गई है। इस मामले में पीड़ित पिता ने विशाल और शिवम नामक दो युवकों पर उनकी दोनों बेटियों को बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया है।

### मामूली बात पर चले लाठी डंडे

गाजियाबाद। किदवई नगर मोहल्ले में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किदवई नगर निवासी वसीम और शौकत के बीच शराब पीकर गली में शोर मचाने को लेकर कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लाठी डंडे लेकर आ गए और मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसमें वसीम, शौकत, फिरोज समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने इन मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है।

### मुठभेड़ में 25 हजार के दो इनामी बदमाश घायल



गाजियाबाद। सिहानी गेट थाना पुलिस की बदमाशों के साथ हमदर्द लोहिनगर के पास मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से हुई फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से 25 हजार के इनामी एवं टॉप-10 बदमाश आदर्श व गैंगस्टर बदमाश आकाश उर्फ आशीष घायल हो गये। पुलिस ने घायल हुए बदमाशों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाकर उनके पास से तमंचे, कारतूस व बाइक बरामद कर ली। इस संदर्भ में एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि उक्त मुठभेड़ में एसएचओ सिहानी गेट प्रदीप कुमार त्रिपाठी, लोहियानगर चौकी प्रभारी रामप्रताप राघव, एसआई विपिन कुमार व जाहिद खान के अलावा अन्य कई पुलिसकर्मियों ने सराहनीय कार्य किया। अग्रवाल ने बताया कि दोनों बदमाश जहां शातिर अपराधी हैं, वहीं आदर्श व आकाश पेशेवर झपटमार भी हैं। कई थानों की पुलिस उनके पीछे काफी समय से पड़ी हुई थी।

# अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची प्राधिकरण की टीम को भगाया

● नोएडा के सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास होने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण का अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत बुधवार की सुबह नोएडा प्राधिकरण की टीम सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास अवैध कॉलोनियों को तोड़ने पहुंची। उसी दौरान वहां के निवासियों ने उसका विरोध किया। मौके पर आमने-सामने की स्थिति पैदा हो गई। जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण की टीम को वापस उल्टे पांव भागना पड़ा है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने नोएडा प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध किया। बताया जा रहा है कि



जिस समय प्राधिकरण की टीम अवैध कॉलोनियों को तोड़ने गई, उस समय उनके पास पुलिस बल काफी कम था। जिसकी वजह से प्राधिकरण की टीम को उल्टे पांव वापस भागना पड़ा है।

मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-81 में काफी संख्या में अवैध कॉलोनियों का निर्माण हो रखा है। इन कॉलोनियों में काफी संख्या में लोग रहते हैं। बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा प्राधिकरण की टीम थोड़ी बहुत पुलिस फोर्स के साथ सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास बसी हुई अवैध कॉलोनियों को तोड़ने पहुंची। बताया जा रहा है कि जैसे ही नोएडा प्राधिकरण के 4 बुलडोजर मौके पर पहुंचे। तभी मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। वह सभी लोग अपनी कॉलोनियों से बाहर आ गए, जिनकी कॉलोनियों पर प्राधिकरण का बुलडोजर चलना था।

आम जनता ने इसका विरोध किया। प्राधिकरण की टीम और कॉलोनियों में रहने वाले लोग आमने-सामने हो गए। प्राधिकरण की टीम और कॉलोनियों में रहने वाले लोग आमने-सामने हो गए। जिसकी वजह से अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई करें बिना ही नोएडा प्राधिकरण की टीम को वापस भागना पड़ा है।

# सरकारी स्कूलों से गायब चल रहीं चार शिक्षिकाओं की सेवाएं समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर के सरकारी स्कूलों से कई वर्षों से नदारद चल रहीं तीन शिक्षिकाओं सहित चार लोगों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

गौतम बुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि मंगलवार को बिसरख ब्लॉक की तीन शिक्षिकाओं और एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। सभी को विभाग की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब ना मिलने पर विभाग ने यह कार्रवाई की है। लक्ष्मी ने बताया कि साथ ही अन्य शिक्षिकाओं को भी विभाग ने अंतिम नोटिस और अंतिम सुनवाई का मौका दिया है। उनके जवाब ना आने पर उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इससे पहले बताया था कि जिले के चार ब्लॉक में कई वर्ष से 10 शिक्षिकाएं बिना अवकाश के गायब हैं। इनमें बिसरख ब्लॉक की चार, दादरी ब्लॉक की तीन, दनकौर की दो और जेवर की दो शिक्षिकाएं शामिल हैं।

# किशोरी के साथ रेप का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र के कलोदा गांव से अगवा हुई किशोरी को बरामद कर पुलिस ने अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने किशोरी से बलात्कार करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 दिन पूर्व कलोदा गांव में रहने वाली एक किशोरी को सिराज नामक युवक कथित रूप से किशोरी के साथ इस दौरान बलात्कार भी किया।

रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच की और बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर, किशोरी को बरामद कर लिया है। किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवाया जा रहा है।

# बुजुर्ग को बंधक बनाकर लाखों की ज्वैलरी लूटी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम सेक्टर-15 वसुंधरा में किराए पर मकान लेने के बहाने आए बदमाशों ने घर पर मौजूद बुजुर्ग को हथियारों के बल पर लेकर घर में रखी नगदी और लाखों के जेवरात लूट लिए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

ललित जोशी अपनी पत्नी शशि जोशी के साथ इंदिरापुरम इलाके के सेक्टर-15 वसुंधरा स्थित प्लॉट संख्या-377 में रहते हैं। ललित जोशी एलआईसी से रिटायर्ड है। सोमवार सुबह ललित जोशी की पत्नी अपनी ड्यूटी चली गई थी और घर पर ललित जोशी अकेले थे। 2 दिन पूर्व दो लोग उनसे किराए पर मकान लेने के बहाने घर में घुसे थे, लेकिन किराए की कोई बात नहीं बन पाई। तीसरी बार सोमवार शाम करीब 4 बजे फिर दो लोग उनसे मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह मकान फ इनल करन आए हैं। ललित उनके लिए पानी लेने रसोई में चले गए, तभी दोनों बदमाशों ने हथियारों के बल पर लेकर उनके हाथ टेप लगाकर कमरे डाल दिया।

# मादक पदार्थ बेचने के आरोप में दो धरे गए

नोएडा। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने कथित रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया, सेक्टर-51 के पास से मंगलवार की रात को थाना पुलिस ने शादाब नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने सवा किलो गांजा बरामद किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने विवेक को गिरफ्तार कर उसके पास से 38 पौवा देसी शराब बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी अ शराब बेचने के धंधे में काफी दिनों से संलिप्त है।



सवा किलो गांजा के साथ पकड़ा गया मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# एलिवेटेड रोड कंपन बढ़ा, जांच करने रुड़की से आएगी टीम

● कैग रिपोर्ट में भी लेन-देन पर उठे थे सवाल

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

एलिवेटेड रोड के समय से पहले टूटने की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। जिसके लिए अगले हफ्ते आईआईटी रुड़की की टीम नोएडा आएगी।

टीम ने आने से पहले निरीक्षण करने की फीस मांग की है, जो कि लगभग 2 लाख रुपए है। जिसका भुगतान प्राधिकरण जल्दी ही कर देगा। जिसके बाद टीम निरीक्षण के लिए आएगी। वहीं, नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी इसकी जांच की जा रही है। एलिवेटेड निर्माण घोटाले के अंदर प्राधिकरण के तीन विभाग आ रहे हैं। इसके अलावा



एक हफ्ते पहले इसके निर्माण घोटाले में प्राधिकरण के तत्कालीन वरिष्ठ परियोजना अभियंता को हटाया गया था। साथ ही कैग की रिपोर्ट में भी इसके लेनदेन पर सवाल उठाए हैं।

जैसे ही प्राधिकरण फीस का भुगतान कर देगा उसके बाद आईआईटी रुड़की की टीम नोएडा आ जाएगी। निरीक्षण के बाद टीम प्राधिकरण को बताएगी कि इसकी जांच कितने दिन में पूरी होगी और कितना खर्चा आएगा। कुछ समय पहले प्राधिकरण की पीएसी और वर्कर सर्कल की कमेटी ने इस एलिवेटेड रोड की जांच की थी, लेकिन उन्होंने इसकी जांच को आगे करने से मना कर दिया।

उनका कहना था कि हमें अभी स्ट्रक्चर जांच का अनुभव नहीं है। जिसके बाद आईटीआई से पूरा स्ट्रक्चर जांच करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए आईआईटी रुड़की को इसका प्रस्ताव भेजा गया। अब आईआईटी रुड़की की टीम अगले हफ्ते निरीक्षण करने आएगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार निर्माण के साल तक इसका रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली कंपनी की होती है। साथ ही परियोजना पूरी होने के 5 साल तक डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड रहता है। इस दौरान सड़क उखड़ने और कोई कमी आने पर उसे दुरुस्त कराने की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली कंपनी की होती है। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार कंपनी को इसके लिए कई पत्र पहले ही भेजे जा चुके हैं। जिसको लेकर कंपनी ने कुछ बिंदुओं पर अब आर्बिट्रेशन में वाद दायर कर दिया है।

# पर्थला सिग्नेचर ब्रिज समय पर नहीं होगा पूरा, करना पड़ेगा इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पर्थला गोलचक्कर पर फ्लाईओवर के रूप में बन रहे सिग्नेचर ब्रिज के काम का नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने निरीक्षण किया। अगले सप्ताह से 1400 टन स्टील के पुल का स्ट्रक्चर रखने का काम अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा।

अभी मौके पर काम बचे होने और मानसून आने के चलते काम में अटकाव की वजह से अब इसका पूरा काम अगस्त अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर यह फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाईओवर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बन रहा है। इसका 70 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है।

अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर के लिए पाईल, पाईल कैप, पियर व पियर कैप का काम पूरा हो चुका है। वहीं किसान चौक की ओर रैंप बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर की ओर रैंप बनाने का काम चल रहा है। यहां बन रहे तीन पिलर में सबसे बड़े पिलर के लिए पाईलॉन करने का काम पूरा हो गया। यहां प्रयोग में लाए जाने वाले स्टील को अहमदाबाद से अलग-अलग हिस्सों में लाया जा रहा है। गर्डर के अलग-अलग हिस्से वहां से आ रहे हैं। यहां उनको जोड़कर खड़ा किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कैबिनेट के फैसले



*सरकार ने बुधवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों को कैबिनेट की मंजूरी दे दी। इनमें गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा राजधानी की सड़कों पर परिवहन व्यवस्था सुधारने के लिए 1950 नई बसें भी सड़कों पर उतारी जाएंगी। साथ ही घर की छतों, किचन गार्डन में फल सब्जी उगाने से जुड़ी स्मार्ट अर्बन फार्मिंग मंजूर कर ली गई है। इससे ग्रीन जॉब के सृजन को मिलेगा बढ़ावा।*

## राशन योजना 30 सितंबर तक बढ़ी सड़कों पर उतरेंगी 1950 नई बसें

● दिल्ली कैबिनेट ने दी मंजूरी, सार्वजनिक परिवहन को आरामदेह और विश्व स्तरीय बनाएगी सरकार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक और विश्वसरी बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। इसी के तहत जल्द ही 1950 नई बसें राजधानी की सड़कों पर उतरेंगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को दिल्ली कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्मार्ट अर्बन फार्मिंग योजना और मुफ्त राशन शेजना को 30 सितंबर तक बढ़ाने को भी मंजूरी दे दी है।

स्मार्ट अर्बन फार्मिंग से ग्रीन जॉब के सृजन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं मुफ्त राशन योजना से करीब 72 लाख करीब परिवारों को इसका इसका फायदा मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार 1,950 बसें खरीदेगी और 4,800 अन्य बसों के लिए निविदाएं जारी करेगी, जिससे दिसंबर 2024 तक दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में 11,000 से अधिक बसें हो जाएंगी।

दिल्ली सरकार अब सार्वजनिक परिवहन को अधिक आरामदेह और विश्व स्तरीय बनाएगी। वह परिवहन क्षेत्र के एकीकरण और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाएंगे।

## सीपीडब्ल्यूडी 487 पेड़ों का करेगा प्रतिरोपण

● एसईआईएए ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी दी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली राज्य पर्यावरण प्रभाव समीक्षा प्राधिकरण (एसईआईएए) ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी दे दी है।

एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण के दौरान केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) 487 पेड़ों का प्रतिरोपण करेगा। नया प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय इस एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में होगा।

दिल्ली राज्य विशेषज्ञ अप्रेजल समिति (एसईएसी) ने पर्यावरण मंजूरी प्रदान करने का प्रस्ताव 31 जनवरी को लिया था। समिति ने निर्माण स्थल से बड़ी संख्या में पेड़ों को हटाने की सीपीडब्ल्यूडी की योजना पर चिंता जताई थी। सीपीडब्ल्यूडी ने बाद में प्रस्ताव में संशोधन किया और प्रतिरोपित किए जाने वाले पेड़ों की संख्या 630 से घटाकर 487 कर दी तथा स्थल पर बरकरार रखे जाने वाले पेड़ों की संख्या 154 से बढ़ाकर 320 कर दी। सूत्रों ने बताया कि प्राधिकरण की हाल में हुई एक बैठक में पर्यावरण संबंधी मंजूरी दी गई।

## शहर के 72 लाख गरीबों को मिलता रहेगा राशन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकार ने करीब 73 लाख लोगों को बड़ी राहत देते हुए 30 सितंबर तक मुफ्त राशन मुहैया कराने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार गंवाने वाले और महंगाई से जूझ रहे लोगों के लिए यह बड़ी राहत दी है।

कैबिनेट के इस निर्णय से 72,77,995 राशन कार्ड धारकों को 30 सितंबर तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा। लोगों को आने वाले महीनों में भी बिल्कुल मुफ्त राशन मिलता रहेगा। कोरोना को देखते हुए अभी तक लोगों को मुफ्त राशन दे रही थी। राशन की दुकान से उनको जो राशन मिलता है, वह राशन सरकार काफी कम पैसे में देती है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दिल्ली सरकार वह भी पैसा नहीं ले रही थी। उस स्कीम को 30 सितंबर तक और आगे बढ़ा दिया गया। एनएफएसए के अनुसार, प्रत्येक लाभार्थी को 4 किलो गेहूं और एक किलो चावल दिया जाता है। एएवाई कार्ड धारक को गेहूं और चावल के अतिरिक्त एक किलोग्राम चीनी भी दी जाती है। निर्धारित पात्रता के अनुसार, प्रवासी श्रमिकों, असंगठित श्रमिकों, निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों, घरेलू सहायिका समेत जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, उन जरूरतमंद लोगों को 5 किलो खाद्यान्न मुफ्त दिया गया। जिसमें प्रति व्यक्ति प्रति माह 4 किलो गेहूं और एक किलो चावल शामिल है।

### मुफ्त राशन का दावा झूठा : भाजपा

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस दावे को झूठ करार दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि मोदी सरकार 72 लाख गरीबों को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 4 किलो गेहूं और 1 किलो चावल मुफ्त मुहैया करा रही है। दिल्ली सरकार की तरफ से दुकानों से कोई राशन नहीं दिया जाता।

### मुंडका अग्निकांड की पीड़िता का अंतिम संस्कार

● गीता की शिनाख्त करने में हुई थी देरी

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में स्थित एक इमारत में पिछले महीने लगी भीषण आग में जान गंवाने 27 लोगों में शामिल गीता देवी का बुधवार को उनके रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार कर दिया। अब तक 26 मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था लेकिन गीता देवी की शिनाख्त होने में देरी हुई थी।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समीर शर्मा ने बताया कि गीता देवी का अंतिम संस्कार उत्तर पश्चिम दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में किया गया है। शर्मा ने कहा, घटना के सभी 27 मृतकों की आत्मा को शांति मिले। गीता के रिश्तेदार बिहार से आए थे। पोस्टमार्टम के बाद हमारे कर्मचारी अंतिम संस्कार के लिए उनके साथ गए। पुलिस की ओर से साझा की गई तस्वीर में दिख रहा है कि एक पुलिस कर्मी मृतका के अंतिम संस्कार में मदद कर रहा है। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि गीता देवी का शव अस्पताल में रखा था।

## बॉलीवुड पार्क की योजना खटाई में पड़ने के आसार

● एमसीडी की महत्वकांक्षी योजना में धन की कमी आ रही आड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में एमसीडी द्वारा बॉलीवुड पार्क बनाने की महत्वकांक्षी योजना धन की कमी की वजह से खटाई में पड़ती नजर आ रही है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना में भारतीय सिनेमा के इतिहास और विकास को कूड़े से बनी कलाकृतियों के जरिए प्रदर्शित करने की परिकल्पना की गई थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दक्षिण दिल्ली के जंगपुरा के लोकप्रिय वेस्ट टू वंडर पार्क की तर्ज पर बॉलीवुड पार्क बनाने की योजना बनाई थी। वेस्ट टू वंडर पार्क में विश्व के सात अजूबों की प्रतिकृति कबाड़ से बनाई गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अबतक पार्क के निर्माण और डिजाइन के लिए निविदा जारी हो जानी चाहिए थी, लेकिन धन की कमी की वजह से अबतक कोई प्रगति नहीं हुई है। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि धन की कमी सबसे बड़ी बाधा है जो बॉलीवुड पार्क निर्माण के रास्ते में आड़े आ रही है। परियोजना के लिए धन नहीं मिल रहा है, इसलिए इसकी प्रगति इस समय पूरी तरह से रुकी हुई है। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में परियोजना के लिए निविदा जारी हो जानी चाहिए थी और परियोजना से संबद्ध अन्य तौर तरीके भी पूरे हो जाने चाहिए थे।

गौरतलब है कि बॉलीवुड पार्क को 25 करोड़ रुपये में बनाने की योजना थी जिसमें से चार करोड़ रुपये शि पार्क के रखरखाव और परिचालन पर खर्च होनी है। इस पार्क के निर्माण के प्रस्ताव को तत्कालीन दक्षिण दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति ने जनवरी में हुई बैठक में मंजूरी दी थी। धन की व्यवस्था की जा रही है ताकि परियोजना को चालू रखा जा सके। उन्होंने कहा, परियोजना जमीन पर शुरू होने के बाद पार्क को बनाने में कम से कम छह से आठ महीने का समय लगेगा।

## स्मार्ट अर्बन फार्मिंग से बढ़ेंगी ग्रीन जॉब

● जो लोग अपने छत या बालकनी में फल-सब्जियां उगाना चाहते हैं, उनको सरकार प्रशिक्षण देगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अपनी शहरी कृषि योजना को शुरू करने के लिए विशेषज्ञों की भर्ती करेगी। इस परियोजना के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि जो लोग अपने परिवार की खपत या व्यवसाय करने के मकसद से छत या बालकनी में फल-सब्जियां उगाना चाहते हैं, उनको दिल्ली सरकार प्रशिक्षण देगी।

स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल एक तरह से रोजगार उत्पन्न करने का भी एक साधन होगा। लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की मदद ली जाएगी।

स्मार्ट अर्बन फार्मिंग के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए दिल्ली भर में चार सौ जागरूकता कार्यशाला और 600 उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल से पहले साल में करीब 25000 परिवारों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना को दो भागों में बांटा है। पहला वह जो लोग, जो अपने घर की खपत के लिए अपने घर में सब्जी और फल उगाना चाहते हैं। दूसरा वो जो इसका बिजनेस करना चाहते हैं।

मसलन, जिनके पास थोड़ी ज्यादा जगह है और वे कारोबार के तौर पर कुछ करना चाहते हैं। जो लोग अपने घर की खपत के लिए फल-सब्जियां उगाएंगे। उनको सेहतमंद और आर्गेनिक अच्छी सब्जियां मिलेंगी। साथ ही उनके पैसे की बचत भी होगी, क्योंकि उनको बाजार से सब्जियां खरीदनी नहीं पड़ेगी।

## उदयपुर घटना के बाद उबाल हिंदू संगठन का प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उदयपुर के कन्हैयालाल की नृशंस हत्याकांड की पूरे देश में कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

इसी संबंध में बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धारा 144 लागू होने के बाद भी विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे और हनुमान चालीसा का पाठ कर उदयपुर हिंसा पर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने हत्यारों को फांसी देकर कन्हैयालाल को न्याय देने की मांग की। विहिप ने कहा कि गुरुवार को भी दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि तीस्ता सीतलवाड़ जैसे विवादित व्यक्ति के गिरफ्तार होने पर संयुक्त राष्ट्र के मंच से विरोध दर्ज किया जाता है।

विहिप के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि उदयपुर की घटना किसी एक व्यक्ति की हत्या का मामला नहीं है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने बुधवार को कहा कि जंतर मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को रद्द कर दिया गया है। मिश्रा ने ट्विटर पर दिल्ली पुलिस का एक पत्र पोस्ट किया है जिसमें प्रदर्शन करने की इजाजत देने से मना किया गया है।

मिश्रा ने कहा कि दिल्ली पुलिस से प्राप्त पत्र और बातचीत के आधार पर जंतर मंतर पर आज का कार्यक्रम स्थगित किया जा रहा है।

### नगर निगम विद्यालयों को एआई से जोड़ने की तैयारी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को नई तकनीक से अवगत कराने की दिशा में पहल करते हुए उनके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से कचरा प्रबंधन के बारे में अवगत कराने हेतु कार्यक्रम आरंभ किया है। दिल्ली नगर निगम ने यह कार्यक्रम आईटीसी वाउ एवं सुल्तान चंद प्रकाशन की सहायता से आरंभ किया है। यह कार्यक्रम निगम के केशवपुरम क्षेत्र के 25 स्मार्ट विद्यालयों में आरंभ किया गया है।

## पति पर पत्नी ने चाकू से किया हमला

● मामूली बात पर हुआ था झगड़ा, हालत स्थिर



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के पालम गांव इलाके में घरेलू झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी ने चाकू से कथित तौर पर हमला कर दिया, जिसमें व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को हुई इस घटना में संजय नामक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी के मुताबिक, दोनों ने तीन साल पहले शादी की थी। सोमवार को रात करीब साढ़े 11 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी दौरान महिला ने अपने पति पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें वह मामूली रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद घायल संजय को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## वेतन जारी करने की मांग पर डूटा का कैंडल लाइट मार्च




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वित्त पोषित बारह कॉलेजों में अनियमित और अपर्याप्त ग्रांट और कॉलेज ऑफ आर्ट को दिल्ली विवि से असम्बद्ध किए जाने के मुद्दे पर रोष जताते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री आवास तक कैंडल लाइट मार्च किया।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए डूटा अध्यक्ष डा ए के भागी ने कहा कि वेतन शिक्षक का अधिकार है। वेतन को समय पर जारी नहीं करना दिल्ली सरकार की असंवेदनशीलता को दिखाता है। अनियमित और अपर्याप्त ग्रांट देना अमानवीय और अवैधानिक है। डॉ. एके भागी ने मांग की कि दिल्ली सरकार को तुरंत प्रभाव से ग्रांट जारी करनी चाहिए ताकि 12 पूर्ण वित्त पोषित कॉलेज कर्मचारियों और शिक्षकों का समय पर वेतन, मेडिकल एरियर्स, एल टी सी, चिल्ड्रन एजुकेशन एलाउंस व अन्य सुविधाएं मिल सकें।

यह भी मांग की गई है कि प्रमोशन और आम रख रखाव के लिए भी समय पर ग्रांट उपलब्ध कराई जाए। इस बीच आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से 12 कॉलेजों की ग्रांट तुरंत जारी करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार



हॉट वेदर कप के साथ टेलीफंकन क्लब की टीम।

### टेलीफंकन क्लब ने जीता हॉट वेदर डीडीसीए खिताब

नई दिल्ली। दीपक खत्री के शानदार 64 रन, 2/51 विकेट, अर्श कबीर 57 और योगेश नगर 3/38, अभिषेक खंडेलवाल 2/26 की शानदार पारी से टेलीफंकन क्लब ने एन.के. खन्ना क्लब को 4 विकेट से अरुण जेटली कोटला स्टेडियम में हॉट वेदर डीडीसीए का खिताब जीत लिया। एन.के.खन्ना क्लब ने पहले खेलते हुए सभी विकेट खोकर 193 रन बनाए। 39 में अंकित प्रताप सिंह 51 योगेश नगर 3/38 अभिषेक खंडेलवाल 2/26 दीपक खत्री 2/51 योगदान रहा। टेलीफंकन क्लब यह लक्ष्य छह विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली अध्यक्ष डीडीसीए, राजन मनचंदा संयुक्त सचिव डीडीसीए, सिद्धार्थ वर्मा सचिव डीडीसीए, अशोक शर्मा निदेशक डीडीसी, अनिल पासी सदस्य डीडीसीए, राजीव मल्होत्रा सदस्य डीडीसीए का इनाम वितरित किए।

### उत्तर रेलवे के कार्य प्रगति की समीक्षा



नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों व मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेल पथों का अनुरक्षण, चलस्टॉक, सिग्नल और ओवरहेड बिजली की तारों से जुड़े कार्य शीर्ष वरीयता पर निपटाए जा रहे हैं। गंगल ने बताया कि उत्तर रेलवे ने 16 से 22 जून की अवधि के दौरान 1095 रेलगाड़ियां चलाई हैं। मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने मंडलों को मालभाड़ा संचलन में अधिकतम आउटपुट हासिल करने के लिए और अधिक क्रैक रेलगाड़ियां चलाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों पर चिंता प्रकट की और सिगनलों, रेल दरारों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से निगरानी के निर्देश दिये।

### पुलिसकर्मी ने प्लेटलेट्स देकर बचाई बच्चे की जान



नई दिल्ली। कानून व्यवस्था के साथ-साथ दिल्ली पुलिस मानवीय कार्यों को लेकर भी सजग है। नई दिल्ली जिले के एसीपी ऑफिस में तैनात सिपाही आशीष दहिया ने आधी रात को अस्पताल पहुंचकर ल्यूकेमिया से पीड़ित एक बच्चे को प्लेटलेट्स दिए। आशीष अब तक 111 बार रक्तदान कर चुके हैं।

## यौन उत्पीड़न करने के आरोप में त्रिपुरा के विधायक पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पढ़ाई कर रही पूर्वोत्तर राज्य की एक युवती का कथित यौन उत्पीड़न करने के आरोप में त्रिपुरा के एक विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विधायक इस समय दिल्ली में है और जांच में सहयोग कर रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विधायक ने मंगलवार शाम को उसके साथ छेड़छाड़ की।

पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजकर 35 मिनट पर मिली और शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा-354 (महिला के सम्मान को भंग करने की मंशा से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा-354ए(यौन उत्पीड़न) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

मामले की जांच चल रही है और आरोपी को सीआरपीसी की धारा-41 (ए) के तहत पुलिस के समक्ष पेश होने का नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि अबतक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित त्रिपुरा भवन के ज्वाइंट रेजीडेंट कमीशनर रणजीत दास ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। दास ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता से दो बार मुलाकात की है।

### हर गांव में दो करोड़ रुपये के कराए जा सकेंगे विकास कार्य

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार का गांवों के विकास को लेकर बड़ा फैसला किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक विधानसभा के अंदर जितने गांव हैं, उन सभी के बजट को मिलाकर विकास कार्य किए जा सकेंगे। दिल्ली सरकार ने गांवों का विकास करने के लिए हर गांव में दो करोड़ रुपए के विकास कार्य करने की योजना की शुरुआत की थी। योजना के तहत ऐसी संपत्ति जो कई गांव की है, उनका इस स्कीम के तहत रखरखाव नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब उन गांवों के बजट को मिलाकर खर्च किया जा सकेगा। केजरीवाल सरकार ने कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर इस समस्या को दूर कर दिया है। अगर गांव मिलकर कोई मांग करते हैं तो बजट उनको दे दिया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि गांवों का विकास करने के लिए कुछ वर्ष पहले योजना स्कीम निकाली थी कि हर गांव में दो करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए जाएंगे। वहां के लोग बताएंगे कि यहां पर सड़क बना दो, यहां नल का लगा दो और यहां चौपाल बना दो।

## एयरपोर्ट पर लाइबेरिया की महिला से 13.26 करोड़ की कोकीन जब्त

● 272 बटनों में मादक पदार्थ डालकर भारत लाया जा रहा था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लाइबेरिया की एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 13.26 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की गई है।

सीमा शुल्क विभाग ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। लाइबेरिया की इस महिला पर भारत में मादक पदार्थों की तस्करी करने में शामिल होने का आरोप है। इस महिला को रविवार को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से आने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर रोका गया।

महिला की तलाशी के दौरान सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक बैग देखा जिसमें 11 कुर्ते थे, जिन पर बड़े-बड़े बटन लगे हुए थे। कुर्तों में कुल 272 बटन लगे हुए थे। सभी बटनों को कुर्तों से अलग कर काटा गया और उनमें से कुल 947 ग्राम कोकीन बरामद की गई। आरोपी महिला के पास लाइबेरिया का पासपोर्ट था।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 जून 2022



# सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने वाले किशोर हो रहे मानसिक बीमार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### सोशल मीडिया से किशोरो के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

### किशोरों में देखे जा रहे सामाजिक व व्यवहारिक परिवर्तन

**वर्तमान** समय में किशोर सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं, जो कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कोविड और इसके दुष्प्रभावों के कारण हमारा जीवन मुख्य रूप से ऑनलाइन हो गया है। चाहे वह काम हो, स्कूल हो या फिर दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो। जैसे-जैसे किशोर अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते जा रहे हैं। किशोरों को एक आभासी, नकली दुनिया द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। ऐसे में इन किशोरों को मानसिक परेशानी हो रही है।

इसके अलावा गतिहीन जीवन शैली ने विभिन्न बुरी आदतों को जन्म दिया है। चाहे वह गेमिंग, सोशल मीडिया, पोर्नोग्राफी या जुए की लत हो। इस मानसिक बीमारी पर राष्ट्रीय गठबंधन बताता है कि 13 से 18 वर्ष की आयु के पांच किशोरों में से एक किशोर को मानसिक बीमारी होने की अधिक सम्भावना है। देश में 11 फीसदी आबादी को अवसाद, या बाइपोलर डिसऑर्डर जैसे मनोदशा विकार से पीड़ित होने की अधिक सम्भावना है। आठ फीसदी को जीएडी, आतंक विकार, ओसीडी, या




सामाजिक चिंता विकार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

आर्टेमिस अस्पताल गुरुग्राम की मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान सलाहकार डॉ. रचना खन्ना सिंह के मुताबिक आज के बच्चे दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ाने और नए दोस्त बनाने के बजाय सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के बारे में अधिक चिंतित रहते हैं। यह किशोरों का ध्यान भंग करके उनकी नींद में खलल डालकर उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें अफवाह फैलाने, अन्य लोगों के जीवन के बारे में अवास्तविक विचारों और अत्यधिक सहकर्मी दबाव के लिए उजागर कर सकता है।

किशोरों के व्यवहार में बदलाव जैसे दोस्तों और परिवार के साथ पर्याप्त समय न बिताना, अलग और नीचा महसूस करना, फोन के साथ अपने कमरे में ही अधिक समय बिताना, शैक्षणिक परिणामों में भारी बदलाव आना और मनोदशा व व्यवहार में बदलाव दिखाई दे सकते हैं। इस पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।

### हिंसक भी हो रहे हैं किशोर

**आज** के बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और मनोवैज्ञानिक समस्याएं देखी जा सकती हैं। अवसाद, चिंता, अकेलापन, एडीएचडी, खाने के विकार, व्यवहार संबंधी मुद्दे, माता-पिता-बच्चे के संबंध के मुद्दे, पहचान संकट, साथियों का दबाव, रिश्ते के मुद्दे चाहे वह माता-पिता हों या दोस्तों के बीच, यौन चिंताएं और यहां तक कि किशोर हिंसक भी हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश का श्रेय आज के बच्चों/किशोरों के दैनिक जीवन में सोशल मीडिया के बढ़ते दखल को दिया जा सकता है। इसके अलावा यह एक पहचान संकट को भी जन्म दे सकता है, क्योंकि आज आभासी संबंधों और वास्तविक संबंधों के बीच एक बड़ा संघर्ष चालू हो गया है। रचना खन्ना सिंह ने कहा कि माता-पिता के लिए, छोटे बच्चों को सोशल मीडिया के जोखिमों के बारे में शिक्षित करना सबसे महत्वपूर्ण है। स्वस्थ संतुलन बनाए रखने के लिए उनके डिवाइस समय को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और कुछ साइट्स और वेब पेजेस को उम्र के अनुसार देखने के लिए साइट ब्लॉकर्स के माध्यम से फिल्टर किया जाना चाहिए।

### बच्चों के साथ संवाद करें माता-पिता

**माता-पिता** अपने बच्चे को नियमित बातचीत में शामिल करने, समाचार या सांसारिक मामलों के बारे में, रिश्तेदारों और पारिवारिक जीवन के बारे में जानकारी सांझा करने, व्यक्तिगत कहानियों आदि जैसे प्रभावी तरीकों के माध्यम से कोमल संचार का अभ्यास किया जाना चाहिए। इसके अलावा गतिविधि या आंदोलन को प्रतिबंधित करने से आपको तब तक कोई फायदा नहीं होगा, जब तक कि यह छोटे बच्चों के लिए न हो।

# श्रीकुल सेवा ट्रस्ट ने लोगों को समझाएं पर्यावरण असंतुलन के नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्रीकुल** सेवा ट्रस्ट की ओर से पर्यावरण असंतुलन के कारण होने वाले नुकसान से लोगों से अवगत कराया। ट्रस्ट का यह कार्यक्रम सेक्टर-76, फरीदाबाद में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रस्ट की संस्थापक मनजीत कौर थीं। मनजीत कौर ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण हमारा मौसमी चक्र बिगड़ रहा है। सर्दी, गर्मी और मानसून के दिनों में फेरबदल हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार व राज्य सरकारें पांचवीं कक्षा से ही पर्यावरण विषय अनिवार्य कर दें तो इसके प्रति बड़े स्तर पर जागरूकता फैलेगी। श्रीमती कौर ने कहा कि पर्यावरण को सहेजने के लिए इस मानसून में सभी लोग एक एक पौधा जरूर लगाएं।

# कल से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन यूज किया तो 25 हजार तक जुर्माना

### गुरुग्राम प्रशासन ने कर ली है पूरी तैयारी

### जनभागीदारी से ही मिलेगी प्लास्टिक के प्रयोग से मिलेगी निजात

### जिला में प्लास्टिक वेस्ट रूल्स की सख्ती से की जाएगी पालना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण व बिक्री पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। प्रशासन की ओर से आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत प्रभावी एक्शन प्लान के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) से संबंधित वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी



उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

की है।

आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक की डंडियों वाले इयर बड, गुब्बारा स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, लॉलीपॉप की डंडी, आइसक्रीम की डंडी, थर्मोकोल के सजावटी सामान, प्लेट, कप, ग्लास, डोने, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, मिठाई के डिब्बों पर लगने वाली पन्नी, प्लास्टिक के निमंत्रण पत्र, सौ माइक्रोन से नीचे के सभी बैनर प्रतिबंधित होंगे। कोई व्यक्ति, पॉलिथीन का थोक विक्रेता, दुकानों पर, होटलों पर, रेहड़ियों व फड़ी पर, सब्जी मंडी आदि में सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान प्रयोग करना वर्जित होगा। पॉलिथीन रोकथाम



अभियान के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए पकड़ा या स्टॉक करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक से संबंधित सामान जैसे प्लास्टिक बैग, डिस्पोजेबल सामान आदि जब्त कर लिया जाएगा।

### 500 रुपये से 25 हजार तक लगेगा जुर्माना

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पॉलिथीन रोकथाम अभियान के दौरान 100 ग्राम या इससे कम वजन पर 500 रुपये, 101 से 500 ग्राम वजन तक 1500 रुपये, 501 से 1 किलोग्राम वजन तक 3 हजार रुपये, 1 किलोग्राम से 5 किलोग्राम वजन तक 10 हजार रुपये, 5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम वजन तक 20 हजार रुपये तथा 10 किलोग्राम या इससे अधिक वजन पकड़े जाने पर 25 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की जाएगी।

### जिलावासी सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें ना : उपायुक्त निशांत कुमार

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज वाले प्लास्टिक पर बैन लगा रही है। उन्होंने जिला के आम नागरिकों, सभी दुकानदारों, व्यापारियों, होटल ढाबा संचालकों आदि से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक मानव व जीव जगत के लिए हानिकारक है।

## पहलवान मास्टर चंदगीराम को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

**गुरुग्राम।** मास्टर चंदगीराम भी देश के प्रसिद्ध पहलवान रहे हैं। 1960 एवं 1970 के दशकों में उनकी पहलवानी की चर्चा देश ही नहीं, बल्कि जोरों पर थी। उन्हें हिन्द केसरी, भारत केसरी जैसी उपाधियों से सम्मानित किया गया था। भारत सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित करने के बाद पद्मश्री से भी सम्मानित किया था।

बुधवार को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। चंदगीराम पहलवान का जन्म प्रदेश के जिला हिसार के सिसाय गांव में 9 नवम्बर 1937 को हुआ था। वह भारतीय सेना की जाट रेजीमेंट में शामिल रहे थे और बाद में स्कूल शिक्षक होने के कारण उनको मास्टर चंदगीराम भी कहा जाने लगा था। वक्ताओं का कहना है कि 20 साल की आयु के बाद कुश्ती में हाथ आजमाने वाले मास्टर जी ने 1961 में राष्ट्रीय चैम्पियन बनने के बाद से देश का ऐसा कोई कुश्ती का खिताब नहीं रहा जो उन्होंने नहीं जीता हो। उन्हें भारत केसरी और रूस्तम-ए-हिंद आदि के खिताब से भी नवाजा गया था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे मास्टर चंदगीराम के दिखाए रास्ते पर चलकर रेसलिंग को जीवित रखें और देश में उनका नाम रोशन करें।

# पर्यावरण सुधारने में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन सरकार का अहम निर्णय : नवीन गोयल

### सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के निर्णय पर व्यापारियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक करते जीएमडीए के एडिशनल सीईओ सुभाष यादव व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**बिगड़ते** जा रहे पर्यावरण में सुधार को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार सभी ऐहतियात बरत रही है। इसी कड़ी में आगामी एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यापारियों में किसी तरह की कोई शंका ना हो, इसे लेकर बुधवार को यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव ने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के साथ गुरुग्राम के व्यापारियों (गुड़गांव डिस्पोजेबल यूनियन) के साथ बैठक करके उन्हें जागरुक किया।

बैठक में जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव ने सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर जारी की गई गाइडलाइंस व्यापारियों को बताई। उन्हें जागरुक करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक हर किसी को प्रभावित करता है। चाहे कोई को बेचे या खरीदे। सभी इसके दुष्प्रभावों की चपेट में आते हैं। ऐसे में हम सभी को अब सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, बिक्री पर प्रतिबंध लगाना ही चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने इस बैठक में व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक की नियमों को मानते हुए बिक्री बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह अहम कदम है। हम सभी को इसका स्वागत करना चाहिए और इस फैसले को लागू करने में सरकार का सहयोग करना चाहिए। बहुत ये ऐसे आइटम हैं, जो सीधे हमारी सेहत पर दुष्प्रभाव डालते हैं। उन्होंने जनता से भी सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल ना करने की अपील की। साथ ही व्यापारियों को भी आश्वस्त किया कि उन्हें किसी तरह से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। वे सरकार का हर नियम फॉलो करें। सरकार व्यापारियों के हित में हित में काम कर रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक के कई और विकल्प हो सकते हैं। बैठक में गुड़गांव डिस्पोजेबल यूनियन समेत सभी व्यापारियों ने अधिकारियों के माध्यम से सरकार को विश्वास दिलाया कि वे सरकार की सभी गाइडलाइंस को मानते हुए काम करेंगे।

व्यापारी धीरज, ओमप्रकाश सक्सेना, पदम, सुमित गर्ग, सचिन गुप्ता, गगन गोयल, अरुण सिंगला, सचिन आहुजा, धर्मेंद्र कुमार, रमेश पाहवा, धन्ना लाल, ललित कथूरिया, कुलदीप हिंदुस्तानी आदि बड़ी संख्या में व्यापारी, दुकानदार मौजूद रहे।


# पिंगपॉन्ग पेमेंट्स की ओर से दिल्ली में किया जाएगा डिमिस्टीफाइंग क्रॉस बॉर्डर बिजनेस इवेंट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पिंगपॉन्ग** पेमेंट्स की ओर से दुनियाभर के दिग्गज कारोबारियों व प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए जल्द ही दिल्ली में डिमिस्टीफाइंग क्रॉस बॉर्डर बिजनेस इवेंट का आयोजन किया जानेवाला है। हाल ही में ऐसा ही एक बेहद सफल आयोजन बंगलूरू में किया किया गया था। अब दिल्ली में जुलाई महीने में इसी तरह का एक भव्य आयोजन करने की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं जिसमें दुनियाभर की नामचीन कंपनियां हिस्सा लेंगी। भव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेचे जानेवाली वस्तुओं के विभिन्न आयामों को भी रेखांकित किया जाएगा।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स अंतरराष्ट्रीय कंपनियों, ई-कॉमर्स कारोबारियों और तमाम तरह के निर्यातकों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन के तौर पर कार्य करता है। इसके माध्यम से वैश्विक कारोबार व भुगतान का मार्ग काफी सुगम व सरल हो जाता है और कंपनी के जरिए विभिन्न तरह की सेवाओं को बिना किसी परेशानी के हासिल किया जा सकता है। कंपनी ? की ओर से ग्राहकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाता है। इसी के अंतर्गत ऐसे में कंपनी भुगतान की प्रक्रिया को त्वरित ढंग से निपटाने की व्यवस्था करती है।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स के कंट्री (इंडिया) हेड मुकेश कुमार साहू कहते हैं, पिंगपॉन्ग पेमेंट्स दुनिया भर



के कारोबारियों के लिए एक वर्चुअल सेवा प्रदाता कंपनी है। हम अपनी कंपनी के माध्यम से दुनियाभर के कारोबारियों को वर्चुअल रिसिंव अकाउंट्स मुहैया कराते हैं। इससे विदेशों में निर्यात करनेवाले व अन्य तरह कारोबारियों को खासी मदद मिलती है। यूं तो भुगतान संबंधी और भी कंपनियां बाजार में मौजूद हैं, मगर हम खासतौर से उन ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं, जो मुख्य रूप से निर्यात और अन्य तरह के विदेशी व्यापार में संलग्न हैं।

उल्लेखनीय है कि सीईओ इनसाइट्स मैगजीन द्वारा भारत में कराए गये सर्वे के बाद जारी की गयी टॉप 10 कंट्री मैनेजर्स की सूची में मुकेश कुमार साहू का नाम दूसरे नंबर में शामिल है, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वे जानकारी देते हुए बताते हैं कि उनकी कंपनी से दुनियाभर के 30 लाख से अधिक कारोबारी बतौर ग्राहक जुड़े हुए हैं। वे बताते हैं कि बाजार में मौजूद अन्य भुगतान संबंधी कंपनियों की तुलना में उनकी कंपनी का कमीशन रेट भी सबसे कम है।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स की मार्केटिंग हेड (इंडिया) चेतना शर्मा ने मौके ने बताया कि कैसे पिंगपॉन्ग पेमेंट्स दुनिया भर में कारोबार को और आसान बनाने में मददगार साबित हो रहा है और इससे भुगतान की प्रक्रिया को और भी सरल बना दिया गया है। वे कहती हैं ? कि यह कंपनी वैश्विक ई-कॉमर्स कारोबारियों, फ्रीलांसरों और निर्यातकों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन के तौर पर उभरकर सामने आई है जिससे उन्हें अपने कारोबार को और बढ़ाने में खासी मदद हासिल हो रही है। वे कहती हैं कि कोरोबारी समुदाय की सहायता के मद्देनजर कंपनी की ओर से विभिन्न शहरों में नेतृत्व से लेकर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिंगपॉन्ग पेमेंट्स का शुमार दुनिया की टॉप 250 फिनटेक कंपनियों में किया जाता है। इतना ही नहीं, इसका शुमार सर्वश्रेष्ठ पेमेंट्स प्रोसेसिंग सेगमेंट में टॉप 28 संस्थानों में भी है। गौरतलब है कि ग्लोबल बैंकिंग ऐंड फाइनांस रिव्यू ने इसे बेस्ट पेमेंट सोल्यूशन प्रोवाइडर इन द यूएसए फॉर 2021 के खिताब से भी नवाजा है।

# भाजपा का विचार जनता तक पहुंचाएंगे तो हर चुनाव जीतेंगे : धनखड़

### गुरुग्राम में कार्यकर्ताओं की बैठक में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**निकाय** चुनावों में पार्टी को मिली जीत के सप्ताह भर बाद ही हरियाणा भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी संबंध में बुधवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। खुद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और संगठन मंत्री रविंद्र राजू ने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र दिए।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में जीत के लिए पार्टी के विचारों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच में रखना जरूरी है। उन्होंने निकाय चुनाव में जीत का हवाला देते हुए कहा कि जहां-जहां हमने पार्टी के विचारों को जनता के बीच में प्रभावी तरीके से रखा, वहां-वहां पार्टी को सफलता मिली है। धनखड़ ने कहा कि आगामी चुनावों में भी हमें व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर अपनी पार्टी की विचारधारा जिसमें राष्ट्र प्रथम है, को जन-जन के बीच लेकर पहुंचना है प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए उसकी पूर्व योजना महत्वपूर्ण होती है, इसलिए हमें आगामी चुनावों के लिए भी अभी से जुट जाना है। धनखड़ ने चुनावों में जीत के लिए पार्टी के विचार के अलावा, संगठनात्मक संरचना, टीम भावना, टीम में तालमेल, बेहतर प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं का पूरी मेहनत और लगन से कार्य करने की भावना को महत्वपूर्ण बताया। धनखड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सबसे पहले देश के बारे में सोचता है। देश के बाद पार्टी और फिर अपने बारे में सोचता है। राष्ट्र प्रथम की इसी भावना के चलते भाजपा केंद्र और अनेक राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब हो रही है। श्री धनखड़ ने निकाय चुनाव में किए गए कार्य के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना भी की इसके बाद संगठन मंत्री रविंद्र राजू ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संगठनात्मक चर्चा की। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा भी बैठक में पहुंचे। यहां उन्होंने भी संगठन के लिए बेहतर तरीके से कार्य करने के कुछ उदाहरण भी रखे।

बैठक में पूर्व सांसद सुधा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, कमल यादव, महेश चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, आईटी प्रमुख अरुण यादव, पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, मुकेश पहलवान, विजय यादव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्रेडिट कार्ड का समझदारी से करें इस्तेमाल और बिना अड़चन करें हर प्रकार के भुगतान!

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**आजकल,** क्रेडिट कार्ड्स भुगतान करने का एक लोकप्रिय माध्यम बन गए हैं जिनका उपयोग, छोटी या बड़ी, हर प्रकार की खरीदारी के लिए किया जा रहा है। क्रेडिट कार्ड दिखने में एक डेबिट कार्ड जैसा ही होता है। इस पर भी कार्डधारक का नाम, कार्ड और सीवीवी नंबर, तथा कार्ड की एक्सपायरी तिथि होता है। कार्डधारक को चार अंकों का एक सीक्रेट पिन भी प्रदान किया जाता है जिसे दुकानों पर खरीदारी के लिए भुगतान करते समय पॉइंट ऑफ सेल्स (पॉस) मशीन में डालना होता है। क्रेडिट कार्ड्स की सबसे बड़ी खूबी है भुगतान के लिए मिलने वाली 45-50 दिन तक की ब्याज-मुक्त अवधि, जो क्रेडिट कार्ड कंपनी और खरीदारी की तिथि पर निर्भर करती है।

**स्पेशल डिस्काउंट और रिवॉर्ड पॉइंट के फायदे :** कई क्रेडिट कार्ड कंपनियां राष्ट्रीय और स्थानीय ब्रांड्स (online & offline) के साथ साझेदारी कर कुछ विशेष उत्पादों की खरीदारी पर स्पेशल डिस्काउंट देती हैं। उदाहरण के लिए, एसबीआई कार्ड विभिन्न ई-कॉमर्स विक्रेताओं, जैसे अमेज़न और फ्लिपकार्ट, के साथ ऐसे डिस्काउंट ऑफर्स के लिए साझेदारी करता रहता है। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी का भुगतान करके रिवॉर्ड प्वॉइंट भी अर्जित किये जा सकते हैं और इन्हें मुफ्त ट्रैवल टिकट, मूवी या शॉपिंग वाउचर, आदि प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

आपके पास क्रेडिट कार्ड कौन सा है, इस आधार पर आपको टिकट खरीदने पर रिवॉर्ड पॉइंट, होटल में ठहरने और खान-पान पर डिस्काउंट आदि की सुविधा मिल सकती है। उदाहरण के लिए, आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड प्रीमियर का उपयोग करने पर आप कार्ड के सदस्यता वर्ष के दौरान हर तीन महीने में दो बार मुफ्त रेलवे लाउंज का लाभ उठा सकते हैं। क्रेडिट कार्ड कंपनियां ट्रैवल वेबसाइट, जैसे Yatra.com ¥õÚU MakeMyTrip, के साथ साझेदारी कर डिस्काउंट और अन्य ऑफर भी उपलब्ध कराती हैं।

**समय पर बिल का भुगतान करें :** क्रेडिट कार्ड बिल में दी गयी देय तिथि तक या उससे पहले बकाया राशि का भुगतान करना बहुत आवश्यक है। देय बिल का भुगतान समय से किया जाये तो ब्याज और पेनल्टी शुल्क से बचा जा सकता है। समय पर भुगतान करने से क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट प्रोफाइल अच्छा बना रहता है जिसका इस्तेमाल बैंक ऋण स्वीकृति प्रक्रिया के दौरान करते हैं। इसके अतिरिक्त क्रेडिट कार्ड कंपनी कार्डधारक की क्रेडिट लिमिट भी बढ़ा सकती है।

**क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी से बचें :** कार्ड की सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है की कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी, पिन और एक्सपायरी तिथि जैसी संवेदनशील जानकारी हमेशा गुप्त रखें और इन्हें किसी के साथ साझा ना करें। कोई भी बैंक या क्रेडिट कार्ड कंपनी अपने ग्राहकों से यह जानकारी नहीं मांगती है।

# तीन गांवों की 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण को रद्द करे सरकार





**गुरुग्राम।** जिले के गांव कासन, सहरावन, कुकडौला गांव की 1810 एकड़ जमीन के सैक्शन 4 और सैक्शन 6 के द्वारा भूमि अधिग्रहण को रद्द करने के लिए ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। मीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष कमेटी को पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने धरना स्थल पर जाकर समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सडक से लेकर संसद तक किसानों के साथ खड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून बनाया हुआ है जिसके तहत जब तक 70 प्रतिशत किसान जमीन देने के लिए सहमत न हो जाएं तब तक सरकार किसानों की जमीन को नहीं ले सकती फिर भी मौजूदा सरकार किसानों की जमीन सस्ते दामों पर हड़पना चाहती है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि किसान अधिग्रहण का विरोध इसलिए कर रहे हैं कि सरकार ने पहले भी पड़ोस के गांव की जमीन का अधिग्रहण कर लिया और उनका मुआवजा 10 साल पहले तय होने की दर पर ही दे रहे हैं, जो किसानों ने लेने से मना कर दिया है जमीन पर किसानों का कब्जा है और वे कब्जा नहीं देंगे। इनकी मांग है कि यहां पर जमीन के भाव ज्यादा हैं और उसी के हिसाब से दी जाए। उन्होंने कहा कि मानेसर में लोगों को कोई सुविधा नही मिल रही है। आज तक यहां पर पीने का पानी नहीं पहुंच पाया है।

# एचटीबीटी कपास बीजां की गैरअनुमोदित किस्में देश में कपास उत्पादन पर बुरा असर डाल रही हैं, लंबे समय में किसानों को होगा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली /मुंबई

### एचटीबीटी कपास को वैध बनाने से कपास की फसलों का बेहतर प्रबंधन करने में मिलेगी मदद

**फेडरेशन** ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने देश में हर्बिसाइड-टॉलरेंट बीटी (एचटीबीटी) कपास बीजों की गैरअनुमोदित किस्मों के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर अंशधारकों को जानकारी देते हुए बताया है कि इससे स्वास्थ्य व किसानों की आय को खतरा हो रहा है। एफएसआईआई भारत सरकार से नई एचटीबीटी किस्मों को अनुमोदित करने का निवेदन करता है, ताकि किसानों को उचित नियामक प्रणाली द्वारा मिलने वाली अपग्रेडेड किस्में उपलब्ध हो सकें।

**डॉ. शिवेंद्र बजाज**, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन (एएआई) ने कहा, एचटीबीटी के कानूनी विनियमन से किसानों को कपास की फसल के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी और उन्हें कानूनी रूप से अनुमोदित उच्च गुणवत्ता के एचटीबीटी बीज उपलब्ध हो सकेंगे। इससे वो कम श्रम और कीट प्रबंधन की कम लागत में खरपतवार का बेहतर नियंत्रण कर सकेंगे तथा उनके समय की बचत होगी। इससे फसल का नुकसान कम होगा और अच्छी पैदावार सुनिश्चित होगी। डॉ. बजाज ने आगे कहा कि कपास के किसानों को दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए टेक्नॉलॉजी की मदद की जरूरत है। हमारा मानना है कि सरकार इस मामले का संज्ञान लेगी और जीएम नियामक प्रक्रिया को पूर्वानुमानयोग्य एवं विज्ञान पर आधारित बनाकर किसानों को भारत को दुनिया का बड़ा कपास उत्पादक देश बनाने में मदद करेगी। फसल की किस्मों में प्रोप्रायटरी कंपनियों द्वारा लगातार सुधार किया जा रहा है, ताकि फसल की पैदावार में होने वाले नुकसान को रोका जा सके, जो उस किस्म के पहली बार उपयोग के कुछ सालों बाद शुरू हो जाता है। इसका उद्देश्य बीज को कीटों से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को सहने में समर्थ बनाना और पैदावार बढ़ाना है।

**श्रीराम कौंडिन्य,** डायरेक्टर जनरल, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया ने कहा, भारत में कपास की खेती में अपार क्षमता और सुधार की संभावना है, जो नई टेक्नॉलॉजी, जैसे एचटीबीटी कपास अपनाकर और नई विधियों, जैसे हाई डेंसिटी प्लेटिंग सिस्टम (एचडीपीएस) द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत में कपास उत्पादन के कुल 95 प्रतिशत हिस्से में बीटी कपास की खेती होती है। इतनी विशाल पैदावार के बाद भी भारत औसत वैश्विक उत्पादकता के मामले में चीन, ब्राजील और अमेरिका के मुकाबले काफी पीछे है। पैदावार और उत्पादन में हाल ही में आई कमी नई टेक्नॉलॉजी, प्रभावशाली एग्रोनोमिक विधियों को अपनाए जाने में कमी, नए कीटों, जैसे पिंक बॉलवॉर्म एवं खरपतवार के खराब प्रबंधन के चलते है। दूसरी तरफ, टैक्सटाईल उद्योग की ओर से मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। उन्हें साल 2026 तक 45 मिलियन बेल्स कपास की जरूरत है।

# बीके : सुरक्षा कर्मी और कैमरों से भी नहीं रुक रही चोरियां

## अस्पताल से बैट्री चोरी की हुई सातवीं वारदात

## पीएमओ ने चोरी की सूचना पुलिस को दी

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए जगह-जगह कैमरे लगे हुए है, लेकिन इन सबके बावजूद अस्पताल में चोरियां हो रही है। अस्पताल में लगे जनरेटर से चोरों ने बीती रात दो बैट्रियां चोरी कर ली और फरार हो गए।

सूत्रों की मानें तो अब तक अस्पताल से करीब सात बैट्रियां चोरी हो चुकी है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल के बाहर से ही बेट्रियां चोरी हो रही है, अस्पताल के भीतर लगी लिफ्ट से भी बेट्री चोरी होने का मामला सामने आया था। लेकिन उस दौरान अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कर्मचारियों से कीमत वसूली गई थी।



जनरेटर और वह दीवार जहां से हुई चोरी।

### बढ़ाने के दिए निर्देश

छोटी होने के कारण चोर दीवार फांदकर अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह बैट्री चोरी होने पर पीएमओ डॉ. सविता यादव व अस्पताल के कई वरिष्ठ चिकित्सक मौके पर पहुंचे। जहां पीएमओ ने चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस को सूचना दी और अस्पताल में छोटी दीवार को ऊंचा करने के निर्देश दे दिए। ताकि इस तरह की कोई घटना घटित न हो।

### दीवार छोटी होने के कारण चोरी

**सुबह** चार बजे के आसपास बीके अस्पताल में लगे जनरेटर से बैट्रियां चोरी हो गई। वहां निकट लगे सीसीटीवी में दो चोर साफ दिखाई दे रहे हैं कि वह किस तरह से वह दीवार और उस पर लगी ग्रील को फांदक अंदर आते हैं और बैट्री चोरी करके वहीं से निकल कर वापस लौट जाते हैं। वारदात को अंजाम दशहरा ग्राउंड की तरफ से आए चोरों ने दिया। जहां से चोरी की वारदात हुई, उस स्थान पर दीवार मात्र चार फुट की है और उसके ऊपर करीब चार फुट का ही की ग्रिलनुमा जाली लगी हुई है। जिसके कारण चोर पहले दीवार पर चढ़ा और उसके बाद ग्रिल से ऊपर आकर जनरेटर वाले स्थान पर कुद कर आ गया।

### कैमरा नहीं लगा

**जिस** स्थान पर जनरेटर लगे हैं, वहां न तो कैमरा लगा है और न ही लाइट लगी है। ऐसे में चोर आसानी से अस्पताल परिसर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। कैमरा जनरेटर रूम के सामने लगा होने से चोरी की वारदात उसमें कैद हो गई। जिससे पुलिस को चोरों को पकड़ने में मदद मिलेगी।

## वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम आदेश कुमार है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी ने एक बाइक चोरी की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चोरी की बाइक सहित काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फरीदाबाद की एसी नगर में उसकी ससुराल है। अभी वह फरीदाबाद आया था। उसके पास अपनी बाइक नहीं थी और उसे बाइक चलाने का शौक था तो उसने लालच में आकर उसने एसी नगर से बाइक चोरी कर ली।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मयोगी से बदसलूकी करने वाले शराब ठेकेदार ने मांगी माफी


सारन थाने में परिसर में मौजूद समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** कर्मयोगी महावीर पांडे से शराब ठेकेदार द्वारा की गई मारपीट व बदसलूकी के खिलाफ बुधवार को एनआईटी क्षेत्र के व्यापार मंडल के प्रधानों व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सारन थाने में पंचायत की। मौके पर थाना सारन प्रभारी राजेश बागड़ी भी मौजूद रहे। पंचायत में मुख्य रूप से जवाहर कालोनी मार्किट के प्रधान नीरज भाटिया, पर्वतीय कालोनी मार्केट के प्रधान रामेहर, नवप्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, अनशनकारी बाबा राम केवल, हिन्दूवादी नेता बिट्टू बजरंगी, हिन्दुवादी नेता भुवनेश्वर शर्मा, ठाकुर समाज के युवा नेता दीपक राठौर, गढ़वाल समाज के नेता सुरेन्द्र रावत, पूर्वाचल परिषद के विनोद कुमार, यशवंत मौर्य, महेश सैनी, हंसराज बंसल, रवि चौहान, रामनाथ यादव, सर्वेश गुप्ता, नरेन्द्र सुन्दर सेठी, विनोद कुमार, अवधेश ओझा, आकाश कुमार, पुरूष आयोग से अध्यक्ष नरेश मेंहदीरत्ता, माधवी सक्सेना, लोधी समाज के संस्थापक अध्यक्ष लाखन सिंह लोधी, रमेश जोशी, रमेश धीमान, अशोक पौद्दार मौजूद रहे। शराब ठेकेदार बिट्टू ने सामाजिक तौर पर गलती मानते हुए माफी मांगी। जिस पर पंचायत व पीड़ित महावीर पाण्ड़े ने दारियादिली दिखाते हुए उसे माफ कर दिया और आगे दोबारा ऐसी गलती न दोहराने की बात की।

### वरिष्ठ नागरिकों ने बड़े शौक से खेला तंबोला

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में स्थापित सीनियर सिटीजन क्लब में सीनियर सिटीजन सोसाइटी से जुड़े हुए सदस्यों ने तंबोला गेम का आयोजन किया एवं खेल कर आनंद महसूस किया। कार्यक्रम में आए हुए वरिष्ठ नागरिकों ने आपस में पैसा जमा करके तंबोला गेम खेला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर सिटीजन सोसाइटी ( सेक्टर 21) के प्रेसिडेंट एनएन माथुर (सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर) ने बताया कि तंबोला कार्यक्रम में सोसाइटी से जुड़े हुए लोगों को घर परिवार के तनाव से मुक्त करने एवं मन हल्का करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आपस में विचारों का आदान प्रदान करना , सकारात्मकता बढ़ाना एवं हल्का-फुल्का मनोरंजन करना था। सदस्यों की रुचि बढ़ने पर तंबोला गेम कार्यक्रम साप्ताहिक आयोजित किए जा रहे हैं । सुभाष जगोटा- ज्वाइंट सेक्रेट्री ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया। इस मौके पर मॉर्निंग वॉकर क्लब के संयोजक -इंद्रपाल माटा, अनिल बजाज, परवीना मेंहदीरत्ता, सुनीता अबरोल, माधुरी, इंदु जौली, मृदुला गुप्ता, मालती अग्रवाल, वी.बी.भाटिया, सुनीता जैन, क्षमता स्वरूप ,वीबी भाटिया, बच्चू सिंह, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


सेक्टर 21ए में सीनियर सिटीजन क्लब में तंबोला खेलते सीनियर सीटीजन।

### पढ़ाई से वंचित बच्चों को साक्षर बनाएगी मानव सेवा समिति

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति की महिला टीम पढ़ाई से वंचित बच्चों को ढूंढ कर उनको पढ़ाकर साक्षर बनाएगी उसके बाद उनका सरकारी स्कूल में दाखिला कराकर उनको हर संभव सुविधा प्रदान करेगी। यह निर्णय बुधवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में महिला टीम की राज राठी, कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ, संघमित्रा कौशिक, सुष्मिता भौमिक, सरिता गुप्ता, सुधा गर्ग, शीतल लूथरा, रेनू चतरथ, नीतू मंगल, मीरा माथुर, माया कौशिक ने भाग लिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में जरूरतमंद परिवारों की 10वीं पास लड़कियों का सेक्टर 8 स्थित महिला पॉलिटेक्निक में अधिक से अधिक दाखिला कराने, 10 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित करके समिति द्वारा सिही में संचालित सिलाई कढ़ाई केंद्र के पहले बैच की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र देने व नए बैच की महिलाओं का प्रशिक्षण शुरू करने, 15 अगस्त को आयोजित प्रतिभा सम्मान व परिवार मिलन समारोह में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने व तीज के पावन पर्व पर तीज महोत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया।


सेक्टर 10 स्थित मानव भवन में आयोजित बैठक में भाग लेती मनाव सेवा समिति की महिला टीम।


### आज सम्पन्न होगा मासिक जागरुकता अभियान

**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में हार्ट सेंटर में एक से 30 जून तक चल रहे मासिक मुख स्वास्थ्य जागरुकता अभियान के तहत डॉ. श्वेता, डॉ. सुनीता ने वहां पर मौजूद मरीजों व उनके परिजनों को दंत स्वास्थ्य और ह्वदय रोगों के बीच की कड़ी के बारे में जागरूक किया। बताया गया कि प्लाक एक जीवाणु लेय है जो नियमित रूप से दांतों पर जम जाता है और खाने या पीने के बाद प्लाक में बैक्ट्रीरया एसिड बन सकते है, जो आगे चलकर दांतों के इनेसल को नष्ट करके कैबिटी और मसूडे की सूजन का कारण बन सकते हैं। खराब दंत स्वास्थ्य रक्त में जीवाणु संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकता है, जो धमनियों को प्रभावित कर सकता है और जटिलताओं को जन्म दे सकता है। मौखिक बैक्टीरिया रक्त प्रवाह पर आक्रमण करने में सक्षम होते है और ह्वदय सहित शरीर के विभिन्न अंगों में फैल जाते है जहां वे ह्वदय धमनियों की दीवारों पर जमा हो सकते है। अवलोकन संबंधी आंकड़ों के अनुसार इस नाम का प्रमाण है कि पीरियोडोंटल रोग का उपचार ह्वदय धमनियों की दीवारों पर जमा हो सकते है। अवलोकन संबंधी आंकड़ों के अनुसार इस नाम का प्रमाण है, कि पीरियोडोंटल रोग का उपचार ह्वदय संबंधी घटनाओं को कम करता है। रोजाना लोगों को इस एक माह के कार्यक्रम में जागरूक किया जा रहा है। डॉ. श्वेता ने बताया कि हमे रोज दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए व हर छह माह में दंत चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।



### शहर की बेटी जुगनू आलिया ने स्वर्ण पदक जीता

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की बेटी जुगनू आलिया ने एक बार फिर स्वर्ण पदक लाकर नाम रोशन किया है। इस वर्ष में जुगनू आलिया ने चार स्वर्ण पादक जीते है। दिल्ली स्टेट डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जिले की युवा जुगनू आलिया ने स्वर्ण पदक जीता है। जुगनू ने प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के 48 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया था। इस वर्ष जुगनू लगातार चार स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। वह एनआइटी दो में रहती तथा इंडिया कालेज के समीप जिम में प्रैक्टिक करती है। तथा अजमेर स्थित भगवंत यूनिवर्सिटी से वकालत कर रही हैं। उनके कोच जितेंद्र चौधरी ने बताया कि इसी वर्ष अप्रैल में बल्लभगढ़ में हुई हरियाणा स्टेट में, मई में तिगांव में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में और इसके बाद पांच जून को गुरुग्राम में हुई प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते थे।


दिल्ली स्टेट डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जिले की युवा जुगनू आलिया को स्वर्ण पदक भेंट करते आयोजक।

# नगर निगम अधिकारियों के सिर चढ़कर के बोल रहा है भ्रष्टाचार

## भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी के मुद्दे पर लड़ेंगे नगर निगम चुनाव : डॉ. सुशील गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगम** में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, पूरा शहर कूड़े का ढेर बन गया है। बड़े अधिकारियों से लेकर स्थानीय विधायक और मंत्रियों तक निगम के भ्रष्टाचार में रंगे हुए हैं। टेंडर मंजूर होने से पहले ही 30 प्रतिशत पैसा अधिकारियों और स्थानीय विधायक की जेब में चला गया। ये बात बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

वे आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम के भ्रष्टाचार के चर्चे पूरे शहर में हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त मंत्रियों और विधायक के नाम सामने लाएं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले निगम चुनाव भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी और उन पर कठोर कार्रवाई करने के मुद्दे पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग है कि निगम का पैसा जनता की सुविधाओं के लिए खर्च हो, साफ सफाई 24 घंटे बिजली-पानी की व्यवस्था और शहर के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हरियाणा भी भ्रष्टाचार मुक्त हो। उन्होंने मांग की कि अगर जल्द से जल्द भ्रष्टाचारियों के नाम उजागर नहीं हुए तो आम आदमी पार्टी धरना और प्रदर्शन करेगी और निगम चुनाव में जनता ऐसी भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को सबक सिखाने का काम करेगी।



पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के हरियाणा के प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता।

उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ईमानदारी का मुखौटा पहने हुए हैं। प्रदेश में उनकी नाक के नीचे भ्रष्टाचार का धंधा जम कर चल रहा है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि निगम के पैसे डकारने वाले मंत्री और विधायक पर मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा कि पुलिस भी मुख्यमंत्री और सरकार के दबाव में काम कर रही है। गिरफ्तार इंजीनियर से भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और मंत्रियों के नाम क्यों नहीं पूछे जा रहे हैं।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि निगम का पैसा, आम जनता के टैक्स का पैसा अधिकारी, मंत्री और विधायक अपनी जेब में भरने का काम कर रहे हैं। इनसे आने वाले निगम चुनावों में जनता पाई-पाई का हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीति भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है। आने वाला चुनाव भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के मुद्दे पर ही लड़ा जाएगा।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में वर्ल्ड क्लास स्कूल, हॉस्पिटल और जनता के लिए 24 घंटे फ्री बिजली और पानी की सुविधा है। यह सब भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का नतीजा है। महिलाओं और श्रमिक वर्ग के लिए मुफ्त बस यात्रा की गई। इस मौके पर साउथ जोन के अध्यक्ष वीर सिंह सरपंच साउथ जोन की महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जावेद खान, शिखा गर्ग, बृजेश नागर, जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, राकेश भडाणा, राजेंद्र शर्मा, प्रवेश मेहता, गुलशन बग्गा, चंचल पवार, सुनील ग्रोवर, विनोद भाटी, अमन गोयल, हरेंद्र भाटी, हितेश पलटा, गोविंदा, चांद खान और संतोष आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर निकाय मंत्री और पालिका कर्मचारियों की बैठक


शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कुमार गुप्ता एवं अधिकारियों से वार्ता करते नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व अन्य साथी।

**फरीदाबाद।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री के आमंत्रण पर मंगलवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व सरकार की बीच महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता की अध्यक्षता में हरियाणा निवास में आयोजित इस बैठक में पालिका, परिषद, नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों के समाधान विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

बैठक में मंत्री ने कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता सुना और मांगों का जल्द निवारण करने का ठोस आश्वासन नगरपालिका कर्मचारी संघ प्रतिनिधियों को दिया। मंत्री ने विगत 10 मई को हुई वार्ता और मंगलवार को आयोजित बैठक में मानी हुई मांगों की प्रोसेसिंग शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने यह जानकारी देते हुए सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि 19 जुलाई तक बैठक में मानी मांगों के पत्र जारी नहीं किए गए तो 20 जुलाई से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 20 जुलाई से 29 जुलाई तक सभी उपायुक्त कार्यलयों पर झंडा झाड़ू प्रदर्शन किए जाएंगे।

**निम्न मांगों पर बनी सहमति:** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता एवं विभाग के अधिकारियों ने कोविड-19 में अकाल मृत्यु का शिकार हुए कर्मचारियों को 50 लाख आर्थिक सहायता राशि देने और उनके परिवार के सदस्य को नौकरी देने, 4 हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, फायर के कर्मचारियों के वेतन में वर्दी व धुलाई भत्ता जोड़ने, पालिका, परिषद, नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल न करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, अग्निशमन व पालिका रोल के कर्मचारियों को मेडिकल आदि पर सहमति जताई है।

## जल शक्ति अभियान से संबंधित अधिकारी करें पूरे टारगेट : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में जल शक्ति अभियान का अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जल शक्ति अभियान के तहत जिस विभाग को जो जिम्मेदारी मिली है उस जिम्मेदारी का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। अधिकारी अपने विभागों से संबंधित टारगेट को निर्धारित समय पर पूरा करें।

डीसी जितेंद्र यादव ने जिला स्तरीय जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक में यह दिशा-निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल करके जल शक्ति अभियान के जिला में विभाग वार दिए गए टारगेट का बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी मिली है उसको निश्चित समय पर निर्धारित लक्ष्य तय समय अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें।



उपायुक्त जितेंद्र यादव ने एक-एक करके विभिन्न विभागों के विभाग वार जल शक्ति अभियान के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की। समीक्षा के उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि बारिश के जल की संचित बूंद का उचित संरक्षण कर जल शक्ति अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने में प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है।

## आशा वर्करों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आशा** वर्कर यूनियन हरियाणा, जिला कमेटी फरीदाबाद ने सरकार द्वारा उनकी मांगों पर किए गए समझौते और घोषणा को लागू नहीं करने के विरोध में बुधवार को सिविल सर्जन फरीदाबाद के कार्यालय के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद मांगों को लागू करने के लिए अनिल विज स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा, सरकार और मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंचकूला के नाम अलग-अलग ज्ञापन सीएमओ को दिया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान हेमलता गोयल संचालन जिला सचिव सुधा ने किया। प्रदर्शन में सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर विरेंद्र सिंह डंगवाल ने आशा वर्करों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल हेल्थ लीडर आशा वर्कर को हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग मिलकर प्रताड़ित कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में आशा वर्कर्स अपने मांगो समस्याओं और सरकार की प्रताड़ना के विरोध में प्रदर्शन करके हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दे रही है। कोरोना महामारी के दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की फ्रंटलाइन वर्कर बनकर कर कार्य किया। कोरोना महामारी के दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की है । महामारी में आशा वर्कर के कार्य की सराहना पूरी दुनिया में की जा रही है यही नहीं वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भारत में आशा वर्कर के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवार्ड से सम्मानित किया है। दूसरी तरफ केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स का शोषण कर रही है केंद्र और राज्य सरकारें केवल कुछ प्रोत्साहन राशि देकर स्वास्थ्य विभाग के बुनियादी कार्य आशा वर्कर से करवा रही है। एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करती है और अपनी ही चलाई गई परियोजनाओं में पूरे देश में और प्रदेश में महिलाओं का शोषण कर रही है। हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर्स लंबे समय से संघर्ष कर रही है।


सीएमओ को ज्ञापन देते हुए।

## आरपीएसए मिर्जापुर ने 106 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पहला शर्मा अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच शर्मा क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेला गया। मैच में आरपीएसए मिर्जापुर ने शर्मा क्रिकेट अकादमी को 106 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि शर्मा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आरपीएसए मिर्जापुर टीम ने 39.2 ओवर में 10 विकेट पर 235 रन बनाए। वैश ने 39 रन, ओम कुमार ने 34 रन, हाशिम खान ने 33 रन, आशीष ने 31 रन, सागर ने 30 रन, परमेश ने 26 रन बनाए। प्रीत तंवर ने छह विकेट, रुद्रा, लक्ष्य और समक्ष ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए शर्मा क्रिकेट अकादमी 25.3 ओवर में 10 विकेट पर 129 रन बनाकर ढेर हो गई। हार्दिक और शुभम ने 21-21 रन, मेहुल ने 18 रन बनाए। ऋषभ ने 3 रन, आशीष ने दो विकेट, अभिषेक और उदय ने एक-एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऋषभ को दिया।

# आदेश : अब प्रिंसीपल हर रोज दो पीरियड्स में पढ़ाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गीष्मकालीन** अवकाश के बाद कल से सुबह 8 से दोपहर 2.30 बजे तक स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानियां न हो, इसके लिए तमाम तरह की व्यवस्था बनाई जाएं। साफ सफाई के अलावा समय पर टीचर स्कूल पहुंचे और प्रिंसीपल या स्कूल इंचार्ज हर रोज दो पीरियर्ड लें, ताकि टीचर व स्टूडेंट्स के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। इन सब को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय शिक्षा प्लानिंग मीटिंग हुई, जिसमें डीसी जितेंद्र यादव और तीन क्षेत्र के एसडीएम ने स्कूल खोलने की तैयारियों के बारे में उचित निर्देश दिए।

सबसे पहले लेक्चरर दीपेंद्र चौहान ने स्कूलों में चल रही गतिविधियों के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया और कुछ समस्याओं के बारे में भी डीसी जितेंद्र यादव को बताया गया। इस पर डीसी ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया, लेकिन कहा कि एक जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं। ऐसे में अध्यापक समय पर स्कूल पहुंचे और पढ़ाई की तरफ विशेष ध्यान दें। इतना ही नहीं स्कूल प्रिंसीपल या स्कूल हेड हर रोज दो पीरियर्ड जरूर लें। इससे स्टूडेंट्स की पढ़ाई का लेबल पता चल सकेगा। कहा कि स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। स्कूलों की छत साफ होनी चाहिए और जिन स्कूलों की छत पर जाने के लिए सीढ़ियां नहीं हैं, उन स्कूलों की रिपोर्ट दी जाए। इनके अलावा जिन स्कूलों में चारदीवारी व स्कूल जाने का रास्ता नहीं है, उन स्कूलों की डिमांड भेजी जाए। स्कूलों की स्थिति को देखने के लिए अधिकारियों की टीम जुलाई में ही निरीक्षण करेंगी। सात जुलाई को स्कूलों में पौधे लगाए जाएं। हरेक स्कूल में 50 फलदार पौधे लगाए जाए और ये पौधे स्टूडेंट्स, या उनके अभिभावकों के नाम से लगवाए जाए, ताकि पौधों की बेहतर ढंग से देखभाल हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मुनेश चौधरी ने डीसी व एसडीएम को शिक्षा स्तर में बेहतर सुधार करने को कहा। मीटिंग में डाइट प्रिंसीपल राजेश कुमार, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद मनोज मित्तल, खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ सतीश कुमार समेत प्रिंसीपल्स और एबीआरसी मौजूद रहे।




## जिला खेल अधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला खेल अधिकारी माननीया अनीता भाटिया से खेलों से संबंधित जानकारी पर विचार विमर्श किया है और भविष्य में खेलों में सुधार के लिए भी नियम बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। खेल अधिकारी अनीता भाटिया ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स पंचकूला हरियाणा में फरीदाबाद जिले के सभी खेलों के खिलाड़ियों ने बहुत ही अच्छा खेल प्रदर्शन करते हुए बहु संख्या में पदक जीतने का कार्य किया और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य और जिले का नाम रोशन किया। अनीता भाटिया ने बताया कि जिले के पैरा एथलीट सूबे सिंह को 400 मीटर और 200 मीटर दौड के लिए भीम अवॉर्ड हरियाणा सरकार के द्वारा प्रदान किया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में प्रतिदिन खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार रहता है।

## युवती को बदनाम करने की धमकी देने वाला भेजा जेल

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा महिला विरुद्ध अपराध में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।




पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 27 जून को 21 वर्षीय एक युवती ने पुलिस थाना कोतवाली में शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि उसका नाम ज्योति (बदला हुआ नाम) है। वह फरीदाबाद के एनआईटी में रहती है और स्नातक में द्वितीय वर्ष की छात्रा है और अंकगणित इंस्टीट्यूट में कैट के एग्जाम की तैयारी दिल्ली के कनॉट प्लेस में कर रही है। दिसंबर 2018 में उसका परिवार यहां शिफ्ट हुआ था जहां उनके मकान के सामने ही आरोपी हार्दिक और उसका परिवार रहता है। जब वह नए-नए आए थे तो पड़ोसी होने के नाते उनका व्यवहार एक डेढ़ महीने तक काफी अच्छा था परंतु धीरे-धीरे हार्दिक उससे बात करने लगा और उसके बाद उसने युवती को गंदे-गंदे मैसेज भेजने शुरू कर दिए और बाद में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। आरोपी युवती के पीछे पीछे उसके कॉलेज तथा कोचिंग सेंटर पर उसका पीछा करने लगा और उससे अश्लील बाते करता तथा उसे धमकी देने लगा कि यदि तुमने यह बात किसी को बताई तो वह पूरे समाज में उसकी बदनामी करा देगा। युवती ने बताया कि इसकी वजह से वह न हीं अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे पाती और न ही अपने माता पिता को बता पा रही थी। 12 जून को आरोपी ने युवती के अश्लील हरकत करने की कोशिश की परंतु युवती ने विरोध स्वरूप उसे थप्पड़ भी मारा लेकिन फिर भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

# जी-7 बैठक

## प्रभावी कदम आवश्यक

**यूक्रेन** पर रूस के बर्बर हमले के खिलाफ जी-7 समूह को तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने रूस पर युद्ध अपराधों का आरोप उचित ही लगाया है। उनकी प्रतिक्रिया एक घटना के बाद आई है जिसमें यूक्रेन में एक भीड़ भरे शापिंग माल पर मिसाइल हमले के बाद 18 लोग मारे गए तथा 59 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की 'क्रूरता और जंगलीपन' की निन्दा की। सोमवार को जारी संयुक्त बयान में जी7 नेताओं ने 'यूक्रेन के साथ एकजुटता' पर जोर देते हुए 'यूक्रेन की जनता व सरकार द्वारा अपने देश की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता' की पुष्टि की जो 'शांतिपूर्ण, समृद्ध व लोकतांत्रिक भविष्य के लिए संघर्ष कर रही' है। इससे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की का उत्साह बढ़ेगा जो ज्यादा बड़े व ज्यादा शक्तिशाली रूस के खिलाफ वीरता से युद्ध कर रहे हैं। घेरेबंद पूर्वी यूरोपीय देश के लिए अमेरिका-नीत पश्चिम का समर्थन प्रशंसनीय रहा है जिन्होंने अपने वित्तीय प्रभुत्व को हथियार में बदला तथा उसका प्रयोग मास्को के खिलाफ किया। इसके साथ ही नवीनतम हथियारों व उपकरणों के माध्यम से यूक्रेन को हथियारबंद करने की सहायता भी प्रशंसनीय है। लेकिन यही बात उसकी प्रभावशीलता के बारे में नहीं कही जा सकती है। रूस के खिलाफ कई महीने से जारी विकलांगकारी प्रतिबंधों के बावजूद उसकी युद्धक क्षमता अभी मजबूत है। एक शताब्दी से अधिक समय बाद रूस 100 मिलियन डालर से अधिक भुगतान नहीं कर सका है। इसका कारण यह नहीं है, लेकिन उसे कर्जदाताओं को भुगतान की अनुमति नहीं है। इसका असर मास्को के बजाय उसके कर्जदाताओं पर पड़ेगा और निश्चित रूप से पुतिन इससे इतने मजबूर नहीं होंगे कि युद्ध समाप्त करने की घोषणा कर दें।



जी7 नेता क्रेमलिन पर दबाव डालने के अन्य तरीके भी अपना रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि रूसी ऊर्जा के आयात पर वैश्विक सीमा निर्धारित करने के बारे में विचार किया जा रहा है ताकि मास्को की यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने की क्षमता प्रभावित हो। रायटर्स की एक खबर के अनुसार वे वैश्विक खाद्य सुरक्षा में सहायता के लिए भी 5 बिलियन डालर का योगदान देंगे। लेकिन वे अपनी इस भूमिका से इनकार नहीं कर सकते हैं जिसके चलते पुतिन इस सीमा तक समृद्ध व दु:साहसी हुए कि यूक्रेन पर हमले की हिम्मत कर सकें, भले ही यह भूमिका परोक्ष रही हो। पर्यावरण एक्टिविस्टों के आंदोलनों से अमीर देश इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने फासिल ईंधनों का प्रयोग नियंत्रित करने के लिए अपने देशों में उसका उत्पादन हतोत्साहित किया। उदाहरणार्थ, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ऊर्जा का शुद्ध आयातक बन गया, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित की थी। इसका कारण यह है कि बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी उग्र वामपंथी समूहों से लगातार प्रभावित रही। पिछले साल बाइडेन ने रूस को यूरोप में भी तेल बेचने की अनुमति दी। कहने का यह अर्थ नहीं कि पर्यावरण सरोकारों को अनदेखा किया जाए, लेकिन यह कार्रवाई जल्दबाजी के बजाय सुनियोजित रूप से होनी चाहिए। विकसित देश यह समझ नहीं पा रहे हैं कि हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया एक शताब्दी में नष्ट हो सकती है, वहीं नाभिकीय युद्ध से यह काम एक ही दिन में हो सकता है, जिसकी संभावना है। एक छोटे से देश का आत्मसमर्पण न होने से गुस्सा पुलित युद्ध के विस्तार का फैसला कर सकते हैं। इसके विनाशकारी परिणाम न केवल यूक्रेन और यूरोप, बल्कि सारी दुनिया के लिए हो सकते हैं। जी7 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रूस के खिलाफ उसकी कार्रवाइयां न केवल प्रभावी हों, बल्कि इनसे युद्ध का विस्तार भी नहीं होना चाहिए।

# संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

**सरकार द्वारा ईंधन मूल्यों पर नियंत्रण की इच्छा के कारण बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री में बाधा आई है। जब तक यह सोच नहीं बदलती तब तक किसी भी लोक उपक्रम का निजीकरण संभव नहीं हो पाएगा।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग व मार्केटिंग के क्षेत्र में कार्यरत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में सरकार ने लगभग तीन साल पहले अपना 53.29 प्रतिशत का पूरा हिस्सा बेचने का निर्णय किया था, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। इसके कारण सरकार ने बिक्री पर विराम लगाने का फैसला किया। इस कदम के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजीकरण के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया था जिसका अर्थ पीएसयू में अपना अधिकांश हिस्सा बेच कर उसे निजी उद्यम में बदलना था। इसके लिए केन्द्रीय पीएसयू को मोटेतौर से दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक में बांटा गया था। रणनीतिक क्षेत्रों को चार उप-समूहों में बांटा गया था जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार तथा बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र आते हैं जिनमें होटल व पर्यटन सेवायें, औद्योगिक व उपभोक्ता उत्पाद, व्यापार व मार्केटिंग शामिल हैं। योजना के अनुसार सरकार का इरादा गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सभी उद्यमों का निजीकरण था। इसके साथ ही इस श्रेणी में सभी नुकसान वाले उद्यमों को बंद करने का फैसला भी शामिल था। रणनीतिक क्षेत्र के सीपीएसयू में उसका एक शर्त के साथ निजीकरण करना था कि सार्वजनिक क्षेत्र में उसके कम से कम एक या अधिकतम चार उद्यमों को बनाए रखना था।

बीपीसीएल उप-समूह 'ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज' में आता था। इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। अत: सरकार संभवत: इसे ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में बनाए रखना चाहती थी। लेकिन यह 2019-20 में बीपीसीएल निजीकरण फैसले के विपरीत था जिसे 2021-22 में बजट घोषणा के बहुत पहले लिया गया था। शायद यह नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन था। इसका दूसरा प्रमुख कारण




अनुमतियों व लाल फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया थी। अनुमति की पुरानी प्रक्रियाओं में नीति आयोग ने रणनीतिक विनिवेश के लिए उन कंपनियों की पहचान की थी जिन पर बिक्री पर सचिवों की प्रमुख समिति-सीजीडी को विचार करना था। यह अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया थी। इसके पश्चात इसे अनुमति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में जाना होता था जो वित्त तथा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रियों समेत मंत्रियों का एक समूह था। एएम की अनुमति के बाद बिक्री व सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम को एक प्रस्ताव बनाना होता था जिस पर आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए को सैद्धान्तिक सहमति देनी होती थी।

संक्षेप में कहा जाए तो इस प्रकार रणनीतिक बिक्री में 12 चरण थे जिनके कारण प्रक्रिया शुरू होने में स्वाभाविक रूप से विलम्ब होता था। इस कारण जब सरकार बाजार में प्रवेश करती थी तब स्थितियों का अनुकूल होना जरूरी नहीं था। बीपीसीएल जैसे मामलों में चुनौती और बड़ी थी क्योंकि खरीदारों का बहुत अमीर होना जरूरी था। उदाहरण के लिए, 2019-20 में रणनीतिक निवेशक को 60,000 करोड़ रुपये निवेश करने की जरूरत थी। उस वर्ष बाजार परिवेश सकारात्मक था क्योंकि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 70 डालर प्रति बैरल के आसपास थे। यदि सरकार चाहती तो उसे पूरा हिस्सा खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि जमा करने वाले रणनीतिक निवेशक मिल जाते। लेकिन नौकरशाह इसके लिए तैयार नहीं थे। लेकिन 2020-21 में कोविड वैश्विक महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर मांग लगभग समाप्त हो गई थी और कच्चे तेल की औसत कीमतें लगभग 40 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं, जबकि अप्रैल 2020 में तो ये सबसे निचले स्त 20 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं। इस कारण बाजार का परिवेश भयानक रूप से नकारात्मक हो गया था। इसके साथ ही पूरी सरकारी मशीनरी वैश्विक महामारी के परिणामों से निपटने में अत्यधिक व्यस्त थी जिसका लक्ष्य लोगों का जीवन व उनकी आजीविका बचाना था।

2021-22 में मूल्यों में सुधार आया और वे 70 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए। इससे अधिकांश समय तक बाजार के परिवेश में महत्वपूर्ण सुधार आया। लेकिन अधिकारी फिर तैयार नहीं थे जिसके कारण बिक्री को 2022-23 तक टाल दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में यूक्रेन युद्ध, अमेरिका व यूरोपीय संघ द्वारा रूस के खिलाफ लगाए आर्थिक प्रतिबंधों तथा इसके कारण तेल व गैस की सप्लाई में बाधा से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कच्चे तेल की कीमत 120 डालर प्रति बैरल है जो 140 डालर प्रति बैरल तक जा चुकी है। इसके साथ ही तेल कपंनियों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई। यह समय बिक्री के लिए बहुत अच्छा था, पर ऐसा नहीं हो सका। सरकार ने बीपीसीएल की बिक्री ऐसे मोड़ पर स्थगित रखने का निर्णय किया है जब बाजार की स्थितियां सकारात्मक हैं तथा इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रियायें पूरी की जा चुकी हैं। यह निर्णय थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है। यह पहेली समझने के लिए निम्न बातों पर विचार किया जा सकता है।

सिद्धान्त रूप से पेट्रोल व डीजल की कीमतों को क्रमश: जून, 2010 तथा नवंबर, 2014 में नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया। तेल कंपनियों को एक फार्मूले के आधार पर अपने खुदरा मूल्य तय करने की स्वतंत्रता दी गई जिसमें उनके संबंधित इंपोर्ट पैरिटी प्राइस-आईपीपी व एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस-ईपीपी को 80:20 में रखना था। लेकिन व्यावहारिक रूप से पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों पर राजनीतिक नियंत्रण अभी बना हुआ है। सरकार ऐसा इसलिए कर सकती है कि उसकी तीन तेल मार्केटिंग केन्द्रीय पीएसयू-इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल व बीपीसीएल का घरेलू ईंधन खुदरा नेटवर्क पर लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है। हालांकि, तकनीकी रूप से एचपीसीएल तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी की सहायक कंपनी है, लेकिन ओएनजीसी स्वयं एक केन्द्रीय पीएसयू है। ओएनजीसी-एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल के प्रबंधनों को उनके स्वामियों से प्रत्यक्ष निर्देश मिलते हैं कि वे इच्छित स्तर पर कीमतें बनाए रखें, यानी यह स्तर राजनेताओं की इच्छा पर निर्भर करता है। अक्सर इसका बाजार द्वारा निर्धारित मूल्य से कोई संबंध नहीं होता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली में पेट्रोल की पंप पर कीमत 97 रुपये प्रति लीटर है जिसका संबंध कच्चे तेल की 90 डालर प्रति बैरल कीमत से है, जबकि भारत के लिए इसका वर्तमान समय में मूल्य 115 डालर प्रति बैरल है।

यदि ये उद्यम वास्तव में उपरोक्त फार्मूले के आधार पर कीमतें तय करने के लिए स्वतंत्र होते तो पंप पर इसकी कीमत 110 रुपये प्रति लीटर होती। इस पृष्ठभूमि में देखें तो यदि इन तेल पीएसयू का एक हिस्सा निजी हाथों में चला जाए जो लगभग 25 प्रतिशत खुदरा बिक्री का जिम्मेदार है तो ईंधन की कीमतें तय करने की सरकार की क्षमता में काफी कमी आएगी। वर्तमान परिदृश्य में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बने रहने की आशा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईंधनों की खुदरा कीमतों में बेलगाम वृद्धि की अनुमति नहीं दे सकते हैं। यह बात खासकर आने वाले समय में कई राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए महत्वपूर्ण है। वे ईंधन की कीमतों पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहेंगे। इसी कारण बीपीसीएल की बिक्री का निर्णय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। लेकिन तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो यह कदम समझदारी भरा नहीं है।

पहले ही खुदरा कीमतों पर कृत्रिम नियंत्रण के कारण निजी फर्मों, जैसे आरआईएल व नायरा इनर्जी से ईंधन सप्लाई में भारी कमी आई है। वे एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल द्वारा तय कीमतों का मुकाबला नहीं कर सकती हैं। यहां तक कि सरकारी कंपनियां भी एक बिंदु से अधिक नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं हैं जिसका नतीजा देर-सवेर सप्लाई में कमी के रूप में सामने आएगा। इसके साथ ही इसका असर भविष्य में रणनीतिक बिक्री के समय बीपीसीएल की कीमत पर भी पड़ेगा। रणनीतिक बिक्री में एक बड़ी बाधा अवस्थापना का हमेशा के लिए ड्राइवर सीट पर बने रहने की इच्छा है। जब तक यह सोच नहीं बदलती है, तब तक बीपीसीएल या किसी अन्य पीएसयू का निजीकरण संभव नहीं होगा। यदि बिक्री होती है तो भी ऐसी स्थिति में उसका अच्छा मूल्य नहीं मिलेगा।

# 'ईज़ आफ लिविंग' के लिए बहुत कुछ करना होगा

> **"स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।"**



**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)

जीवन निरंतर गतिशील मोड में है। गतिशील प्रवाह में अधिक महत्वपूर्ण तत्वों में, भौतिक और संज्ञानात्मक प्रणाली है। शरीर के अंदर और बाहर आवधिक परिवर्तन परिवर्तन के स्पष्ट संकेतक हैं। साथ ही, बौद्धिक और भावनात्मक प्रणालियों में परिवर्तन होता है। जैसा कि होता है, अधिकांश समुदायों के पास इस परिवर्तन के माध्यम से लोगों को पारगमन में सहायता करने के लिए बहुत कम या कोई औपचारिक प्रणाली नहीं होती है।

इस प्रकार, अपने स्वयं के विकास में एक व्यक्ति की भूमिका वास्तविकता से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह वे अनौपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और उस वातावरण से सीखते हैं जिसमें वे अंतर्निहित हैं। स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा और संदर्भ से अनौपचारिक शिक्षा और पर्यावरण परस्पर एक दूसरे का समर्थन कैसे करते हैं, इसका अध्ययन करने में यह एक महत्वपूर्ण तत्व है।

इस प्रकार, यह वह सीखना है जो जीवन जीने की क्रिया का एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण बन जाता है। शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से जो परिवर्तन होते हैं, वे जीवित रहने की कला के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह प्रक्रिया अन्य सुविधाओं में अंतर्निहित है।

कोई बड़ा होकर शादी कर लेता है। बच्चे विवाह से पैदा होते हैं और संदर्भ की इकाई बदल जाती है। बाकी सब की तरह, यह भी एक गुज़रता हुआ दौर है; बच्चे बड़े हो जाते हैं और माता-पिता फिर से दो की इकाई बन जाते हैं। यह सब एक गतिशील सामाजिक वातावरण में उलझा हुआ है। बाहरी शासन प्रणाली विकसित होती है। यह नागरिक समाज के निर्माण में दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है।



एक है संसाधनों तक पहुंच और दूसरा है विकास के अवसर। यदि बहुत अधिक गतिमान भाग हों तो जीवन यापन की चुनौती बड़ी हो जाती है।

जीने की चुनौती जीवन की सुगमता का सुपरसेट है। जीवन की सुगमता अन्य बातों के अलावा, रूपों और स्वरूपों, स्क्रीनिंग और सत्यापन के बारे में है। जीवन की चुनौती ऊर्जा, पानी और सुरक्षा जैसे इनपुट की उपलब्धता के कार्य से संबंधित है। इस सब में, स्वास्थ्य सेवा का कार्य मौलिक है। एक बार जीवन जीने की चुनौती और जीवन की सुगमता के बीच इस अंतर को पहचान लिया जाता है, प्रगति सरल हो जाती है और इसलिए उच्च स्तर के समाधान के लिए उत्तरदायी होती है। उपरोक्त दोनों मुद्दों, चुनौती और जीवन की सुगमता, को संदर्भ की इकाई को समझे बिना नहीं संभाला जा सकता है। संदर्भ की इकाई अक्सर अपरिभाषित होती है। यह समुदाय से समुदाय में भिन्न हो सकता है। कचरा संग्रहण के मूल कार्य पर विचार करें।

यह इतना बुनियादी है कि ज्यादातर लोग इसे हल्के में लेते हैं। यह एक अति सरलीकरण है। नई दिल्ली की एक अपमार्केट कॉलोनी में, एक दशक से थोड़ा अधिक समय पहले, यह पाया गया कि सीवरेज पाइप पानी के पाइप के समानांतर रखी गई थी और मानसून के दौरान, सीवरेज पाइप में प्रवाह से पानी के पाइप में प्रवाह का संदूषण हुआ। . बीमारी बह गई। फिर उचित कचरा संग्रहण शुरू किया गया। एक था कचरे का पृथक्करण, बायोमास प्रकार और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रकार के बीच। अलग-अलग कूड़े के निस्तारण की संस्तुति की गई। यह प्रथा अभी तक विकसित शहरों की कई कॉलोनियों में जड़ जमा चुकी है।

इस मान्यता को साथ-साथ चलना होगा कि किस एजेंसी से किस प्रकार के कचरे के संग्रहण के स्तर का आरोप लगाया जाता है। दृष्टांत कई हो सकते हैं। समाधान को संदर्भ की इकाई की मान्यता के साथ करना होगा- कचरा संग्रहण के लिए एजेंसी कैसे तय की जाती है? ऊर्जा, मानो, बिजली का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए कौन जिम्मेदार होगा? पानी की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होगी? सीधे शब्दों में कहें, तो स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जितना कि किसी अन्य स्तर पर। कुछ काम शुरू हो गया है, और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## आप की बात

### जेनरिक दवाएं

**केंद्र** सरकार ने आमजन को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिये जन औषधि केंद्रों की स्थापना किया था। जिससे लोगों को महंगी दवाओं से निजात मिले। लेकिन सरकारी अस्पतालों में बाहर से ब्रांडेड महंगी दवाये लिखी जाती थी।जब इस मामले को मीडिया ने उठाया तो उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का संज्ञान लिया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने सभी चिकित्सको को जेनरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया। जन औषधि केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। स्वास्थ्य मंत्र ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार सबको सस्ती दवाएं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है। डॉक्टरों को पहले भी इस बात के निर्देश दिए गए थे कि वे दवा के साथ साल्ट का भी नाम लिखे। इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिये डीएम और मण्डलायुक्तों को निर्देश दिया गया। अस्पतालों में बैठे सीएमएस और सीएमओ की जिम्मेदारी है कि वे सरकार के आदेश का पालन करे। लेकिन हर जगह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग में देखने को मिल रही है। मुझे नही लगता मंडलायुक्त कभी अस्पताल देखने जाएंगे। सरकार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे। गड़बड़ी होने पर उन्हें सीधे पदावनत कर दिया जाए।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### देशहित में है अग्निपथ

**आज** अग्निपथ योजना का जिस तरह से कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है तब हम कांग्रेसियों से पूछना चाहते हैं कि आपने जब से बीजेपी की सरकार आई है उसका सिवा विरोध के कुछ भी काम नहीं किया है। आज भारत सरकार देश की खुशहाली के लिए एक के बाद एक कई तरह की योजनाएं ला रही है जिससे नौजवानों को काम मिल सके ऐसी योजना का कांग्रेस द्वारा विरोध करना अनुचित बात है। क्योंकि सरकार की इन योजनाओं का जनता द्वारा स्वागत भी किया जा रहा है स्टार्टअप के जरिए देश में कई हजार नौजवानों को आज काम मिल चुका है इसी तरह से कोरोना काल के चलते काफी समय से सेना की भर्ती में रुकी हुई थी सब काफी सोच विचार कर सरकार ने इस क्षेत्र में अग्निपथ योजना लाई है जिसे सेना के तीनों अंगों ने भी स्वीकृति देकर इसका स्वागत किया है।आज तीनों सेना के अध्यक्षों ने भी नौजवानों से इसमें भाग लेने की अपील भी की है। तब इस योजना स्वागत किया जाना चाहिए इस योजना में नौजवानों के लिए 4 साल काम करने का अवसर दिया गया है इसमें वेतन भी भरपूर है आज स्वयं नौजवान इसमें भाग ले रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### वीभत्स घटना

**उदयपुर** की इस वीभत्स घटना को हत्या नहीं बल्कि आतंकी घटना कहना होगा क्योंकि जिस तरह से कन्हैया लाल की गर्दन रेती गयी और इसके बाद हंसते हुए रिआज़ अख्तरी और गौस मोहम्मद ने जिस तरह का वीडियो बनाया वह काफी आतंकी संघटनों के अतीत में हुए इस तरह की घटनाओं से मिलता जुलता है। यह शर्मनाक है की कन्हैया लाल ने अपनी हत्या से कुछ ही दिन पहले पुलिस में जाकर अपनी जान के खतरे को लेकर अर्जी दी थी और अपने पड़ोसी का साफ़ साफ़ जिक्र किया था और किस तरह से उनकी दूकान की रेकी की जा रही है, और उनकी हत्या कभी भी हो सकती है। इस सब के बावजूद पुलिस ने इसका संज्ञान न लेते हुए कन्हैया लाल का नो कोई सुरक्षा प्रदान की बल्कि नाजिम के भाई को सुरक्षा प्रदान कर दी। इससे राजस्थान पुलिस के इरादों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह उठता है। वैसे नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है और हमें आशा करेंगे की इस घटना की तह तक जांच होनी चाहिए और इन दोनों को मृत्यु दंड अवश्य मिलना चाहिए।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमें** कभी आपातकाल का वह खतरनाक समय नहीं भूलना चाहिए जिससे हम बाहर निकले हैं। इतिहास के हर चरण से सीखना महत्वपूर्ण है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**सरकार** व रुपये के बीच प्रतियोगिता है कि किसकी कीमत ज्यादा तेजी से गिरती है। सुशासन के प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**राष्ट्रपति** चुनाव में समर्थन के लिए मैं भाजपा में अपने पूर्व सहयोगियों से संपर्क करूंगा।

– **यशवंत सिन्हा**
संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार

# बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत रखी जाए नजर: मुख्यमंत्री

## ● बाढ़ की आशंका पर एक्शन में सरकार सीएम योगी ने की तैयारियों की समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाढ़** की आशंका को देखते हुए योगी सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए। नदियों के जलस्तर की सतत मॉनीटरिंग की जाए। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ , एसडीआरएफ, पीएसी तथा आपदा प्रबंधन टीमों को 24 गुणे 7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा प्रबंधन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता ली जानी चाहिए। इन्हें विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जाए। नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़-अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को बाढ़ से निपटने की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। यहां से प्राप्त आकलन-अनुमान रिपोर्ट समय से फील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। भारत सरकार की एजेंसियों की मदद से आकाशीय बिजली के सटीक पूर्वानुमान की बेहतर प्रणाली के विकास के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहे। प्रदेश में बाढ़ से सुरक्षा के लिए विभिन्न नदियों पर 3869 किमी लंबाई वाले 523 तटबंध निर्मित हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दिया जाए।

### 24 जिले अतिसंवेदनशील, तटबंधों का डीएम-एसपी स्वयं करें निरीक्षण

प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोंडा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। वहीं सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। सभी 875 बाढ़ सुरक्षा समितियां एक्टिव मोड में रहें। अति संवेदनशील तथा संवेदनशील तटबंधों का जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान स्वयं निरीक्षण कर लें। शेष तटबंधों का उपजिलाधिकारी, डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी द्वारा तटबंधों का निरीक्षण करा लिया जाए। कल 30 जून तक नालों आदि की सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जाए।

### योगी सरकार ने पूरी की 830 बाढ़ परियोजनाएं

प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 5 वर्षों में सुनियोजित प्रयास किए गए हैं। जिसके चलते अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। 2017-18 से अब तक योगी सरकार ने 830 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है।

### सीएम आज लोन मेले में वितरित करेंगे ऋण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 जून 2022 को लखनऊ में आयोजित एमएसएमई लोन मेले में विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण वितरित करेंगे। ऋण वितरण का यह कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किया जाएगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एमएसएमई लोन मेले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना आदि के एक लाख 90 हजार लाभार्थियों को कुल 16 हजार करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया जाएगा।

# मुरादाबाद जेल में बना प्रदेश का पहला चिल्ड्रेन पार्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार की योजना के अनुरूप कार्रवाई करते हुए मुरादाबाद जेल प्रशासन ने चिल्ड्रन पार्क का निर्माण कराया है। ऐसा पार्क बनाने वाली मुरादाबाद राज्य की पहली जेल है। इसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों से लेकर खिलौनों व स्लाइडिंग आदि की पूरी व्यवस्था की गई है।

काराकार मुख्यालय के प्रवक्त ने बताया कि प्रदेश की जेलों में इस समय कुल 453 बच्चे अपनी मां के साथ रह रहे हैं, जो निर्दोष हैं। जेल की जिंदगी बच्चों के मन पर असर न डाले और उनका भी समग्र विकास हो सके, इसके लिए शासन ने प्रदेश की सभी जेलों में चिल्ड्रन पार्क बनाने के निर्देश दिए थे। इस पर मुरादाबाद जेल प्रशासन ने सबसे पहले अपने वहां यह पार्क तैयार कराया है। बच्चों की देखरेख के लिए पार्क में दो महिला बंदी रक्षकों की अलग से तैनाती की गई है। पार्क में हरियाली का भी पूरी तरह से इंतजाम किया गया है। पार्क महिला बंदियों के बच्चों के लिए पूरी तरह से उपयोगी साबित हो इसका पूरा प्रयास किया गया है। प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति और कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए मुरादाबाद जेल के जेल अधीक्षक व जेल प्रशासन के अधिकारियों को बधाई दी है। कारागार राज्यमंत्री ने इसे मिसाल बताते हुए अन्य जेलों के अधिकारियों को इससे सीख लेने को कहा है। उन्होंने कहा कि बचपन सभी के लिए खेलने-कूदने का होता है। ऐसे में किसी भी बच्चे को खेलने-कूदने के अवसर से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस तरह के पार्क का उद्देश्य है कि जब अपनी मां के साथ बंद बच्चा बाहर आए तो समाज के साथ घुल-मिल सके और अपना भविष्य उज्जवल कर सके।

# जन-जन का अभियान बने पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आगामी 5 जुलाई को आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 25 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वृक्षारोपण अभियान को हमें जन-जन का अभियान बनाना है। वृहद कार्ययोजना बनाकर गांव से लेकर शहर तक हर एक जन-प्रतिनिधि को इस अभियान से जोड़ा जाए। सबके सहयोग से यह अभियान सफल होगा और साथ ही लोगों की देख-रेख में रोपित वृक्षों को भी नष्ट होने से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं, जैसे कन्या सुमंगला, जननी सुरक्षा, पोषण, कायाकल्प, रोजगार मेले और कौशल विकास से जुड़े लाभार्थियों की जानकारी को आधार व आधुनिक तकनीकी से जोड़कर, थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग के माध्यम से सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए। सारी सूची वेब साइट, पोर्टल पर उपलब्ध रहे ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा न हो सके। बुधवार को शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप आजमगढ़ और रामपुर में जो भी अब तक लंबित या पिछड़ी परियोजनायें हैं, उनको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। आज देश डिजिटल एग्रीकल्चर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हैसियत प्रमाण पत्र निर्माण में, परिवार रजिस्टर की नकल निकालने में बहुत ज्यादा समय न लगे तथा सभी डीएम और सीडीओ इस पर विशेष ध्यान दें, और अधिकतम 15 दिन के अंदर इन सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करायें। 31 मई तक के मृत्यु के उपरांत लंबित घरौनी और वरासत से जुड़े सभी कार्यों को अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि यूपी में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

### कार्ययोजना का संक्षिप्त रोड मैप प्रस्तुत करें अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि यूपी सरकार के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर गति शक्ति अभियान और विभिन्न विभागों के अंतर-समन्वय से अब तक हुए कार्यों व भविष्य की कार्ययोजना का एक संक्षिप्त रोड मैप प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बने जिसमें स्वीकृत परियोजनाओं के साथ भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं का भी जिक्र हो। इन सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी और इससे जुड़ी मैपिंग को गति शक्ति संचार पोर्टल पर दर्ज किया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के संबंध में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गति शक्ति योजना की मॉनिटरिंग और सुचारु संचालन के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था बनाने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि अपलोडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने, सत्यापन कार्य, आंकड़ों में सुधार और अपडेट करने के लिए प्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक, आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों की मदद ली जाए।

# 2024 को लेकर अखिलेश हर मंडल विधानसभावार करेंगे जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि इधर जबसे लोकसभा उपचुनाव 2022 के नतीजे आये हैं भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ ज्यादा ही इतरा रहा है। एक दूसरे को मिठाई खिलाना, एक दूसरे की पीठ थपथपाना लोकतंत्र का उपहास है। उन्होंने कहा कि भाजपा की अन्यायपूर्ण राजनीति का दमखम और भाजपा के तात्कालिक क्षणिक उत्साह का तब कहीं अतापता नहीं चलेगा जब अखिलेश यादव का समाजवादी रथ दौड़ेगा।

राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सन् 2024 के लोकसभा के आम चुनावों में अखिलेश यादव न केवल प्रत्येक मंडल और विधानसभा क्षेत्रों में सभायें करेंगे बल्कि इस बीच जनपदों का सघन दौरा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कौन नहीं जानता कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जो विकास का रास्ता अपनाया था उस पर भाजपा दो कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। उन्होंने कहा कि भाजपा यह समझ ले लोकतंत्र में अहंकार के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता है। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि हालांकि भाजपा इस सच्चाई से अवगत है कि इन चुनावों में भी जीत के लिए वहीं सब धांधली की गई जैसी सन् 2022 के आम विधानसभा चुनावों में की गई थी। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा यह बात बहुत अच्छी तरह जानती है कि अखिलेश यादव के विराट व्यक्तित्व और स्वच्छ छवि के सामने भाजपा तमाम अनियमितताएं करके भी टिक नहीं सकती। यह कैसी विडम्बना है कि जनहित में बिना कोई विकास कार्य किए कपटपूर्ण राजनीति की जा रही है और उसे ही अपनी उपलब्धियों में शामिल किया जाता है। लोकतंत्र में ऐसे बुरे दिन क्या कभी हो सकते हैं कि नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति को परास्त करने की साज़िश हो, और इसे ही अपनी सफलता का मूल समझा जाने लगे।

### प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट जुलूस निकालने पर प्रतिबंध

**लखनऊ।** राजस्थान प्रदेश के उदयपुर में हुए कांड के विरोध में हिन्दू संगठनों के प्रदर्शन को देखते हुए यूपी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार को यूपी के कानपुर, प्रयागराज, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, सहारनपुरए गोरखपुर, बस्ती, वाराणसी, उन्नाव, कन्नौज, फतेहपुर, हमीरपुर, हापुड़, रामपुर, मुरादाबादए बुलंदशहर, महोबा व अमरोहा आदि जिलों में विहिप, बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच समेत कई हिन्दू संगठनों ने में प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी जिलों में शांति रही। जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने लगातार गश्त किया। सोशल मीडिया की भी कड़ी निगरानी की गई। एडीजी ने बताया कि उदयपुर घटना के बाद से ही यूपी के सभी पुलिस कप्तानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर तत्काल राज्य मुख्यालय को सूचना करने को कहा गया है।

# 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज शुरू

## ● कारीगर अपने उत्पाद अपनी कीमत पर खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे:डॉ. नवनीत सहगल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने बुधवार को कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज का शुभारंभ किया। इसके पश्चात पोर्टल पर पंजीकृत सभी कारीगरों के उत्पाद उन सभी ई कामर्स साइट और एप पर प्रदर्शित होने लगे। इसके पश्चात उन्होंने ओएनडीसी प्लेटफार्म पर योगा मैट का आर्डर भी प्लेस किया। जिसकी डिलीवरी आज ही उनको हो जायेगी। इस अवसर पर डॉ. सहगल ने कहा कि डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इण्डिस्ट्री एण्ड इन्टरनल ट्रेड, वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित ओएनडीसी से जुड़ने वाला देश का पहला राज्य होगा। इसके फलस्वरूप ओडीओपी कारीगरों एवं उद्यमियों को ई कामर्स पोर्टल पर एक वृहद डिजिटल मार्केटिंग ईकोसिस्टम की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया से प्रदेश के ओडीओपी हस्तशिल्पी एवं कारीगर विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कारीगर ओएनडीसी और ओडीओपी मार्ट के माध्यम से अपने उत्पाद अपनी तय कीमत पर खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे। इस नेटवर्क पर जुड़ने से देश विदेश का कोई भी खदीददार ई कामर्स प्लेटफार्म पर जाकर कोई उत्पाद तलाशेगा तो उसे नेटवर्क से जुड़े पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त ओएनडीसी पर लाजिस्टिक सुविधा भी उपलब्ध होगी। ग्राहक अपने मन पसंद लाजिस्टिक कंपनी से उत्पाद की डिलीवरी ले सकेंगे। इस मौके पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग मनीष चौहान, विशेष सचिव एमएसएमई प्रदीप कुमार सहित ओएनडीसी से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पुष्टाहार उत्पादन एवं वितरण में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा पुष्टाहार उत्पादन एवं वितरण का कार्य तीव्रता के साथ किया जा रहा है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रदेश के 43 जनपदों के 204 विकासखण्डों में पुष्टाहार उत्पादन एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों को वितरण कराने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 81 टेक होम राशन प्लांट स्थापित किये जा चुके हैए जिसमें से 53 प्लांट को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अभिसरण अंतर्गत प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में ड्राई राशन समूह की महिलाओ के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध कराते हुए वितरण में सहयोग किया जा रहा है।

# रेस कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिंगल** यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने को लेकर बुधवार को नगर विकास मंत्री, महापौर द्वारा रेस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई गयी। गोमतीनगर के 1090 चौराहे से माई प्लास्टिक फ्री लाइफ थीम के तहत अधिकारियों, पार्षदों और कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। पॉलिथीन एकत्रीकरण अभियान 29 जून से लेकर 3 जुलाई तक चलेगा।

गोमतीनगर के 1090 चौराहे से रेस कार्यक्रम को लांच करने के लिए मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुबह 6 बजे 1090 चौराहे पर माई प्लास्टिक फ्री लाइफ थीम के तहत रेस कार्यक्रम की लांचिंग की गयी। कार्यक्रम में वहां पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए की गई ।साथ ही प्लाग रन एवं प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान की शुरुआत भी की गई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन डॉ अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन केपी मलिक, मुख्य सचिव उप्र शासन दुर्गा शंकर मिश्रा और महापौर संयुक्ता भाटिया मौजूद रहे। साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह सहित जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवं नगर निगम के समस्त उच्च अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश में स्थलीय एवं जलीय इकोसिस्टम पर बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे के प्रतिकूल प्रभावों के दृष्टिगत वर्ष 2022 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किये जाएगा। पॉलिथीन एकत्रीकरण अभियान 29 जून से लेकर 3 जुलाई तक चलेगा।

### जल्द शुरू होगा दारोगा भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन

**लखनऊ।** पुलिस महकमे में दरोगा भर्ती में चयनित 9534 अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन और चिकित्सकीय परीक्षण जल्द ही शुरू होगा। जो अभ्यर्थी जिस जिले का होगा उसके चरित्र का सत्यापन व मेडिकल जांच उसी जिले में कराया जाएगा। जो अभ्यर्थी दूसरे राज्य के हैं उनका सत्यापन उनके घरों से निकटतम यूपी के जिलों में होगा। इसके बाद नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। दरोगा भर्ती में सत्यापन कार्य के लिए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से चयनित अभ्यर्थियों की सूची डीजीपी मुख्यालय द्वारा उनसे संबंधित जिलों को भेजी जाएगी। सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण निदेशालय ने भी इन अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग दिलाने की तैयारी तेज कर दी है। प्रशिक्षण दो या तीन चरणों में कराया जा सकता है।

# सूबे में छह अत्याधुनिक मछली मंडियों का होगा निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लैंड** लॉक्ड उत्तर प्रदेश में इनलैंड मछली पालन की अपार संभावनाएं हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश ने इनलैंड (अन्तरस्थलीय ) मछली पालन में खासी प्रगति भी की है। 2020-2021 में इनलैंड मछली पालन में प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिलना इसका प्रमाण है। सरकार इस दर्जे को बरकरार रखने की हर संभव कोशिश करेगी। चुनाव के पहले भाजपा की ओर से जारी लोक कल्याण संकल्प पत्र-2022 में भी भाजपा ने इस बाबत प्रतिबद्धता जाहिर की थी। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए योगी सरकार.02 में रिवर रैंचिंग, मत्स्य बीज वितरण की योजना बनायी गई है।

सरकार का लक्ष्य प्रधानमंत्री मत्स्य योजना की मदद से अगले पांच साल में मछली उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का है। इसके लिए 12 लाख टन मछली के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत लाभार्थियों का पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन, डीबीटी के जरिए अनुदान के ट्रांसफर आदि की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से किए जाने की व्यवस्था की गई है। लाभार्थी पोर्टल पर 1 से 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। जरूरत हुई तो आवेदन की तारीख को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आइस बॉक्स के साथ साईकल, बाइक, ऑटो भी देगी। ताकि वे तालाब से सीधे मछली खरीदकर उनको बेचकर अधिक से अधिक लाभ कमा सकें। संकल्प-पत्र के मुताबिक सरकार बनने पर भाजपा 'निषाद राज बोट सब्सिडी योजना' शुरू करेगी। इसके तहत मछुआरा समुदाय को एक लाख रुपये तक की नाव खरीदने पर 40 फीसद तक तथा बीज उत्पादन की इकाई लगाने पर 25 फीसद अनुदान देय होगा। 6 अत्याधुनिक मछली मंडियों का निर्माण, उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड एक्का फार्म के स्थापना का जिक्र भी संकल्प-पत्र में किया गया था। दोबारा भारी बहुमत से सत्ता में आने के बाद मछली पालन के प्रोत्साहन के प्रति सरकार ने एक बार फिर प्रतिबद्धता जतायी है। यदि पिछले 5 साल के आकड़ों पर गौर करें तो हर साल मछली के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान उत्पादन 6.176 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 7.456 लाख मीट्रिक टन हो गया। इनलैंड मछली पालन में आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल के बाद उत्तर प्रदेश का तीसरा स्थान है। इन तीनों राज्यों में इनलैंड मछली का उत्पादन क्रमशः 36.1, 16.19, 6.99 लाख टन है। सरकार के लिए उत्पादन और मांग का यही अंतर अवसर भी है।

### फतेहपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं उप चिकित्साधिकारी निलम्बित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के पशुधन, दुग्ध विकास विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर फतेहपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आरडी अहिरवार व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी संदीप कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। निलम्बित किए गए दोनों अधिकारियों पर गोवंश का समुचित संरक्षण न करने एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगा है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया गोवंश का संरक्षण और संवर्धन मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से है और गोशालाओं की समुचित व्यवस्था में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के कारण यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में किसी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पशुओं की देखरेख, चारा, पानी एवं उपचार आदि के बारे में कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

# सीआरआईएफ योजना में यूपी का आवंटन बढ़ाने की रखी मांग

## ● लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उत्तर प्रदेश में सीआरआईएफ योजना में प्रदेश का आवंटन बढ़ाने, नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने एवं प्रदेश में 250 रेलवे क्रासिंग के ऊपर आरओबी बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी एवं प्रदेश में राजमार्गों के विकास के संबंध में एक प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरलद्ध वीके सिंह भी उपस्थित थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से केन्द्रीय मंत्री द्वारा वित्तीय स्वीकृति शीघ्रता से जारी करने के निर्देश मंत्रालय के अधिकारियों को दिए गए। इस वर्ष मंत्रालय द्वारा 700 करोड़ रूपये की धनराशि प्रदेश के सेतु निगम के माध्यम से आरओबी बनाने हेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु इस वर्ष 15000 करोड़ रुपए की कार्ययोजना स्वीकृत करते हुए कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। 2022-23 में एनएच पीडब्लूडी को 15000 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय मार्गों के विकास हेतु आवंटित कार्यों के डीपीआर तुरन्त प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

# दिसंबर तक निराश्रित गोवंश नही बनेंगे समस्या का कारण: धर्मपाल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने आश्वासन दिया कि दिसम्बर 2022 तक निराश्रित गो वंश किसानों व सड़क पर समस्या का कारण नही बनेंगे। मंत्री ने कहा कि यूपी में निराश्रित गोवंश का संरक्षण, छुट्टा पशुओं से होने वाली समस्याओं का समाधान करते हुए गोआधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर इसके उत्पादों को लोकप्रिय बनाकर किसानों की आमदनी को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात बुधवार को योजना भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर किसी प्रकार की लापरवाही न हो और गोसंरक्षण कार्य पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाये, इसके लिए प्रत्येक गोआश्रय स्थल का स्थलीय सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मदरसों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जा रहा है और मदरसों की शिक्षा में आधुनिकीकरण का समावेश किया जा रहा है। अल्पसंख्यक वर्गों के लिए बनाये गये कार्यक्रमों को तेजी से क्रियान्वित करके उनका शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नवीन पेयजल परियोजनाओं का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया गया।

# संयुक्त निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एसएन पांडे निलंबित

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक एवं तत्कालीन रजिस्ट्रार एसएन पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। श्री पांडे पर विभागीय कार्यों में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता बरतने का आरोप लगा है। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने दी। श्री पांडे पर लगे आरोपों की जांच के लिए डॉ रोशन जैकब एसचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

अपराधियों के लिए नवागत एसपी का क्या है पैगाम

# महाराष्ट्र के रहने वाले हैं 60वें पुलिस अधीक्षक सुशील घुले

● नवागत पुलिस अधीक्षक का अधीनस्थों के लिए दिए निर्देश

● नवागत पुलिस अधीक्षक का मातहतों को दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** 1974 के बाद 60वें पुलिस अधीक्षक के पद की कमान संभालने वाले सुषील घुले की यूपी में बतौर चौथे जनपद के पुलिस अधीक्षक के रूप में क्या प्राथमिकताएं रहेंगी, नवागत पुलिस अधीक्षक सुषील घुले किस बैच के आईपीएस अधिकारी है, और कहां के रहने वाले है, कार्यभार ग्रहण करने के बाद सड़कों पर उतर कर और अधिनस्थों के साथ लंबी बैठक का दौर चलाकर क्या निर्देष दिए है, पुलिस लाइन में आयोजित अपनी पहली पत्रकार वार्ता में आई इंडिया से नवागत पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने साझा किया। उन्होंने कहा कि शहर को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## नवागत एसपी ने किया खुलासा



उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, दिल्ली, असम के कई जिलों में एटीएम से फ्राड करने वाले एक ऐसे अंतर्राज्यीय एटीम स्वपर गिरोह का सीतापुर की साइबर सेल और शहर कोतवाली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है जो एटीएम मषीनों पर आने वाले ग्राहकों से नजर बचाकर उनके पिन को देख लेते थे, और फिर किसी बहाने से ग्राहक के एटीएम कार्ड को अपने पास मौजूद उसी बैंक के अन्य एटीएम कार्ड से बदलकर अन्य किसी एटीएम मशीन पर जाकर नगद रूपए निकालने एवं शॉपिंग कर फ्राड कर लिया करते थे। गिरोह के चार षातिर सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 28 एटीएम कार्ड 4 पहिया वाहन, नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखण्ड और यूपी के सहारनपुर जनपद के रहने वाले है, जिनके विरूद्व कई अपराधिक मामले भी दर्ज है। इनसे षहर कोतवाली इलाके की दो घटनाओं का भी अनावरण हुआ है। सीतापुर की स्वाट पुलिस टीम और षहर कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन प्लेसमेंट सर्विस सेंटर के नाम से धोखाधड़ी करने वाले 7 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो बिहार और झारखण्ड प्रांत के रहने वाले है, यह होम मेड सर्विस का विज्ञापन देकर ग्राहकों से ऐप पर फ्राड किया करते थे। इनके पास से पुलिस को 18 स्मार्टफोन, 6 कीपैड मोबाइल, 4 कूटरचित दस्तावेज, कूटरचित क्लाइंट एग्रीमेंट, मोहर, 48 सिमकार्ड और नगदी भी बरामद हुई है।

# तिरुपति महोत्सव के स्टेज पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी





संवाददाता। सीतापुर

● सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया स्वागत

● मंत्री सुरेश राही ने भी मंच किया साझा

● ककरहा में आयोजित तिरुपति महोत्सव ने महिमा ने पहुंचकर लगाए चार चांद

**सीतापुर के** ककरहा गांव में आयोजित हो रहे तिरुपति महोत्सव में फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी ने पहुंचकर चार चांद लगा दिया, फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी सबसे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंची माथा टेका, पूजन दर्शन किया और फिर 51 लोगों के साथ भव्य आरती की, महिमा चौधरी के साथ फोटो सेशन करवाने के लिए लोग लालायित दिखे, और महिमा भी सभी के साथ फोटो कराते हुए नजर आयी। फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी के साथ आरती में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही और सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने भी भाग लिया काफी देर तक भव्य आरती करती रही आरती के समापन के बाद फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी तिरुपति महोत्सव 2022 के स्टेज पर पहुंची, इससे पहले महिमा चौधरी मंगलवार की रात 7:30 बजे ककरहा गांव पहुंची सबसे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन किया, फिर मंदिर के बाहर आयोजित भव्य आरती में 51 लोगों के साथ आरती की। महिमा चौधरी जब तिरुपति महोत्सव के स्टेज के लिए रवाना हुई तो उनके आगे आगे सीतापुर की बेटियों ने फूलों की वर्षा की स्टेज पर पहुंचकर महिमा चौधरी ने सम्बोधित भी किया। इस मौके पर गिरीश मिश्रा, गोपाल टंडन, प्रदीप गुप्ता, संदीप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा ने बुलडोजर कार्रवाई पर सरकार पर बोला हमला

# होर्डिंग में मकान तोड़े जाने पर विधायक को धन्यवाद

संवाददाता। महमूददाबाद सीतापुर



● रातों रात गायब हो गई कई जगहों पर लगवाई गई होर्डिंग

**महमूदाबाद में** मंगलवार को इलाकाई प्रशासन की ओर से अनिल वर्मा के मकान पर बुलडोजर चलाए जाने का मामला खासा सुर्खियों में है। पहले अनिल वर्मा द्वारा विधायक आशा मौर्या पर चुनावी रंजिश के चलते घर तोड़वाए जाने का आरोप लगाने से यह मामला काफी चर्चा में रहा। देर शाम अनिल वर्मा के अपनाए गए विरोध के अनोखे तरीके से फिर सुर्खियों में आ गया। दरअसल, महमूदाबाद के कई सार्वजनिक जगहों पर मंगलवार की देर शाम गुपचुप ढंग से तमाम होर्डिंस लगा दिए गए। इन होर्डिंग्स में एक ओर मकान को बुलडोजर से तोड़े जाने की फोटो छापी गई थी, वहीं दूसरी तरफलिखा था कि माननीय विधायक जी को बहुत बहुत शुभकामनाएं, मकान गिराने के लिए धन्यवाद, हम सब याद रखेंगे। नीचे लिखा था अनिल वर्मा किसान ग्राम मझिगवां। यह होर्डिंस लगने की खबर प्रशासन को मिली तो हड़कंप मच गया। हैरानी की बात तो यह है कि रात में ही सारे होर्डिंस गायब कर दिए गए। प्रशासन ने होर्डिंग हटवाए जाने की बात से इंकार करते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। अब चर्चाओं के दौर में बहस का एक बिंदु यह भी शामिल हो गया कि होर्डिंग्स किसने हटवाई और क्यों। रातों रात गायब हुई इन होर्डिंग्स को लेकर कयासों और अटकलों का दौर चल ही रहा था, कि पूरे मामले पर सियासत तब गर्म हो गई जब सपा के पूर्व मंत्री और विधायक नरेन्द्र वर्मा खुलकर बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में आ गए। पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। नरेन्द्र वर्मा ने क्या कुछ कहा इससे पहले हम आपको बता देते हैं पूरा मामला आखिर है क्या। दरअसल, महमूदाबाद के राजा रोड मोहल्ला भट्ठा में विधायक आशा मौर्या का आवास बना है। इनके आवास से सटकर ठीक उत्तर दिशा में अनिल वर्मा पुत्र राजाराम वर्मा का आवास है। अनिल वर्मा ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर रास्ते के ऊपर छज्जा निकालकर किचन और कमरा बनाया था। मकान के इसी भाग को प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। अनिल वर्मा ने विधायक आशा मौर्या पर चुनावी रंजिश में घर का अगला हिस्सा गिरवाये जाने का आरोप लगाया। अनिल वर्मा का आरोप है कि उसी मार्ग पर अन्य घरों के भी छज्जे निकले हुए हैं किंतु उनपर कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं, ईओ शैलेंद्र दुबे के मुताबिक मोहल्लेवासियों की शिकायत पर रास्ते के ऊपर छज्जे पर अतिक्रमण कर बनाए गए कमरे को जेसीबी की मदद से हटाया गया है। आसपास मार्ग के ऊपर बनाए गए छज्जे वाले घरों के मालिकों को भी नोटिस जारी कर दी गयी है। उधर, विधायक आशा मौर्या ने आई इंडिया को बताया कि इस मामले से उनका कोई लेनादेना नहीं है। वह इन दिनों हिमांचल में हैं। इसी प्रकरण में मंगलवार की रात महमूदाबाद में होर्डिंस लगवाई गई थीं जो रातोंरात गायब भी हो गईं। बुधवार को मामले में पूर्व विधायक की इंट्री से सियासत फिर गर्म हो गई है।

## बालक की चार पहिया वाहन से जोरदार टक्कर, मौत

**मोहम्मदी खीरी।** मगरेना गांव में आजम वेग पुत्र तालिव वेग ;उम्र 17 वर्षद्ध घर का सामान लेने जा रहा था। तभी मोहम्मदी रोड से आ रहा वाहन डम्पर यूपी 25सीसी0810 ने जोर दार टक्कर मार दी। इससे बालक ने मौके पर दम तोड दिया। वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। जिसे मोहम्मदी पुलिस ने पुवाया के समीप पकड़ा। बालक की मौत की सूचना जैसे ही गांव वालों को हुई लोगों में आक्रोष फैल गया। बालक की मौत की सूचना जैसे ही गांव वालों को हुई लोगों में आक्रोष फैल गया। तत्काल मौके पर कोतवाल अंबर सिंह दलबल के साथ पहुंचे तथा किसी तरह इन लोगों को समझाया बुझाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि डंपर और चालक पुलिस की गिरफ्त में है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

चोरों ने पहले विद्यालय फिर बैंक को बनाया निशाना

# मछरेहटा में नहीं थम रहा बाइक चोरी का सिलसिला

संवाददाता। मछरेहटा/सीतापुर

● लगातार हो रही चोरियों पर नही लग पा रहा अंकुश

● मछरेहटा थाना क्षेत्र में सप्ताह के अंदर दो मोटरसाइकिल व एक साइकिल हो चुकी चोरी

**मछरेहटा थाना क्षेत्र** इन दिनों मोटरसाइकिल चोरी की वजह से सुर्खियों में है पिछले सप्ताह से अब तक लगातार सिलसिलेवार हो रही चोरियां रुकने का नाम नही ले रही है, मछरेहटा पुलिस हाथ हाथ धरे बैठी है। यदि पुलिस की शतर्कता बनी होती तो एक हफ्ते में लगातार दो मोटरसाइकिल चोरी न होती। बताते चले क्षेत्र में मोबाइल चोरी व मोटरसाइकिल का एक गिरोह पूरी तरह सक्रिय है। क्योंकि पिछले हफ्ते मछरेहटा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से एक साइकिल चोरी हो गयी वही उसी हफ्ते बीआरसी के बाहर से एक मोटरसाइकिल भी चोरी हो गयी। पूरा एक हफ्ता भी न बीत पाया कि दिनाँक 28 जून को दोपहर करीब 3 बजे मछरेहटा आर्यावर्त बैंक के सामने से एक मोटरसाइकिल आई स्मार्ट भी चोरी हो गयी । मिश्रिख ब्लॉक के ग्राम पतौजा निवासी पंकज मिश्रा जो एक हेल्थ इंसोरेंस कंपनी में काम करते है वह मछरेहटा आर्यावर्त बैंक अपनी मोटरसाइकिल आई स्मार्ट यूपी 34- 9633 से बैंक के काम से आये थे करीब तीन साढ़े तीन बजे उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। इस घटना से आहत पंकज मिश्रा ने मछरेहटा थाने में तहरीर दी है लेकिन पंकज मिश्रा का कहना है कि मछरेहटा पुलिस ने मेरी रिपोर्ट अभी भी दर्ज नही की है मोटरसाइकिल की चोरियों का सिलसिला थम नही पाया कि ग्राम पंचायत केसरा के ग्रामीण भी एक तहरीर लेकर थाने पर खड़े दिखे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बने मंदिर के पांच घण्टे दिनाँक 28 की रात चोर चुरा ले गए है हाल में ही थाना मछरेहटा के कांस्टेबल मनोज कुमार का मोबाइल उनके कमरे से चोरी हो गया था जो सर्विलांस के बाद बरामद हुआ ।फिलहाल पुलिस ने मोबाईल चोर को जेल भेज दिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि जब चोरियों से खुद पुलिस महफूज़ नही है तो ये औरो की सुरक्षा कैसे करेंगे ? फिलहाल क्षेत्र में लगातार हो रही सिलसिलेवार चोरियो पर थाना प्रभारी अंकुश नही लगा पा रहे है वही मछरेहटा क्षेत्र के लोगो मे ये चिंता का विषय बना हुआ है।अ ब देखना यह होगा कि की मछरेहटा पुलिस इन चोरियों पर किस तरह लगाम लगा सकती है ?

# तीसरे दिन बरामद हुआ लापता आईटीआई छात्र का शव

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**जनपद लखीमपुर** की तहसील मोहम्मदी की कोतवाली पसगवा से लापता चल रहे आईटीआई के छात्र का शव तीसरे दिन शारदा नहर की निपनिया झाल पिहानी से बरामद हुआ। बताया जाता है कि सोमवार की शाम से छात्र पसगवा अपने घर से लापता था।

जानकारी के अनुसारए पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम म ?वा की पूर्व प्रधान सुशीला देवी का बेटा प्रियांशु हरदोई में आईटीआई का छात्र था। रविवार को वह हरदोई से घर पसगवा वापस आया था। सोमवार शाम लगभग चार बजे वह घर से किसी बात पर गुस्सा होकर मोबाइल छो? कर साइकिल से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा। इस बीच परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसका कुछ पता नहीं चलने पर पिता अशोक कुमार ने पसगवां थाने में प्रियांशु की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तलाश के दौरान प्रियांशु की साइकिल और चप्पल शारदा नहर पसगवां के पास पड़े मिले थे। बुधवार को तीसरे दिन घटनास्थल से लगभग पचास किमी दूर पिहानी कोतवाली क्षेत्र में शारदा नहर की निपनिया झाल में उसका शव उतराता मिला। मृतक माता.पिता का इकलौटा पुत्र था। उसकी दो छोटी बहनें हैं।

## सांसद ने दुर्घटना में मृतकों के परिजन को दी सहायता चेक

**संडीला ( हरदोई )।** सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल व्यक्तियों के परिजन को सांसद एवं विधायक ने शासकीय सहायता की चेकों का वितरण किया। ग्राम बहुती के मजरा पकरियाकोल, भिखनीखेड़ा तथा ग्राम गुड़वा के एक दर्जन लोग लखनऊ से वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गये थे। जिनमें से सात लोगों शैलेन्द्र पुत्र संतराम, रामाधार पुत्र परसू, पुरुषोत्तम पुत्र लक्ष्मी, जयकरन व सभमभर पुत्रगण दुधई, राहुल पुत्र नरेश तथा शामीन पुत्र अमीन की मौत हो गयी थी। जबकि पांच लोग घायल हो गये थे। मृतकों के परिजनों को सांसद अशोक रावत, क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने मुआवजे की चेकें गांव जाकर दी। मृतक शैलेन्द्र की पत्नी पूनम, रामाधार के पिता इंदल, पुरुषोत्तम के पिता लक्ष्मी, जयकरन और ससम्भर के पिता दुधई, राहुल के पिता नरेश, मृतक शमीम की पत्नी यासमीन को दो दो लाख रुपये के चेक दिये गये जबकि घायलों को पचास पचास हजार रुपये के चेक दिये गये। इस अवसर पर एसडीएम डी पी सिंह भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला उद्योग बंधु की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम एमवाईएसवाई ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

एसपी संजीव सुमन ने कहा कि कभी भी किसी भी उद्यमी को सुरक्षा दृष्टिकोण से कोई भी सूचना या सहायता की आवश्यकता महसूस हो वह निसंकोच उनके मोबाइल पर बात कर उपलब्ध करा कर निदान पा सकता है। इन दौरान सीडीओ अनिल सिंहए उपायुक्त उद्योग संजय सिंहए एक्सईएन विद्युत प्रदीप कुमार वर्मा प्रधानाचार्य आईटीआई वाईडी सिंह एलडीएम अजय कुमार पांडेय एएलसी डॉ महेश कुमार पांडेय अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कप्तान ने चार्ज लेते ही जेल भेजे 90 वांछित अपराधी

**बरेली।** तेजतर्रार एसएसपी सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने चार्ज लेते ही शहर धमाल कर दिया एक ही दिन में 90 वांछित अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत मंगलवार को 90 वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया है जिसमें नगर क्षेत्र के सीओ प्रथम के क्षेत्र में 11 सीओ द्वितीय के क्षेत्र में चार सीओ तृतीय के क्षेत्र में 21 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीओ आंवला क्षेत्र में 16 सीओ मीरगंज क्षेत्र में चार सीओ फरीदपुर क्षेत्र में नवाबगंज क्षेत्र में 12 नवाबगंज क्षेत्र में 13 54 वॉंटियो को ग्रामीण क्षेत्र में 36 शहरी क्षेत्र में गिरफ्तार किया है टॉप तीन थानों के वांछित अपराधियों में 12 तरीके नो कैंट के छह और इज्जत नगर के छह शामिल है बॉटम के 3थानों में सुभाष नगर में एक वारंटी पकड़ा, ग्रामीण क्षेत्र के टॉप 3 थानों में भोजीपुरा के 9 भमोरा के 7 फरीदपुर के 7 वारंटी ओं को गिरफ्तार किया है ।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत-दो घायल

**बरेली** । मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी एक की मौके पर ही मौत हुई कई दो को मामूली चोटें आई उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव पतरासी निवासी 25 वर्षीय जसपाल पुत्र बेगराज कि बीती रात भोजीपुरा थाना क्षेत्र के सहेरा पचपेड़ा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जसपाल कल दिन में भोजीपुरा के गांव पैगा निवासी अपनी बहन मुन्नी के घर गया था जहां से शाम को बहनोई आंगन लाल और भांजे के साथ बहेरपुरा की बाजार से खरीदारी करने के लिए गया था जहां से वापस लौटते समय जब उनकी बाइक सहेरा पचपेड़ा इलाके में पहुंची तभी तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े और घायल हो गए लेकिन जसपाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जसपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर दो अन्य घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जसपाल की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई ।

# पेज एक का शेष

### उद्धव ठाकरे...

यह दावा करते हुए शक्ति परीक्षण कराने की मांग की कि शिवसेना के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में आ गई है। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने राज्यपाल कोश्यारी के निर्देश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। शिंदे के वकीलों ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि उद्धव ठाकरे नीत खेमा पार्टी के अंदर ही अल्पमत में है और विधानसभा में शक्ति परीक्षण विधायकों की खरीद-फरोख्त रोकने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है। शिंदे के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला की अवकाशकालीन पीठ से कहा कि शक्ति परीक्षण में किसी तरह का विलंब होने से लोकतांत्रिक राजनीति को और नुकसान होगा।

### शिवसेना के...

को शक्ति परीक्षण में भाग लेने के लिए मुंबई पहुंचने की योजना बनाई है, जिसका आदेश महाराष्ट्र के राज्यपाल ने दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या असंतुष्ट भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करेंगे, शिंदे ने कहा, हम उसके बाद अपनी भविष्य की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा, हम बालासाहेब ठाकरे के शिव सैनिक हैं। हम हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। हम महाराष्ट्र और राज्य के लोगों के विकास के लिए काम करेंगे। राज्यपाल कोश्यारी ने विधानसभा सचिव को लिखे अपने पत्र में निर्देश दिया, महाराष्ट्र विधानसभा का एक विशेष सत्र 30 जून (बृहस्पतिवार) को पूर्वाह्न 11 बजे बुलाया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान एकमात्र एजेंडा होगा और किसी भी सूरत में सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक पूरी करनी होगी। पत्र में कहा गया है, सदन की कार्यवाही का सीधा (लाइव) प्रसारण किया जाएगा और इसके लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे।

### औरंगाबाद का...

का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का नाम किसान नेता दिवंगत डीबी पाटिल के नाम पर रखने को भी मंजूरी दी गई। दिलचस्प बात यह है कि राज्य योजना एजेंसी सिडको ने पहले नवी मुंबई हवाई अड्डे का नाम शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया था। गौरतलब है कि जब शिवसेना ने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन समाप्त किया था और कांग्रेस तथा राकांपा के साथ हाथ मिलाया था तभी से भाजपा उसे औरंगाबाद का नाम बदलने की अपनी पूर्व की मांगों की याद दिलाती रही है। औरंगाबाद नाम मुगल बादशाह औरंगजेब के नाम पर रखा गया था।

### भाजपा खेमे...

और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, आखिरकार सच्चाई की जीत हुई। भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा, फडणवीस हमेशा कहते थे कि वह सदन में लौटेंगे। अब, समय आ गया है। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में वापसी करेंगे।

### पाकिस्तान से...

गौस मोहम्मद के रूप में पहचाने जाने वाले दो लोगों ने मंगलवार को उदयपुर में अपनी दुकान पर कन्हैया लाल की चाकू से हत्या कर दी और ऑनलाइन वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि वे इस्लाम का अपमान कर रहे हैं। पुलिस प्रमुख ने कहा कि दोनों को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। लाठेर ने कहा कि सभी दृष्टिकोणों को देखते हुए और मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे आतंकी कृत्य माना गया, इसलिए यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। लाठेर ने कहा कि 2014 में गौस मोहम्मद ने दावत-ए-इस्लामी, कराची का दौरा किया था। उन्होंने कहा कि संगठन के मुंबई और दिल्ली में कार्यालय हैं। आरोपी रियाज वेल्डर का काम करता है और गौस छोटे-मोटे काम करता है। डीजीपी ने कहा कि यह भी पता चला है कि कन्हैया को मारने के लिए इस्तेमाल किया गया हथियार करीब चार-पांच साल पहले रियाज ने बनाया था।

### जगह-जगह...

ने कहा कि स्थानीय लोग भीम कस्बे में एकत्रित हो गए थे और वे हमले की नीयत से एक धार्मिक स्थान की तरफ बढ़ रहे थे और पुलिस ने आंसू गैस का प्रयोग कर उन्हें रोका। उन्होंने कहा कि भीड़ में कुछ लोगों ने पुलिस कर्मी पर तलवार से हमला कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजसमंद पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि जब भीड़ को रोका गया तो उसने पुलिस पर पथराव कर दिया।

### जीएसटी क्षतिपूर्ति...

के साथ यह निर्णय किया गया था कि राज्यों को इस नई कर व्यवस्था से राजस्व का नुकसान होने पर पांच साल तक उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी। महामारी के कारण पिछले दो साल आर्थिक गतिविधियों के बुरी तरह प्रभावित रहने का हवाला देते हुए कई राज्यों ने इस व्यवस्था को आगे भी जारी रखने की मांग की है। इस बारे में जीएसटी परिषद की बैठक में चर्चा की गई लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ। सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

### उपराष्ट्रपति के...

के अनुच्छेद 68 के अनुसार, निवर्तमान उपाध्यक्ष के पद की अवधि की समाप्ति के कारण हुई रिक्ति को भरने के लिए चुनाव कार्यकाल की समाप्ति से पहले पूरा किया जाना आवश्यक है। 16वें उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य मतदान कर सकते हैं। मतदान गुप्त मतदान द्वारा किया जाता है। इस चुनाव में खुले मतदान की कोई अवधारणा नहीं है और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपतिचुनाव के मामले में किसी भी परिस्थिति में किसी को भी मतपत्र दिखाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, चुनाव आयोग ने आगाह किया कि पार्टियां अपने सांसदों को मतदान के मामले में व्हिप जारी नहीं कर सकती हैं।

### ओवैसी के...

चार विधायकों और पुराने विश्वासपात्रों के साथ मुस्कुराते हुए तेजस्वी सदन अध्यक्ष के कक्ष से निकले और बधाई संदेशों का जवाब देते हुए विधानसभा परिसर से बाहर चले गए। इन चारों विधायकों के राजद में शामिल हो जाने के बाद 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में इस दल के विधायकों की संख्या अब बढ़ाकर 80 हो गई है जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के साथ सत्ता साझा करने वाली भाजपा से तीन अधिक है। हैदराबाद के फायरब्रांड सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में पांच सीटें जीतकर काफी चर्चा में रही थी पर अब इसके केवल एक विधायक अमौर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अख्तरुल ईमान बचे हैं जो कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

### रुपया 79...

में विदेशी धन की निकासी, डॉलर के दो दशक के उच्चस्तर तक मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती आने के बीच, भारतीय रुपया इस साल की शुरुआत से नीचे आ रहा है। मुद्रास्फीति बढ़ने, चीन में लंबे समय तक कोविड-19 लॉकडाउन, प्रमुख केंद्रीय बैंकों के सख्त मौद्रिक रुख तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की वजह से वैश्विक आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और इसके कारण डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में करीब 6.30 प्रतिशत की तेज गिरावट आई है।

### अभूतपूर्व सुरक्षा...

की 350 से अधिक कंपनियों को तैनात किया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) सहित जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रीय दलों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है और लोगों से उनकी सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के लिए पारंपरिक पहलगाम-चंदनवाड़ी मार्ग और बालटाल मार्ग दोनों को खोल दिया है।

### अमरनाथ यात्रा...

महत्वपूर्ण मुठभेड़ है क्योंकि कार्वाई एनएचडबल्यू (यात्रा मार्ग) के बहुत नजदीक हुई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस और सेना का संयुक्त दल मीर बाजार के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदिग्ध इलाकों की छानबीन कर रहा था। अधिकारी ने कहा, उन्होंने इलाके की घेराबंदी की जिसके दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी की, सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्वाई की जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान समाप्त हो गया है और इसमें दो आतंकवादी मारे गए। उनकी पहचान यासिर वानी और रईस मंजूर के रूप में हुई है।

# कन्हैया लाल का अंतिम संस्कार, कर्फ्यू तोड़कर जुटी भारी भीड़

**भाषा।** उदयपुर (राजस्थान)

**राजस्थान** के उदयपुर जिले में मंगलवार को दो लोगों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने के बाद दर्जी कन्हैयालाल के शव का बुधवार को उदयपुर के अशोक नगर श्मशान घाट में बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्मशान घाट पर मौजूद लोगो ने भारत माता की जय, कन्हैया हम शर्मिंदा है तेरे कातिल जिंदा हैं.. जैसे नारे लगाए। स्थानीय लोगों ने गुस्से के साथ घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपराध में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की। मृत दर्जी की पत्नी जसोदा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्हैया कई दिनों से डरा हुआ था और धमकी के चलते उसने छह दिन तक दुकान नहीं खोली और दुकान खोलते ही उसकी हत्या कर दी गई।

दर्जी कन्हैया (46) का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के दो बेटे है। कन्हैया लाल की अंतिम यात्रा सेक्टर 14 स्थित उनके आवास से शुरू हुई और उनका अंतिम संस्कार भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अशोक नगर श्मशान घाट पर किया गया। उदयपुर के कई हिस्सों में बीती रात कर्फ्यू लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कन्हैया के आवास पर जमा हो गए और उनके समर्थन में नारेबाजी की। उनके आवास से अंतिम यात्रा के शुरू होने के बाद कई लोग मोटरसाइकिल और कारों में सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। उनमें से कुछ लोग भगवा झंडा लिए हुए थे और भारत माता की जय .. देश के गद्दारों को गोली मारो,.. कन्हैया हम शर्मिंदा है तेरे कातिल जिंदा है.. आदि नारे लगाए।

मृतक के घर के बाहर रो रही महिला परिजन बार बार आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। कुछ लोगों ने अशोक नगर श्मशान घाट के पास मुस्लिम समुदाय के एक कब्रिस्तान के गेट को तोड़ने की भी कोशिश की और पथराव किया। हालांकि पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया। श्मशान घाट के अंदर भी लोगों ने मोदी मोदी के नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया दर्जी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले कटारिया पोस्टमार्टम के समय अस्पताल की मोर्चरी में गए और परिजनों को उनके आवास पर सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि दर्जी कन्हैया लाल की मंगलवार को दो लोगों ने हत्या कर दी थी। आरोपियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कहा गया था कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला ले लिया। दोनों आरोपियों को राजसमंद जिले के भीम में नाकाबंदी के दौरान पकड़ लिया गया।

दर्जी की हत्या की घटना से उदयपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई और मंगलवार रात को शहर के सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया। इस बीच, घटना के विरोध में सिरोही के रेवदर कस्बे और जालोर जिले के आसपास के इलाकों में बाजार बंद रहे। राज्य की पुलिस भी अलर्ट पर रही और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। राज्यभर में बुधवार को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेंज के प्रभारी पुलिस महानिदेशक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी बुधवार को राज्य में शांति व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के लिए अपने अपने क्षेत्रों में रहे।



## राजस्थान सरकार मूकदर्शक बनी रहीः अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राजस्थान के उदयपुर में दो व्यक्तियों द्वारा एक दर्जी की नृशंस हत्या करने की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य सरकार इस पर मूकदर्शक बनी रही और कांग्रेस की आंतरिक प्रतिद्वन्द्विता के कारण कानून एवं व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो व्यक्तियों द्वारा कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की हत्या किए जाने के बारे में सवालों के जवाब में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव पर राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए। ठाकुर ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था राज्य का मुद्दा होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हमेशा अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। ऐसी कई घटनाएं घटी हैं लेकिन इस बार सभी सीमाएं पार हो गई। यह अत्यंत निंदनीय है। गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में धान मंडी में दो व्यक्तियों द्वारा कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की हत्या कर दी गई। दोनों व्यक्तियों की पहचान रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद के रूप में हुई है और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। ठाकुर ने कहा कि उदयपुर में जो कुछ भी हुआ, वह राजस्थान में प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा करता है क्योंकि यह शांतिपूर्ण प्रदेश है और यहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा, यह एक बड़ा उदाहरण है कि किस प्रकार से राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के तहत कानून एवं व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हुई है। सात दिन पहले एक वीडियो जारी हुआ और इसके बाद कोई एहतियाती कदम नहीं उठाया गया तथा सरकार मूकदर्शक बनी रही। इससे स्पष्ट होता है कि किस प्रकार से वोट बैंक की राजनीतिक के कारण कानून एवं व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई और आतंक को को जड़ें जमाने दी गईं। मंत्री ने दावा किया कि पूरे राज्य में भय का माहौल बनाया जा रहा है और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व एवं गहलोत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई से कानून एवं व्यवस्था प्रभावित हुई है और सरकार के नाम पर वहां कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अब एनआईए की जांच शुरू हुई है और उन्हें पूरा विश्वास है कि तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी ही पड़ा था उसके पीछे, पुलिस ने मामले को नहीं लिया गंभीरता से

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार को बेरहमी से हत्या कर दिए गए कन्हैया लाल को आशंका थी कि दुकान खोलने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी और उसने पुलिस सुरक्षा की मांग भी की थी लेकिन पुलिस ने कन्हैया और नाजिम के बीच मामले को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की। कन्हैया के पड़ोसी नाजिम ने 11 जून को कन्हैया के खिलाफ एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मामला दर्ज कराया था, जिसमें दर्जी कन्हैया लाल को गिरफ्तार किया गया था। दर्जी ने 15 जून को धान मंडी थाने में संपर्क किया और नाजिम तथा पांच अन्य के खिलाफ लिखित शिकायत दी कि वे उसकी दुकान की रेकी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नाजिम और अन्य ने सोशल मीडिया पर अपने समुदाय के समूहों में उसकी तस्वीर प्रसारित की और सभी को निर्देश दिए कि अगर वह (कन्हैया) कहीं भी दिखे या वह अपनी दुकान खोलता है तो उसे मार दिया जाए। शिकायत में कन्हैया ने कहा था कि उस पर दुकान नहीं खोलने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने शिकायत में कहा कि नाजिम और पांच अन्य व्यक्ति मेरी दुकान की रेकी कर रहे हैं और मुझे दुकान खोलने नहीं दे रहे हैं। सुबह शाम पांच सात लोग मेरी दुकान में चक्कर लगा रहे हैं और मुझे पता चला है कि जैसे ही मैं दुकान खोलूंगा वे मुझे मारने की कोशिश करेंगे। चूंकि नाजिम और अन्य चार पांच लोगों ने अपने समुदाय समूह में मेरा नाम और फोटो प्रसारित किया है और सभी से कहा गया है अगर यह आदमी कहीं दिखाई देता है या खरीददारी करने आता है तो उसे मार डालो क्योंकि उसने एक विवादास्पद पोस्ट किया है। कन्हैया लाल के हवाले से दी गई शिकायत में कहा गया है कि वे मुझ पर दुकान ना खोलने का दबाव बना रहे है और अगर मेरे द्वारा दुकान खोली गई तो ये लोग मुझे मार डालेंगे।



जम्मू में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता उदयपुर दर्जी हत्याकाण्ड को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## पीएम का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का रूप ले चुका हैः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने के फैसले को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। उन्होंने ट्वीट किया, घटती आमदनी और रोज़गार, ऊपर से महंगाई का बढ़ रहा प्रहार। प्रधानमंत्री जी का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। अब दही, पनीर, शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### भवनों को गिराने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर न्यायालय 13 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पैगंबर मोहम्मद के बारे में भाजपा के दो निलंबित पदाधिकारियों की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर और प्रयागराज में हुई हिंसा में संलिप्त आरोपियों से संबद्ध भवनों को कानून से परे जाकर गिराए जाने के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं पर वह 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश जारी किया। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होने याचिकाकर्ता एवं एक मुस्लिम संगठन जमियत उलेमा ए हिंद की याचिका द्वारा सामने लाए गए तथ्यों का जवाब देने के लिए एक पत्र जारी कर कुछ और वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है और उनकी याचिका पर मंगलवार को एक नोटिस जारी किया गया। मेहता ने यह पूछे जाने पर इस बात का जिक्र किया कि प्रभावित पक्ष (मकानों को ध्वस्त किए जाने के) ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय में मौजूद मामले से इसका कोई लेना-देना नही है। इसके बाद पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता नित्य रामाकृष्णन को याचिकाकर्ता मुस्लिम संगठन की ओर से पेश होने को कहा। साथ ही, क्या राज्य सरकार द्वारा मांगे गए समय पर उन्हे कोई आपत्ति है। रामाकृष्णन ने कहा कि उन्हे कोई आपत्ति नही है और उच्चतम न्यायालय जुलाई की तारीख दे सकता है, जब छुट्टियो के बाद शीर्ष न्यायालय फिर से खुल जाएगा। पीठ ने विषय की आगे की सुनवाई के लिए 13 जुलाई की तारीख निर्धारित कर दी। जमियत ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में कथित अवैध ढांचे ढहाए जाने के मुद्दे पर एक अन्य याचिका भी दायर की थी। उप्र सरकार ने एक हलफनामे में शीर्ष न्यायालय से कहा था कि भवनों और अन्य अवैध ढांचों को ध्वस्त करने की यह कार्वाई कानून के मुताबिक की गई और इसका उद्देश्य हिसक प्रदर्शनो मे संलिप्त आरोपियो को दंडित करना कही से भी नही था।

### सीबीएसई, सीआईएससीई 15 जुलाई तक दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित करेंगे


**नई दिल्ली।** सीबीएसई और सीआईएससीई दसवी और 12वी कक्षा के बोर्ड परीक्षाओ के नतीजे 15 जुलाई तक घोषित कर सकते है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया चल रही है और उम्मीद है कि परिणाम 15 जुलाई तक घोषित कर दिए जाएंगे। वर्ष 2021-2022 के लिए शैक्षणिक सत्र को विभाजित करना, दो सत्रांत परीक्षा आयोजित करना और दसवी और 12वी कक्षा के लिए पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाना, सीबीएसई द्वारा कोविड-19 महामारी को देखते हुए एक बार के लिए घोषित बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष मूल्यांकन योजना का हिस्सा था। सीआईएससीई ने भी इसका पालन किया था। सीबीएसई की दसवी कक्षा की परीक्षा 24 मई को संपन्न हुई, जबकि 12वी कक्षा की परीक्षाएं 15 जून को समाप्त हुई थी। सीआईएससीई की दसवी कक्षा की परीक्षा 20 मई को और 12वी कक्षा की परीक्षा 13 जून को संपन्न हुई थी। अधिकांश राज्य बोर्डो ने परीक्षाओ के परिणाम घोषित कर दिए है। सीबीएसई और सीआईएससीई ने दसवी और 12वी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं महामारी के मद्देनजर देर से कराई थी।

### अंग्रेजों के जमाने का पटना डीएम कार्यालय ध्वस्त

**पटना।** ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित फिल्म गांधी मे दिखाए गए और अंग्रेजो के शासन के दौरान निर्मित पटना के जिलाधिकारी कार्यालय भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। यह इमारत सदियों पुराने आयुक्तालय परिसर की हिस्सा थी। प्रशासन के इस कदम से धरोहर प्रेमी और गांधीवादी शोकाकुल है। करीब दो दिन पहले गंगा नदी के किनारे बने पटना आयुक्तालय की दो मंजिला भव्य मुख्य इमारत को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। अब वहां केवल मलबा है। इस इमारत को बिहार सरकार की पुनर्विकास योजना के तहत ध्वस्त किया गया है। बुधवार को मजदूरो को इमारत का मलबा हटाते देखा गया जो कभी जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियो का कार्यालय था। इस इमारत का निर्माण 20वी सदी की शुरुआत में कराया गया था। शहर के धरोहर प्रेमियों ने अधिकारियों से अपील की थी वे ऐतिहासिक कलाकृतियो जैसे पुरानी तिजोरी, घड़ी, फर्नीचर, बत्तियां, घुमावदार सीढ़ी, पुरानी स्टीम रोलर और बहुत ही पुराने प्रिंटिंग मशीन को बचाएं क्योकि आयुक्तालय परिसर में मौजूद इस इमारत को चरणबद्ध तरीके से गिराने की घोषणा की गई थी। आयुक्तालय कार्यालय के नजदीक रहने वाले एक व्यक्ति ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया, इमारत को ध्वस्त करने का कार्य उसी दिन (24 जून) शुरू हुआ जिस दिन गंगा ड्राइव (गंगा के किनारे-किनारे बनी सड़क) का उद्घाटन हुआ, मैंने देर रात तक बुलडोजर की आवाज सुनी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत शुक्रवार को 3,831 करोड़ रु की लागत से तैयार जेपी गंगा पथ को आम लोगो के लिए खोला था जिसे पटना का मरीन ड्राइव बताया जा रहा है। 13 मई को उच्चतम न्यायालय ने विरासत संगठन इनटैक की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें पटना के आयुक्तालय कार्यालय की इमारत को ध्वस्त करने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

## नायडू ने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया

**चेन्नई।** छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के लिए ध्यान देने पर जोर देते हुए उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को देशभर के स्कूलों से कहा कि बच्चों में जिज्ञासा, नवाचार और उत्कृष्टता की भावना मजबूत की जाए। उप राष्ट्रपति ने वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) द्वारा यहां केलामबक्कम के पास कयार में स्थापित वेल्लोर इंटरनेशनल स्कूल (वीआईएस) का उद्घाटन करते हुए कहा, छात्रों को स्वयं सोचने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, उन्हें 21वीं सदी की समस्याओं के समाधान के लिए नई तकनीकों के उपयोग के लिए दक्ष बनाया जाना चाहिए। वीआईटी शिक्षण संस्थान समूह की शैक्षणिक यात्रा में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सराहना करते हुए नायडू ने कहा कि वीआईटी समूह निजी क्षेत्र में उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के वास्ते सतत प्रयास कर रहा है। मुझे विश्वास है कि यह संस्थान उनकी इस यात्रा में एक और उपलब्धि होगा।




नई दिल्ली में करपात्री महाराज पर स्मारक डाक टिकट का विमोचन करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## उद्धव ने 52 विधायकों को छोड़ा, सरकारी आवास छोड़ा लेकिन राकांपा प्रमुख को नहीं छोड़ाः पाटिल

**मुंबई।** शिवसेना के बागी विधायक एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गुलाबराव पाटिल ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने 52 विधायकों को छोड़ चुके हैं, लेकिन राकांपा के प्रमुख शरद पवार को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। गुलाबराव पाटिल ने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर प्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि बागी विधायक अवसरवादी नहीं थे और उन्होंने पार्टी और अपने नेता के लिए सब कुछ किया जब वे ऐसा करने की स्थिति में भी नहीं थे। शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी विधायकों के एक समूह की बगावत के कारण महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार के अस्तित्व पर खतरा पैदा हो गया है। गुलाबराव पाटिल भी बागी विधायकों के इस समूह में शामिल हैं। ये विधायक शिवसेना प्रमुख से राकांपा और कांग्रेस के साथ संबंध तोड़ने का आग्रह कर रहे हैं। राज्य की एमवीए सरकार में शिवसेना के अलावा राकांपा और कांग्रेस भी शामिल है।

शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे की अगुवाई में पार्टी के विधायकों के एक समूह ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ करीब एक सप्ताह पहले बगावत कर दी थी। इसके बाद इन विधायकों को सूरत के होटल ले जाया गया था, जहां से विधायकों का यह समूह गुवाहाटी चला गया था। गुलाबराव पाटिल ने गुवाहाटी में शिवसेना के अन्य बागी विधायकों को संबोधित करते हुए कहा, उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास वर्षा छोड़ दिया, 52 विधायकों को छोड़ दिया, सभी को छोड़ दिया, लेकिन वह शरद पवार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। हमें जो कुछ भी मिला है वह भी हमारे द्वारा किए गए बलिदानों के कारण है। हमने अपने घर का बलिदान दिया है। हम अवसरवादी नहीं हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को शिवसेना के बागी विधायकों से मुंबई वापस लौटने और बातचीत करने की अपील की थी। पार्टी नेता संजय राउत की टिप्पणी के लिए कि पाटिल को उनकी पान की दुकान पर वापस भेजा जाएगा।

## देश में 3.59 करोड़ घरेलू गैस ग्राहकों ने नहीं भराया साल भर में एक भी सिलेंडरः आरटीआई

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**रसोई गैस** की बढ़ती महंगाई के बीच सूचना के अधिकार से खुलासा हुआ है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल मार्केटिंग कंपनियों के कुल 3.59 करोड़ घरेलू गैस कनेक्शन धारकों ने पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान एक भी सिलेंडर नहीं भराया। वहीं, 1.20 करोड़ ग्राहकों ने पूरे साल में केवल एक सिलेंडर भराया। गौर करने वाली बात है कि ए ग्राहक गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) से नहीं जुड़े हैं। पीएमयूवाई के तहत ग्राहकों को सरकारी सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं।

नीमच के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने बुधवार को बताया कि उन्हें घरेलू गैस ग्राहकों से संबंधित जानकारी सूचना का अधिकार कानून के तहत मिली है। जानकारी के मुताबिक, 2021-22 के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में घरेलू गैस का एक भी सिलेंडर नहीं भराने वाले गैर पीएमयूवाई ग्राहकों की तादाद 2.80 करोड़ रही, जबकि इस अवधि में कम्पनी के 62.10 लाख गैर पीएमयूवाई ग्राहकों ने केवल एक सिलेंडर भराया। आरटीआई के तहत गौड़ को मिले ब्योरे से पता चलता है कि 2021-22 में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के गैर पीएमयूवाई ग्राहकों की श्रेणी में 49.44 लाख लोगों ने घरेलू गैस का एक भी सिलेंडर नहीं भराया, जबकि 33.58 लाख व्यक्तियों ने महज एक सिलेंडर भराया।

इसी तरह, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में 2021-22 के दौरान घरेलू गैस के 30.10 लाख गैर पीएमयूवाई ग्राहकों ने एक भी सिलेंडर नहीं भराया, जबकि इस श्रेणी के 24.62 लाख ग्राहक ऐसे थे जिन्होंने साल भर में सिर्फ एक सिलेंडर भराया। अर्थशास्त्री जयंतीलाल भंडारी ने इन आंकड़ों की रोशनी में कहा,रसोई गैस की बढ़ती महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लिहाजा हो सकता है कि खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई गरीब लोग लकड़ी, उपलों और कोयले सरीखे सस्ते पारम्परिक ईंधनों की ओर लौट गए हों। शहरी क्षेत्रों में पाइपलाइन के जरिए घरों तक रसोई गैस की आपूर्ति से सिलेंडरों पर लोगों की निर्भरता घटी है। इंदौर के एक डीलर ने बताया कि चार सदस्यों वाला कोई परिवार आमतौर पर साल भर में घरेलू गैस के आठ से 12 सिलेंडर भराता है। हालांकि, यह आंकड़ा देश भर के परिवारों पर लागू नहीं हो सकता क्योंकि सिलेंडरों की सालाना खपत परिवारों की आर्थिक स्थिति और स्थानीय मौसमी हालात के मुताबिक अलग-अलग हो सकती है।

## अग्निपथ योजना के तहत वायु सेना को छह दिन में दो लाख से ज्यादा आवेदन मिले

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद छह दिन के भीतर दो लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया 24 जून को शुरू हुई थी और रविवार तक 56,960 तथा सोमवार तक 94,281 आवेदन प्राप्त हुए थे। योजना की घोषणा 14 जून को की गई थी और इसके एक सप्ताह बाद तक योजना के विरोध में कई राज्यों में प्रदर्शन हुए थे। प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने ट्वीट किया, 2,01,000 से अधिक उम्मीदवारों ने अग्निवीर वायु बनने के लिए आवेदन किया है। पंजीकरण की अंतिम तारीख पांच जुलाई 2022 है। वायु सेना ने ट्वीट किया, अब तक पंजीकरण वेबसाइट पर 1,83,634 भविष्य के अग्निवीरों ने आवेदन किया है। पंजीकरण पांच जुलाई को बंद होगा। सरकार साढ़े सत्रह से 21 वर्ष के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती करेगी।

## दार्जिलिंग में जीटीए चुनाव में गोरखा पार्टी ने 27 सीट पर जीत हासिल की

**भाषा।** कोलकाता

**दार्जिलिंग में** गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के चुनाव में नौ महीने पुराना भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) 45 में से 27 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जीटीए के पूर्व अध्यक्ष अनीत थापा के नेतृत्व में बीजीपीएम, बिमल गुरुंग के नेतृत्व वाले गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) से अलग हुआ एक गुट है, जिसने पर्वतीय क्षेत्र में एक दशक के बाद हुए जीटीए चुनाव का बहिष्कार किया था। अधिकारियों ने कहा कि एक अन्य नवगठित दल हमरो पार्टी ने आठ सीट पर जीत दर्ज की है तथा तृणमूल कांग्रेस के खाते में पांच सीट गई हैं। चुनाव में पांच निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी विजय हासिल की है।

पहली बार तृणमूल ने जीटीए चुनाव में सीट जीतने में कामयाबी हासिल की है। दार्जिलिंग की अर्ध-स्वायत्तशासी परिषद जीटीए का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ था। एक दशक के दौरान क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति में कई परिवर्तन होने के बाद यह चुनाव हुआ। चुनाव परिणाम के बारे में एक अधिकारी ने कहा, बीजीपीएम ने 27 सीट पर विजय प्राप्त की है। हमरो पार्टी ने आठ सीट जीती हैं। तृणमूल कांग्रेस ने पांच सीट जीती हैं और निर्दलीय के खाते में पांच सीट गई हैं। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष बिमल गुरुंग के नजदीकी सहयोगी थापा ने गत वर्ष सितंबर में बीजीपीएम का गठन किया था। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए।

थापा की पार्टी ने 36 सीट पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा, पर्वतीय क्षेत्र के लोग विकास चाहते हैं। हम सभी को क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना है। जीटीए के लिए चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि जो भी इसे नियंत्रित करता है उसे पर्वतीय क्षेत्र की राजनीति में काफी महत्व मिल जाता है। चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमरो पार्टी ने कहा कि वह जीटीए में एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। हमरो पार्टी के प्रमुख अजॉय एडवर्ड्स ने कहा, पर्वतीय क्षेत्र के लोगों ने जनादेश दिया है। हम इसे पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। टीएमसी के विजई उम्मीदवार बिनय तमांग ने कहा कि पार्टी क्षेत्र के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। टीएमसी ने 10 सीट पर चुनाव लड़ा था।

चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए जीजेएम प्रमुख बिमल गुरुंग ने दावा किया कि चुनाव परिणाम पर्वतीय क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को नहीं दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, जीटीए के पास कोई स्वायत्तता नहीं है। वर्ष 2012 में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) ने जीटीए के पहले चुनाव में सभी सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि हिंसक प्रदर्शन होने के कारण 2017 में चुनाव नहीं हुआ था और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक प्रशासक निकाय ने परिषद का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। इस बार भारतीय जनता पार्टी, जीजेएम और जीएनएलएफ ने चुनाव का बहिष्कार किया था। उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी महकुमा परिषद की नौ सीट, 22 पंचायतों और चार पंचायत समितियों के लिए भी सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, टीएमसी ने पंचायत समितियों में सर्वाधिक सीट जीती हैं और सिलीगुड़ी महकुमा परिषद में तृणमूल कांग्रेस आगे चल रही है। दिन में राज्य की छह नगर पालिकाओं के छह वार्डों में हुए उपचुनाव में भी मतों की गिनती हुई। इनमें से टीएमसी ने चार, जबकि कांग्रेस और माकपा ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की। कांग्रेस ने पुरुलिया जिले की झालदा नगर पालिका के वार्ड संख्या दो में 778 मतों के अंतर से जीत हासिल की, जबकि तृणमूल कांग्रेस उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी नगर पालिका के वार्ड संख्या आठ में विजई रही।

# यूरोप में सैन्य मजबूती बढ़ाएगा अमेरिका



एपी। मैड्रिड

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अमेरिका यूरोप में अपनी फौज बढ़ा रहा है और पोलैंड में पहला स्थाई केंद्र बनाएगा। मैड्रिड में नाटो के सदस्य देशों के नेताओं के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात में बाइडन ने कहा, नाटो मजबूत और एकजुट है और इस सम्मेलन में उठाए जाने वाले कदम हमारी सामूहिक शक्ति को और बढ़ाएंगे। बाइडन ने कहा कि अमेरिका पोलैंड में एक स्थाई मुख्यालय स्थापित कर रहा है, दो अतिरिक्त एफ-35 लड़ाकू विमान के बेड़े को ब्रिटेन भेज रहा है और जर्मनी तथा इटली में भी और अधिक वायु रक्षा तथा अन्य क्षमता वाली प्रणालियां भेजेगा। बाइडन ने कहा, आज मैं घोषणा कर रहा हूं कि अमेरिका यूरोप में अपने बल की मौजूदगी बढ़ाएगा तथा बदलते सुरक्षा परिदृश्य में वह सक्रियता दिखाएगा और हमारी सामूहिक सुरक्षा को पुख्ता करेगा। उन्होंने कहा, हम पोलैंड में एक स्थाई मुख्यालय, अमेरिकी पांचवी सैन्य कोर स्थापित करने जा रहे हैं और पूरे पूर्वी क्षेत्र में अमेरिका-नाटो अंतर-सक्रियता को मजबूत कर रहे हैं। बाइडन ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि रोटा, स्पेन में अपने नौसैनिक केंद्र पर अमेरिका दो अतिरिक्त विध्वंसक पोत तैनात करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन की प्रतिबद्धता है कि यूरोप में अमेरिका के एक लाख से अधिक जवानों की मौजूदगी रहेगी। यह संख्या चार महीने पहले यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने से पूर्व से करीब 20,000 बढ़ी है।

# समझौता हुए बिना अमेरिका के साथ ईरान की परमाणु वार्ता समाप्त

एपी। दुबई

**● अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने वार्ता के दौरान ईयू अधिकारी एनरिक मोरा के माध्यम से ईरान के प्रतिनिधियों से बात की**

**वैश्विक महाशक्तियों** के साथ संकट की स्थिति में पड़े ईरान के परमाणु समझौते को लेकर उसके और अमेरिका के बीच परोक्ष वार्ता गतिरोध तोड़े बिना समाप्त हो गई। ईरान की एक अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के विदेश विभाग और कतर में वार्ता की मध्यस्थता कर रहे यूरोपीय संघ ने दोहा में बातचीत समाप्त होने की बात तत्काल स्वीकार नहीं की है। हालांकि ईरान के कट्टरपंथी रिवॉल्यूशनरी गार्ड की करीबी माने जाने वाली तसनीम समाचार एजेंसी ने बातचीत समाप्त होने की बात कही और कहा कि इससे वार्ता में गतिरोध तोड़ने की दिशा में कोई असर नहीं पड़ा है। अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने वार्ता के दौरान ईयू अधिकारी एनरिक मोरा के माध्यम से ईरान के प्रतिनिधियों से बात की। मोरा ने संदेशों को ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बघेरी कानी तक पहुंचाया। तसनीम ने अज्ञात विश्वस्त सूत्रों के हवाले से दावा किया कि अमेरिका के रुख में ईरान को समझौते से आर्थिक रूप से लाभ मिलने की गारंटी शामिल नहीं है। ईरान और वैश्विक महाशक्तियों ने 2015 में परमाणु करार पर सहमति जताई थी। इसमें तेहरान ने आर्थिक पाबंदियां हटाने के ऐवज में तेजी से अपने यूरेनियनम संवर्धन की सीमा तय की। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में एकपक्षीय तरीके से अमेरिका को समझौते से हटा लिया जिसके बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव पैदा हो गया और हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। वियना में समझौता बहाल होने के बारे में वार्ता मार्च से रुकी हुई है।

## क्विक न्यूज

### तालिबान और अमेरिकी अधिकारी मुलाकात करेंगे

**इस्लामाबाद** । अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के वित्त और केंद्रीय बैंक के अधिकारी बुधवार को अमेरिका के राजकोषीय मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए बुधवार को कतर रवाना हुए। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब पिछले हफ्ते आए विनाशकारी भूकंप ने दर्शाया था कि देश की ध्वस्त हुई अर्थव्यवस्था कैसे अहम राहत कार्यों को करने में असफल है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ो के मुताबिक पिछले हफ्ते दक्षिण पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप में करीब 770 लोगों की मौत हुई है। लेकिन तालिबान ने मृतकों की संख्या 1,150 बताई है जबकि हजारों अन्य घायल हुए हैं। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हफीज जिया अहमद ने तालिबान सरकार के अधिकारियों और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक की पुष्टि की है। उन्होने बताया कि अफगान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेशमंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी कर रहे हैं। अहमद ने बताया कि (अफगान) अधिकारी कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के लिए नियुक्त विशेष अमेरिकी प्रतिनिधि और अमेरिकी राजकोष मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक कर अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र पर चर्चा करेंगे।

### नाटो ने रूस को शांति, सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया

**मैड्रिड** । नाटो ने रूस को अपने सदस्यों की शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा और सीधा खतरा करार दिया है। तीस देशों के गठबंधन ने बुधवार को मैड्रिड में अपने शिखर सम्मेलन में एक बयान में यह बात कही। नाटो की यह घोषणा इस बात को रेखांकित करती है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने शीतयुद्ध के बाद के यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था को नाटकीय रूप से कैसे प्रभावित किया है। गठबंधन के नेताओं ने रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के लिए "राजनीतिक और व्यावहारिक समर्थन बढ़ाने का वादा किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इससे पहले बुधवार को अपने देश की पूरी तरह से मदद नही करने को लेकर नाटो से नाराजगी जताई तथा रूस से लड़ने के लिए और अधिक हथियार मांगे। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे गंभीर सुरक्षा संकट चुनौती का सामना कर रहा है। लेकिन गठबंधन को बड़ा सैन्य हिस्सा प्रदान करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि शिखर सम्मेलन "एक अचूक संदेश भेजेगा ... कि नाटो मजबूत और एकजुट है।

### सेनेगल समुद्र तट के पास नाव पलटी, 13 लोगों की मौत

**डकार** । यूरोप जाने की कोशिश कर रहे प्रवासियों को ले जा रही एक नाव सेनेगल के तट पर पलट गई, जिसमे कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय रेड क्रॉस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेनेगल रेड क्रॉस के एक अधिकारी, जादजा साम्बो ने कहा कि यह घटना सोमवार रात दक्षिणी कैसामांस क्षेत्र मे काफौटीन के पास हुई। बचावकर्मियो ने बताया कि नाव पर करीब 150 लोग सवार थे और 91 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 40 से ज्यादा लोग लापता है। किसी भी जीवित बचे व्यक्ति या शवों को निकालने के लिए खोज जारी है। स्थानीय समाचार खबरों के अनुसार, नाव में आग लगने के बाद वह पलट गई। ज़िगुइनचोर क्षेत्र के अधिकारियों के अनुसार, सरकारी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे है कि दुर्घटना किस कारण से हुई और नाव तथा प्रवास अभियान का प्रभारी कौन था। सेनेगल में कई लोग हर साल पश्चिम अफ्रीका के समुद्र तट के साथ खतरनाक समुद्री मार्ग पर छोटी नावे लेकर यूरोप जाने की कोशिश करते है।

### सरकारी आदेशों के अनुपालन के लिए ट्विटर को मिला चार जुलाई तक का समय

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर को नोटिस जारी कर चार जुलाई तक पूर्व के सभी सरकारी आदेशो का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने चार जुलाई की समयसीमा तय की है। इसका पालन नही करने पर ट्विटर मध्यवर्ती का दर्जा खो सकती है जिसका मतलब होगा कि उसके मंच पर की जाने वाली सभी टिप्पणियों की जिम्मेदारी उसकी होगी। सरकार के एक सूत्र ने कहा, 27 जून को ट्विटर को नोटिस जारी करके अबतक जारी सभी सरकारी आदेशो का पालन करने को कहा गया है। इस महीने की शुरुआत मे भी उसे नोटिस जारी किया गया था लेकिन उसने इसका पालन नही किया। यह अंतिम नोटिस है। इस बारे मे ट्विटर को भेजे ई-मेल पर कोई जवाब नही मिला है। कई मौको पर ट्विटर का सरकार के साथ विवाद रहा है। 26 जून को ट्विटर ने 80 से अधिक ऐसे ट्विटर खातो तथा ट्वीट की सूची सौपी है जिनको 2021 मे सरकार के आग्रह के बाद ब्लॉक किया गया है। सरकारी सूत्र ने कहा कि कई और ऐसे आदेश है जिनका ट्विटर ने अभी तक अनुपालन नही किया है और इसके लिए उसे चार जुलाई की अंतिम समयसीमा दी गई है। जनवरी, 2012 से जून, 2021 के बीच ट्विटर को सरकार की ओर से 17,000 से अधिक अनुरोध मिले थे जो ट्विटर खातों को बंद करने और ट्वीट को हटाने से संबंधित थे। इनमें से इस सोशल मीडिया मंच ने केवल 12.2 प्रतिशत अनुरोध का अनुपालन किया।

# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक आतंकवादी बन गए हैं : जेलेंस्की

संयुक्त राष्ट्र (एपी)

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर एक आतंकवादी बनने और आतंकवादी देश का नेतृत्व करने का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र से रूस को निष्कासित करने का अनुरोध किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक को वीडियो के जरिए संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र से रूस के यूक्रेन की धरती पर अंजाम दिए कृत्यों की जांच करने और उस देश को जवाबदेह ठहराने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने कहा, रूस द्वारा की जा रही इन हत्याओं को रोकने के लिए हमें तुरंत कार्वाई करनी होगी। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा न करने पर रूस के आतंकवादी कृत्य अन्य यूरोपीय देशों और एशिया में भी फैलने लगेंगे।जेलेंस्की ने कहा, पुतिन एक आतंकवादी बन गए हैं। हर दिन आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, सप्ताहांत पर भी नहीं रुक रहे। हर दिन वे आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र से रूस को बाहर करने का आग्रह करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद-6 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि एक सदस्य देश जिसने वर्तमान चार्टर के सिद्धांतों का लगातार उल्लंघन किया है, उसे सुरक्षा परिषद के अनुरोध पर महासभा द्वारा संगठन से निष्कासित किया जा सकता है। रूस को निष्कासित करना असल में असंभव है, क्योंकि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है और अपने खिलाफ ऐसी किसी भी कार्वाई को रोकने के लिए वह वीटो का इस्तेमाल कर सकता है। जेलेंस्की ने अपने संबोधन को समाप्त करते हुए सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य लोगों को युद्ध में मारे गए लाखों यूक्रेनी बच्चों तथा वयस्कों को खड़े होकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया।जेलेंस्की के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की सहित सभी सदस्य खड़े हुए। वहीं, रूस के राजदूत ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के वीडियो संबोधन को परिषद की परंपराओं तथा उन मौजूदा सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया, जिसके अनुसार किसी भी नेता को परिषद में अपनी बात रखने के लिए कक्ष में उपस्थित होना चाहिए।

# यूरोपीय संघ के देशों ने जलवायु संबंधी उपायों को मंजूरी दी

ब्रसेल्स (एपी)

**यूरोपीय संघ** (ईयू) के देशों ने नई कारों से 2035 तक कार्बन उत्सर्जन समाप्त करने वाले सख्त जलवायु नियमों को वापस अपनाने के लिए बुधवार को लंबी बातचीत के बाद एक समझौता किया। ईयू के 27 सदस्य देशों ने 2030 में ईयू के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 की तुलना में कम से कम 55 प्रतिशत कम करने के प्रावधान वाले मसौदा विधेयक पर समझौता किया। इसे फिट फॉर 55 की संज्ञा दी गई है। पहले इसे 40 प्रतिशत कम करने पर सहमति बनी थी। यूरोपीय आयोग के हरित समझौते के प्रभारी उपाध्यक्ष फ्रांस टिमरमैन्स ने लक्जमबर्ग में पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन के बाद कहा, जलवायु संबंधी कार्वाई के लिए लंबा लेकिन अच्छा दिन। फिट फॉर 55 पर परिषद का निर्णय ईयू के हरित समझौते की दिशा में बड़ा कदम है। ईयू की कार्यकारी शाखा द्वारा पिछले साल प्रस्तावित पांच कानूनों पर हुआ समझौता यूरोपीय संसद के साथ अंतिम बातचीत का रास्ता साफ करता है। ईयू के सांसद महत्वाकांक्षी समूह आधारित लक्ष्यों का समर्थन कर रहे हैं। इस विधाई रूपरेखा को अंतिम मंजूरी के लिए जरूरी है कि संसद विभिन्न विषयों पर समूह के सदस्य देशों की सरकारों के साथ मतभेदों को सुलझा ले। फ्रांस की ऊर्जा हस्तांतरण मंत्री एग्निस पैनियर रूनाचेर ने कहा, परिषद पैकेज को अंतिम रूप देने पर यूरोप की संसद के साथ बातचीत के लिए अब तैयार है। इससे जलवायु परिवर्तन से लड़ने की अगुवाई करने में यूरोपीय संघ पहले से कहीं आगे रहेगा। नई कार और वैन से 2035 तक सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) उत्सर्जन को 100 फीसदी कम करने का फैसला ईयू के सभी 27 सदस्य राष्ट्रों में उन गाड़ियों की बिक्री पर रोक लगाएगा जो पेट्रोल या डीज़ल से चलती हैं। ईयू 2050 तक गाड़ियों से उत्सर्जन को बेहद कम करना चाहता है, इसके लिए वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन संगठन के बाहरी ऑडिटर की पिछले साल की रिपोर्ट बताती है कि सदस्य देशों में चार्जिंग स्टेशनों की कमी है। यूरोपीय संघ में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 25 फीसदी हिस्सा गाड़ियों से निकलता है।

# शेयर बाजारों में तेजी थमी, सेंसेक्स 150 अंक गिरा

भाषा। मुंबई



**● विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और रुपए में गिरावट का सिलसिला बने रहने से भी घरेलू शेयर बाजार प्रभावित हुए**

**शेयर बाजारों** में चार दिन से जारी तेजी का दौर बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मुनाफावसूली से थम गया और मानक सूचकांक सेंसेक्स 150 अंक से ज्यादा गिर गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और रुपए में गिरावट का सिलसिला बने रहने से भी घरेलू शेयर बाजार प्रभावित हुए। उतार-चढ़ाव से भरे कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.48 अंक यानी 0.28 प्रतिशत गिरकर 53,026.97 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक यानी 1.06 प्रतिशत तक टूटकर 52,612.68 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 51.10 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,799.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से 34 शेयर नुकसान में रहे। इस तरह पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। पिछले चार सत्रों में सेंसेक्स 1,354 अंक और निफ्टी 436 अंक मजबूत हुआ था। सेंसेक्स में शामिल 30 में से 20 शेयर घाटे में रहे। इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक, टाइटन, कोटक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। हालांकि, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयरों में बढ़त रहने से सेंसेक्स को थोड़ा समर्थन मिला। एनटीपीसी में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रिलायंस के शेयर 1.98 प्रतिशत चढ़े।रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, बाजारों में फिर से उठापटक रही और ए करीब आधा प्रतिशत के नुकसान में रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों ने कारोबारी धारणा पर असर डाला। हालांकि, कुछ बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीद होने से इस नुकसान की थोड़ी भरपाई हुई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मुद्रास्फीति में अनियंत्रित एवं सतत वृद्धि से उपभोक्ताओं का भरोसा बहुत तेजी से गिर रहा है। हालांकि, कुछ प्रमुख कंपनियों में मजबूती रहने से नुकसान कम करने में मदद मिली। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.70 प्रतिशत गिर गया, जबकि स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बाजार में सूचीबद्ध 1,781 कंपनियां नुकसान में रहीं जबकि 1,521 कंपनियां लाभ में रहीं और 148 के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे।एशिया के अन्य बाजारों में जापान के निक्की, चीन के शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के सत्र में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत बढ़कर 118.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिरावट में है। रुपया बुधवार को पहली बार 79 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजारों से निकासी जारी है। शेयर बाजारों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को एफआईआई ने 1,244.44 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। मिश्रा ने कहा, बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी जीडीपी के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देंगे और फिर उनकी तवज्जो मासिक डेरिवेटिव निपटान पर रहेगी।

# सेबी ने डार्क फाइबर मामले में एनएसई, चित्रा रामकृष्ण समेत अन्य पर जुर्माना लगाया

भाषा। नई दिल्ली


**भारतीय प्रतिभूति** एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने डार्क फाइबर मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), उसके व्यापार विकास अधिकारी रवि वाराणसी, पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण तथा उनके सलाहकार सुब्रमणियम आनंद समेत कुछ शेयर ब्रोकर समेत 18 इकाइयों पर कुल 44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एनएसई और उसके पूर्व अधिकारियों के अलावा सेबी ने शेयर ब्रोकर... वे टू वेल्थ ब्रोकर्स और जीकेएन सिक्योरिटीज...तथा संपर्क इन्फोटेनमेंट एवं उनके कर्मचारियों पर जुर्माना लगाया है। नियामक ने एनएसई पर सात करोड़ रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही रामकृष्ण, वाराणसी और सुब्रमणियम आनंद पर पांच-पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, सेबी ने वेटूवेल्थ ब्रोकर्स पर छह करोड़ रुपए, जीकेएन सिक्योरिटीज पर पांच करोड़ रुपए और संपर्क इंफोटेनमेंट पर तीन करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को पारित सेबी के एक आदेश के अनुसार, उन्हें 45 दिनों के भीतर जुर्माने की कुल राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है। यह मामला एनएसई में डार्क फाइबर के रूप में कुछ ब्रोकिंग कंपनियों को अन्य सदस्यों के मुकाबले सूचना प्राप्त करने को लेकर पहले पहुंच की सुविधा देने से जुड़ा है। इसके तहत उन्हें अन्य सदस्यों का तुलना में कोलेकेशन सुविधा से जुड़ने की सुविधा दी गई थी।नेटवर्क संपर्क के रूप में डार्क फाइबर या यूनिट फाइबर से आशय ऐसे नेटवर्क से है, जो पहले से उपलब्ध है लेकिन उसका उपयोग नहीं हुआ है। यह सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक्स । उपकरण से जुड़ा नहीं होता है और उनके माध्यम से आंकड़ों का प्रवाह नहीं होता तथा यह फाइबर ऑप्टिक कम्युनिकेशन में उपयोग के लिए उपलब्ध होता है।बाजार नियामक ने 2009 से 2016 की अवधि के लिए कई संस्थाओं के लेन-देन के संबंध में जांच शुरू की थी ताकि एनएसई द्वारा कुछ स्टॉक ब्रोकरों को इस तरह से जुड़ाव की सुविधा देने के मामले की जांच की जा सके जो निवेशकों या प्रतिभूति बाजार के लिए नुकसादायक हो सकता है। सेबी ने अपने आदेश में कहा, वे टू वेल्थ और जीकेएन ने एनएसई और संपर्क के कर्मचारियों के साथ साठगांठ कर उनके पास उपलब्ध आंकड़ा अन्य के मुकाबले कुछ जल्दी प्राप्त कर अनुचित तरीके से लाभ कमाया। सेबी ने जिन लोगों पर जुर्माना लगाया वे नागेंद्र कुमार एसआरवीएस, देवीप्रसाद सिंह और एमआर शशिभूषण, प्रशांत डिसूजा, ओम प्रकाश गुप्ता, सोनाली गुप्ता, राहुल गुप्ता, नेताजी पाटिल, रीमा श्रीवास्तव आदि हैं।

Public Notice
This is to inform general public that Mrs. Kiran Sharma has acquired the Plot no. 131, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra no. 23/1, situated in the area of Village Hastal, Delhi sate Delhi colony known as Mohan Garden, in block L-11, New Delhi on POA basis vide Registered GPA, ATS & will dated 18.10.2006, executed by Mrs. Neelam Sabharwal, and Now, Mrs. Kiran Sharma is intending to sell the above said property to Mr. Aman Verma vide Sale Deed. Further Mr. Aman Verma is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए आंकड़ों की उचित व्याख्या जरूरी: आरबीआई गवर्नर

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अधिक विवेकपूर्ण निर्णय लिए जाने के लिए आंकड़ों की उचित व्याख्या की जरूरत पर बल देते हुए बुधवार को कहा कि इससे निर्णय-निर्माताओं की तरफ से संचार में स्पष्टता आएगी।



दास ने आरबीआई के वार्षिक सांख्यिकी दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, सार्वजनिक नीति में आंकड़ों का बहुत महत्व है। कोविड-19 महामारी के कारण बहुत अधिक अनिश्चितता का माहौल बना है, ऐसे में सांख्यिकी पर जोर बढ़ा है। इस अभूतपूर्व वैश्विक परिघटना ने विभिन्न रूपों में मानवीय प्रयासों का परीक्षण किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत समेत विभिन्न देशों में लॉकडाउन लगने के कारण महामारी के प्रकोप और विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं पर उसके असर से संबंधित आंकड़ों की उपलब्धता और संग्रह को लेकर गंभीर चुनौतियां आईं। दुनिया को ऐसी समस्या के समाधान की तुरंत जरूरत है जिसका सामना उसने पहले कभी नहीं किया। आंकड़े जुटाने के भारत के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 2020 में कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर के दौरान लगातार दो महीने तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुमानित आंकड़े प्रकाशित करने को मजबूर हुआ।उन्होंने कहा कि महामारी के कारण पैदा हुए व्यवधानों से सांख्यिकीय नवोन्मेष हुए हैं जिसके दीर्घकालिक लाभ होंगे। दास ने कहा, आंकड़ों के प्रवाह को अनुकूलित करने के आरबीआई के प्रयास, प्रौद्योगिकी में निवेश और नियमित प्रतिष्ठानों से निरंतर सरोकार के लाभ मिले।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dhriti Sunder Sahu S/o Sh. Binay Bhusan Sahu R/o 62-A, Sai Complex, Chhattarpur Enclave, New Delhi-110074 hereby confirm that the correct name of me and my father is Dhriti Sundar Sahoo S/o Sh. Benoy Bhusan Sahoo.

PD(90118)A

# आईएमएफ ने पाकिस्तान का सहायता पैकेज बहाल करने के लिए सख्त शर्तें लगाईं

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान का आर्थिक पैकेज बहाल करने के लिए बिजली दरें बढ़ाने और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाने जैसी सख्त शर्तें लगाई हैं। इससे पहले नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था जिससे उसका रुका हुआ 6 अरब डॉलर का सहायता पैकेज बहाल हो जाए। मीडिया में आई खबरों में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईएमएफ ने पाकितान से कहा है कि वह एक भ्रष्टाचार निरोधी कार्यबल का गठन करे जो सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाए गए वर्तमान कानूनों की समीक्षा करे।डॉन अखबार की खबर में कहा गया कि इन शर्तों के पालन के बाद आईएमएफ कर्ज को मंजूरी देने और कार्यक्रम को बहाल करने के पाकिस्तान के अनुरोध को कार्यकारी निदेशक मंडल के समक्ष पेश करेगा।

# सीडीआरआई को अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में श्रेणीबद्ध करने के लिए मंत्रिमंडल की हरी झंडी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) को अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में श्रेणीबद्ध करने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सीडीआरआई के साथ मुख्यालय समझौते (एचक्यूए) पर हस्ताक्षर करने को भी बुधवार को मंजूरी प्रदान की गई। इससे सीडीआरआई को संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और उन्मुक्ति) अधिनियम, 1947 के तहत अपेक्षित छूट, उन्मुक्ति और विशेषाधिकार दिए जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान में कहा गया है कि सीडीआरआई को एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में श्रेणीबद्ध करने और संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और उन्मुक्ति) अधिनियम, 1947 की धारा-तीन के तहत अपेक्षित छूट, उन्मुक्ति और विशेषाधिकार प्रदान करने के लिए सीडीआरआई के साथ एचक्यूए पर हस्ताक्षर करने से इसे एक स्वतंत्र और अंतरराष्ट्रीय कानूनी पहचान प्राप्त होगी। इससे सीडीआरआई को गतिविधियों के लिए विश्व स्तर पर धन नियोजित करना और सदस्य देशों से योगदान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

साथ ही वह देशों को उनके आपदा एवं जलवायु जोखिम और संसाधनों के अनुसार सहनीय अवसंरचना विकसित करने में सहायता के लिए तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध करा सकेगा, उपयुक्त जोखिम रोधी व्यवस्था और रणनीति अपनाने में मददगार बन सकेगा। बयान के अनुसार, इसकी शुरुआत के बाद से 31 देश, छह अंतरराष्ट्रीय संगठन और दो निजी क्षेत्र के संगठन सीडीआरआई के सदस्यों के रूप में शामिल हुए हैं।

### गेल के अगले चेयरमैन होंगे संदीप कुमार गुप्ता

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में वित्त निदेशक संदीप कुमार गुप्ता गेल (इंडिया) लिमिटेड के प्रमुख होंगे। पीईएसबी ने कहा कि 10 उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद 56 वर्षीय गुप्ता का चयन किया गया है।

Public Notice

Trade Name of Member : Acumen Capital Market(India) Ltd Member of Multi Commodity Exchange of India Limited (MCX)& Member ID: 10275,National Commodity & Derivatives Exchange Limited (NCDEX) &Member ID: 00094, National Stock Exchange of India Limited (NSE)&Member ID: 08814 Bombay Stock Exchange Limited (BSE) & Member ID: 0156 & SEBI Regn No: INZ000170434 Registered office Address of Member **ACUMEN CAPITAL MARKET (INDIA) LIMITED,** S T R Building, Veekshanam Road, Kochi-682035

This is to inform that we have initiated the process of cancellation of our below mentioned Authorised Person (AP).

| Name of Authorised Person | Trade Name of AP | Address of AP | AP Registration No. |
|---|---|---|---|
| Gaurav Sachdeva | Gaurav Sachdeva | Ram Leel Ground, 56/7, 1st Floor, Ashok Nagar, (W) Delhi, Tilak Nagar, Delhi-110018 | MCX : MCX / AP / 147243<br>NCDEX : NCDEX / AP / 124838<br>NSE CM : AP0610047521<br>NSE F&O : AP0610047521<br>BSE Cash : AP01015601125129 |

Please note that the above mentioned Authorised Person is no longer associated with us. Any person henceforth dealing with the above mentioned Authorised Person should do so at their own risk. ACUMEN CAPITAL MARKET (INDIA) LIMITED (Name of the member) shall not be liable for any dealing with him.
In case of any queries, investors are requested to inform ACUMEN CAPITAL MARKET (INDIA) LIMITED (Name of the Member) within 15 days from the date of issuing this notice.

*Mention as applicable

Place : Kochi
Date : 30-06-2022

For
ACUMEN CAPITAL MARKET (INDIA) LIMITED
(Authorised Signatory)

## सहयोगी दल ने उठाए सपा अध्यक्ष की नेतृत्व क्षमता पर सवाल

# अखिलेश ने किया सिर्फ बंटाधार सीएम बने भी तो पिता के दम पर



**बलिया।** उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटों के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की पराजय के बाद पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए हैं।

राजभर ने बुधवार को जिले के रसड़ा में पार्टी के प्रधान कार्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने दम पर नहीं बल्कि अपने पिता मुलायम सिंह यादव की कृपा से मुख्यमंत्री बने थे। वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ था मगर ताज अखिलेश के सिर सजा। उन्होंने अखिलेश की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करते हुए कहा, "अखिलेश यादव के नेतृत्व में वर्ष 2014, 2017, 2019 और 2022 में लोकसभा व विधानसभा के जो भी चुनाव हुए, सभी में सपा पराजित हुई। उपचुनाव व विधान परिषद के चुनाव में भी सपा हारी है। अखिलेश यादव स्वयं स्पष्ट करें कि अभी तक एक भी चुनाव में उन्हें जीत क्यों नहीं हासिल हुई। राजभर ने अखिलेश यादव को वातानुकूलित कमरों से निकलकर क्षेत्र में काम करने की सलाह देते हुए पूछा, "अखिलेश यादव बताएं कि उन्होंने अभी तक धरातल पर क्या कार्य किया है। उन्होंने अभी तक कितने गांवों में बैठक की है। हाल के लोकसभा उपचुनाव में सपा ने स्वयं अपने पैर में कुल्हाड़ी मार ली। जिस पार्टी का मुखिया चुनाव प्रचार में नहीं जाएगा, वह पार्टी क्या चुनाव लड़ेगी?" वर्ष 2024 में भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने की संभावना संबंधी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दावे के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं के रवैए में बदलाव नहीं आया तो भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीट जीत सकती है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश में संविधान और आरक्षण की रक्षा तथा पिछड़े वर्ग व दलितों के हित में बसपा, सपा तथा अन्य सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए। राजभर ने एक सवाल पर सलाह देते हुए कहा कि अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश में 2024 में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव में 80 सीट में से 60 सीट पर स्वयं व 20 सीट पर सहयोगी दलों को चुनाव लड़ाना चाहिए।

## उदयपुर की घटना को लेकर बढ़ाई गई सतर्कता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डी. एस. चौहान ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी की सनसनीखेज हत्या के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश में भी सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है। चौहान ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, "उदयपुर की घटना के बाद पूरे प्रदेश में सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री डालने वाले लोगों के खिलाफ हम बहुत सख्त कार्वाई करेंगे। हमारी प्राथमिकता हर हाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने की है" पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक विभिन्न जिलों में पुलिस की सोशल मीडिया इकाइयों को हिदायत दी गई है कि वे सोशल मीडिया पर डाली जा रही सामग्री पर पैनी निगाह रखें और अगर कहीं कोई व्यक्ति सांप्रदायिक सामग्री पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ फौरन कार्वाई की जाए। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों से कहा गया है कि वे सांप्रदायिक रुख लेने की आशंका वाले हर मुद्दे के समाधान के लिए शांति समितियों की बैठक आयोजित करें जिसमें स्थानीय धर्मगरुओं से भी बातचीत हो।

# मांझरा पूरब में दहशत का पर्याय बना बाघ पकड़ा गया



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) बफर जोन के मांझरा पूरब इलाके में पिछले कई महीनों से दहशत का पर्याय बने बाघ को पकड़ लिया गया। इससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि वह बाघ नहीं बल्कि बाघिन है जो एक अन्य बाघिन के साथ मजरा पूरब इलाके में घूम रही है। इससे दलराजपुर, दमेडा तथा खैरतिया समेत अनेक गांव में दहशत का माहौल था। कतर्नियाघाट के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि "सोमवार की देर रात वन विभाग द्वारा बनाए गए पिंजरे में बाघिन फंस गई" दुधवा टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विडालवंशी जीव को पकड़कर कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार लाया गया और पशु चिकित्सकों की जांच में पाया गया कि वह बाघिन नहीं बल्कि बाघ है। उन्होंने बताया कि बाघों को लेकर भ्रम की स्थिति इसलिए पैदा हुई क्योंकि ए जीव अपने सामान्य स्वभाव के विपरीत आचरण कर रहे थे और अपना इलाका साझा करते हुए साथ घूम रहे थे। पाठक ने बताया कि दूसरे बाघ को पकड़ने के लिए उसकी तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे होशियार रहें और दूसरे बाघ के पकड़े जाने तक खेतों तथा जंगलों में जाने से परहेज करें। गौरतलब है कि 18 जून से दुधवा बफर जोन में मांझरा पूरब के जंगलों के करीब खैरतिया क्षेत्र में आठ दिनों में चार लोगों को बाघ ने मार डाला था। बाघ ने 18 जून को 52 वर्षीय स्थानीय पुजारी मोहन दास को खैरतिया-मांझरा मार्ग स्थित मंदिर परिसर में मार डाला जबकि 23 जून को खैरतिया गांव के पास 14 वर्षीय लड़के सूरज सिंह भी इस जीव के हमले में मारा गया। गत 27 जून को नरेंद्रनगर बेली गांव में 33 वर्षीय युवक नागेंद्र सिंह को और उसी दोपहर खैरतिया में घूम रही उसी बाघिन ने 43 वर्षीय महिला मिंदर कौर को मार डाला। लगातार एक के बाद एक चार लोगों की मौत ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन अधिकारियों को भी झकझोर कर रख दिया। दुधवा के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया, "उप्र के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिन्होंने मानव जीवन के लिए खतरे को देखते हुए बाघ को पकड़ने की अनुमति दी थी" पाठक ने कहा कि सघन तलाशी, पेट्रोलिंग, ड्रोन और कैमरा सर्विलांस के जरिए मां-बेटी पाई गई दो बाघिनों की आवाजाही क्षेत्र में दिखी। इनमें एक पकड़ ली गई।

## फर्जी चेक से 29.42 लाख निकालने का आरोपी बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** एक ग्राहक के खाते से फर्जी चेक के जरिए 29 लाख रुपए से अधिक की रकम निकालने के आरोप में पंजाब नेशनल बैंक के तत्कालीन प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीएनबी की खतौली शाखा के तत्कालीन प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार और दो अन्य व्यक्तियों- शाह आलम और उरूज के खिलाफ बैंक के ग्राहक अशोक की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। बैंक ग्राहक अशोक ने शिकायत की थी कि बैंक प्रबंधक ने कुछ महीने पहले फर्जी चेक के जरिए उसके खाते से 29.42 लाख रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने जांच के दौरान बैंक प्रबंधक अनिरुद्ध को इस फर्जीवाड़े में लिप्त पाया था। कल शाम उसे खतौली टाउन में गिरफ्तार किया गया। हाल ही में बैंक प्रबंधक को खतौली शाखा से बागपत स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि दो अन्य आरोपी फरार हैं।

## आवासीय परिसर विस्फोट मामला: पटाखा बनाने की सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ शहर के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन इलाके से मंगलवार को पुलिस ने काफी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि पुलिस ने छानबीन के दौरान कुछ जगहों पर दबिश दी थी। दबिश में 20 बोरा गंधक और पटाखा बनाने की सामग्री बरामद कर कानूनी कार्वाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक विस्फोटक सामग्री जिस स्थान से बरामद की गई है, वह सुहैल और उसके भाई का बताया गया है। सुहैल सोमवार को हुए धमाके में घायल हो गया था और गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतना विस्फोटक-बारूद कहां से लाया गया। गौरतलब है कि समर गार्डन में 60 फुटा रोड पर सोमवार शाम इंतजार के मकान में बारूद में आग लगने के कारण विस्फोट हुआ था। मामले की जांच में पता चला था कि आरोपी पटाखे बना रहे थे। पुलिस ने कुछ अन्य जगहों पर दबिश दी है। यहां भी बारूद की खेप होने की सूचना मिली थी। पुलिस का अभियान फिलहाल जारी है।

## आयुष वाटिका का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जयंत स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में बुधवार को आयुष वाटिका का उद्घाटन हुआ। आयुष वाटिका का उद्घाटन कंपनी स्तरीय स्वच्छता निरीक्षण दल द्वारा औषधीय पौधों के बगीचे को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया जिसमें शतावर स्टीविया लेमन ग्रास एलोवेरा गिलोए तुलसी मीठी नीम पुदीना पथरचटा आदि के पौधे लगाए गए है। आने वाले समय में इस वाटिका में बड़े पैमाने पर औषधीय पौधे एवं जडी बूटी लगाए जाएंगे। एनएससी जयंत के परिसर मे वाटिका के शुभारंभ के साथ ही कंपनी में औषधीय पौधों की एक वाटिका तैयार हो गई है।

## पत्रकार के निधन पर शोक संवेदनाएं

**सोनभद्र।** जिले के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे जनपद मुख्यालय स्थित कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मंगलवार की शाम जनपद के पत्रकार एवं रंगकर्मी सुरेश प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले लगभग एक साल से बीमार थे जिनका इलाज चल रहा था। सोमवार स्थिति गंम्भीर होने के बाद परिजन उन्हें वाराणसी इलाज के लिये ले गए। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वाराणसी में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होनें पिछले लगभग दो दशक से भी अधिक समय से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों से जुड़कर जनपद की समस्याओं को उठाने का कार्य किया। सौम्य व्यक्तित्व होने के कारण पत्रकारों के साथ ही आम लोगों के बीच में भी लोकप्रिय थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वक्ताओं ने सुरेश के असामयिक निधन को पत्रकारिता की अपूर्णीय क्षति बताया। इस मौके पर जुल्फेकार हैदर, रामप्रसाद यादव, प्रदीप चौबे, दीपक शुक्ल, सतीश भाटिया, अमित मिश्रा, मुनिमहेश शुक्ल, विनय सिंह, सुरेंद्र तिवारी, विधुशेखर मिश्र, सचिन कुमार गुप्ता, गिरीश पाण्डेय, आशुतोष कुमार आदि थे।

## राजधानी में होने वाले आम महोत्सव में जनपद भी लेगा बढ़ चढ़कर हिस्सा

**फतेहपुर।** जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 04, 05, 06 एवं 07 जुलाई को अवध शिल्प ग्राम अवध विहार योजना, सेक्टर-9 अमर शहीद पथ, लखनऊ में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग की ओर से जनपद के आम बागवानों को उक्त आम महोत्सव स्थल में प्रतिभाग किया जाना है जिसमें बागवान व क्रेता आम बिक्री हेतु अपना स्टाल भी साथ में आकर्षक पैकिंग में लाकर विक्रय कर सकते है। जनपद में दशहरी, चौसा, फजली, लंगडा प्रजाति के आम का उत्पादन अधिक होता है। लगभग 250 हे0 क्षेत्रफल में आम का उत्पाद जनपद के मुख्यतः हसवा, अमौली, तेलियानी, ऐराया, विजयीपुर, खजूहा, बहुआ, मलवा विकास खण्ड में किया जा रहा है जिसमें औसतन 750-800 टन का उत्पादन किया जा रहा है। इस वर्ष आम उत्पादकों के अनुसार मार्च अप्रैल में तापमान अधिक होने के कारण 30-35 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। जिससे आम के व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

# भाजपा नेता और मां पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बदायूं।** यहां के एक भाजपा नेता और उनकी मां के खिलाफ सदर कोतवाली थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदायूं के अपर पुलिस अधीक्षक, नगर, प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आतिर्2398ी निजामी की पत्नी ने अपने पति और सास पर मारपीट, दहेज मांगने व प्रताड़ति करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी जिसके आधार पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। निजामी की पत्नी कहकशां फातिमा का आरोप है कि दहेज में कार नहीं मिलने पर आतिफ और उनकी मां उसे प्रताड़ति करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कहकशां फातिमा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पति अपनी मां रफत जहां उर्फ मीना के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करता है। शिकायत के मुताबिक दहेज में कार के लिए 27 जून को उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने कहकशां फातिमा की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। इधर कहकशां का इलाज जिला अस्पताल बदायूं में चल रहा है। कहकशां का आरोप है कि राजनैतिक दबाव में पुलिस उनके पति पर उचित कारवाई नहीं कर रही है। वहीं, भाजपा नेता आतिफ निजामी ने इन आरोपों से इनकार किया है। एएसपी चौहान ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के उपरांत जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे उसके आधार पर उचित वैधानिक कार्वाई की जाएगी।

## कौशल को काम, जन सामान्य को आराम

**कानपुर देहात।** प्रदेश के कुशल प्रेशोवरों को स्व:रोजगार के अवसर प्रदान करने में के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश ने सेवा मित्र पोर्टल एवं एप लॉच किया हैं। इसके द्वारा नागरिकों उतम सेवाऐं उचित दर पर उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो जायेगी। विभिन्न कार्य जैसे इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग, एसी0 सर्विस करपेन्टर, साफसफाई, आरो सर्विस, पलम्बर, व्यूटिशियन की सेवाऐं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अंजलि शर्मा ने जानकारी दी की यह ऑल-इन-वन प्लेट फॉम हैं। इस कार्य के लिए कॉल सेन्टर नंबर 155330/ जारी कर दिया गया हैं, एवं एक पूर्णत:समर्पित कॉल सेन्टर बनाया गया। अत: जनपद में उपरोक्त सेवा प्रदान करने वाले फर्म इंटर प्राइजेस, सेवाप्रदाता सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात से सम्पर्क कर सेवामित्र से जुड़े सकते एवं जनपद भर के नागरिकों को सेवाप्रदान कर अपना व्यवसाय कई गुणा बढ़ा सकते है।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** जैत पुलिस थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण मलिक ने बताया, आरोपी प्रमोद और राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़ति लड़की के पिता ने मंगलवार को दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा कि इलाके के चार युवकों ने कुछ समय पहले जलाने के लिए लकड़ी देने का लालच देकर उसकी 13 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपियों ने न केवल दुष्कर्म किया, बल्कि इसका वीडियो भी बनाया। प्राथमिकी के मुताबिक इन आरोपियों ने दो दिन पहले लड़की पर गलत काम करने के लिए फिर से दबाव बनाया और ऐसा नहीं करने पर वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी थी। जब लड़की ने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया तो उन्होंने यह वीडियो सोशल मीडिया मंच पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने कहा कि लड़की के पिता ने मंगलवार को जैत पुलिस थाना में चारों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376डी, आईटी कानून की धारा 67 और पोक्सो कानून की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# संचारी रोग और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता



**बांदा।** जुलाई में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्वों के निर्धारण सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई तक मानाया जायेगा।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से सम्बन्धित रोगथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों हेतु विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल विभाग का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बृहद स्तर पर इसका प्रचार.प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों हेतु जागरूक किया जाए तथा एन्टीलार्वा एवं फागिंग करायी जाए। नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में फागिंग करवानाए शुद्ध पेयजल एवं मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करानाए नालियों की साफसफाई तथा कचरे की उठान करवाना तथा शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए वैक्टीरियो जलॉजिकल ध्वायरोलॉजिकल जांच करवाना, सडकों के किनारे उगी वनस्पतियों की नियमित रूप से सफाई करवाना। पंचायती राज विभागध्ग्राम विकास विभाग को निर्देशित किया कि 469 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपरोक्त अभियान में अपने.अपने गॉव के नोडल होंगे। संचारी रोंगो के बारे मे निरन्तर जागरूकता स्थापित करवाना और ग्राम स्तर पर साफसफाईए हाथ धोनाए शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जनजागरूकता हेतु प्रचार.प्रसार करवाना तथा वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु ष्क्या करें.क्या न करेंष् का सघन प्रचार.प्रसार करवाना सुनिश्चित करें।

# महिला रोजगार सेवक ने प्रधान पर लगाया फर्जी काम करने का आरोप

### फर्जी काम न करने पर नौकरी से निकालने की प्रधान दे रहे धमकी, डीएम ने दिया जांच का निर्देश महिला रोजगार के चलते गांव में मनरेगा का एक भी पैसा काम नहीं हुआ- प्रधान, कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत थन्हवा मुड़ियारी का मामला

**बस्ती।** कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत थन्हवा मुड़ियारी की महिला रोजगार सेवक दीपकला ने प्रधान पर फर्जी काम करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है, कहा कि जब फर्जी काम करने का विरोध करती हैं, तो प्रधानजी नौकरी से निकालने की धमकी देते है। प्रधान के द्वारा उन्हें कोई काम करने नहीं दिया जा रहा है। चूंकि वह एससी वर्ग से आती है, इस लिए उन्हें कमजोर समझ कर डराया और धमकाया जाता है। प्रधान कहते हैं, कि जैसा मैं चाहूंगा वैसे तुम्हें करना पड़ेगा। कहा कि जब भी वह गलत काम करने से मना कर करती, तब प्रधान उनके साथ अभ्रदता करते हैं, और वीडियो भी बनाते है। महिला ने डीएम से षिकायत करते हुए कहा कि प्रधान उनका मानसिक षोषण कर रहे है। कार्यालय में बुलाकर कहते हैं, कि जहां भी चाहो षिकायत कर दो मगर मेरा कुछ नहीं होगा। कहा कि जिसके चलते हमेषा उसे किसी अप्रिय घटना होने का डर रहता है। महिला ने इसकी जांच डीपीआरओ से कराने की मांग की है।वहीं प्रधान षैलेंद्र यादव ने रोजगार सेवक पर ही पलटवार करते हुए कहा कि उनकी लापरवाही के चलते इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा में एक भी काम नहीं हुआ। श्रमिक काम के लिए परेषान कर रहे हैं, कहा कि इसकी षिकायत वह डीएम, डीसी मनरेगा और बीडीओ से तीन-तीन बार कर चुके है। मेरी ओर से इन्हें काम न करने का नोटिस भी दिया जा चुका है, इसी नोटिस के चलते सेक्रेटरी से कहासुनी भी हुई, और इसकी उन्होंने षिकायत भी की जिसके चलते वह चार दिन पहले निलंबित भी हो चुके है। बताया कि सारी षिकायतें रोजगार सेवक के स्थान पर काम करने वाले इनके करीबी के कारण हो रहा है। कहते हैं, कि यह कभी मौके पर नहीं आती और इनके स्थान पर कोई दूसरा आता है, और यही कारण है, कि हम अपने बचाव के लिए कार्य का वीडियो बनाने लगे। कहा कि रोजगार सेवक ग्राम रघउपुर में रहती है, और उनके स्थान पर कोई अन्य काम करना चाहता है, जिसका उसने जब विरोध किया तो मेरी षिकायत करने लगे। बताया कि इन्हीं की लापरवाही के चलते आज तक पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय का निर्माण अधूरा है। सवाल के लहजे में कहा कि क्या कभी कोई प्रधान यह चाहेगा कि उसके गांव में मनरेगा का काम न हो।

# जेठ के साथ हलाला से इनकार करने पर पत्नी पर तेजाब फेंका

**बरेली।** जेठ से हलाला करने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल जाकर पत्नी पर कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल दिया है। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने बताया की तेजाब से हमले में 32 वर्षीय महिला नसरीन बुरी तरह से झुलस गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी इशाक (34) ने करीब एक महीने पहले अपनी पत्नी नसरीन को तीन तलाक दिया था। वह अपनी पत्नी को फिर से घर लाना चाहता था जिसके लिए उसने अपने बड़े भाई को हलाला के लिए राजी किया था। हलाला एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें तलाकशुदा महिला को अपने पति के साथ दोबारा रहने के लिए पहले एक अन्य व्यक्ति से निकाह करना पड़ता है और फिर उससे तलाक लेना होता है। दूसरे पति से तलाक मिलने के बाद ही वह पहले पति से दोबारा निकाह कर सकती है। पीड़िता को देखने जिला अस्पताल पहुंचे एसएसपी ने कहा कि महिला के उचित इलाज के लिए व्यवस्था की गई है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, तीन तलाक देने के बाद आरोपी अपनी पत्नी को दोबारा घर लाने के लिए अपने बड़े भाई पर हलाला का दबाव बना रहा था, लेकिन आरोपी की पत्नी हलाला से इनकार कर रही थी। शिकायत के मुताबिक, महिला का कहना था कि वह अकेले जिंदगी गुजार लेगी, लेकिन और दुख नहीं सहेगी। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने कहा कि उसका घर ना टूटे, इसलिए उसने तीन तलाक का मामला दर्ज नहीं कराया। उसने बताया कि उसके पति ने इस बात को उसकी कमजोरी समझ लिया और संदेश भेजा कि वह उसे फिर से पत्नी के रूप में स्वीकार करना चाहता है। पीड़िता ने बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी बरेली के मलुकपुर निवासी इशाक से हुई थी और उनकी दो बेटियां हैं।

# युवा वैज्ञानिक के कीर्तिमान युवाओं के लिये प्रेरणादायी

### दस बार यूपी बोर्ड से हाईस्कूल पास कर बनाया रिकार्ड, समाजसेवियों ने वैज्ञानिक को नये अविष्कारों के लिये किया सम्मानित



**उरई** (जालौन)। शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। युवा नौजवान, यहां तक अब बुजुर्ग भी शिक्षा को अपना हथियार बनाने के लिए आगे आने लगे हैं। यहीं पर एक ऐसा कीर्तिमान देखने को मिला जहां एक युवक ने एक नहीं दो नहीं बल्कि 10 बार उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड द्वारा हाई स्कूल, और 4 बार इंटरमीडिएट की परीक्षा अलग-अलग विषय से उत्तीर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अलग-अलग बोर्ड परीक्षा पास करने के पीछे युवा वैज्ञानिक दिनेश कुमार की सोच में हर एक विषय का ज्ञान अर्जन कर उस विषय पर शोध करना है। उनके इसी कार्य को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी के कार्यालय पर उनको मुंबई से आए समाजसेवियों ने सम्मानित किया। मुंबई से आई साइकोलॉजिकल काउंसलर रक्षान हुसैन और गुलाम हुसैन जो मुंबई के एक बड़े सामाजिक कार्यकर्ता एवं कारोबारी और पूर्व पालिकाध्यक्ष की पत्नी शिक्षिका यशोधरा दिनकर ने दिनेश को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई की। यहां तक की दिनेश द्वारा कई अविष्कार भी किए गए हैं। जिसको लेकर दिनेश को युवा वैज्ञानिक भी कहा जाता है। दिनेश ने अपनी शिक्षा जनपद जनपद जालौन से पूर्ण की है। वह उरई के पटेल नगर के निवासी हैं। उन्होंने संस्कृत, कला, रंजन कला, उर्दू, मानव विज्ञान, विज्ञान, संगीत वादन, आदि विषयों में अलग-अलग परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता रिटायर्ड जिला कृषि अधिकारी रहे हैं। और वह विकासखंड डकोर मिनोरा कालपी में पंचायत विभाग में नौकरी भी कर रहे हैं। उनके हौसले की हर जगह तारीफकी जा रही है कि उन्होंने शिक्षा के प्रति उनके लगाओ से लोगों को जागरूकता हासिल होगी।

**दिनेश बना चुके ऑटो डिवाइस हेलमेट:** युवा वैज्ञानिक दिनेश एक ऐसा हेलमेट भी बना चुके हैं जब तक आप हेलमेट नहीं पहनोगे तब तक बाइक स्टार्ट नहीं होगी। जिसका डेमो वो तत्कालीन डीएम मन्नान अख्तर के सामने भी दे चुके हैं जिससे सफर पर दुर्घटनाएं होने से रोकी जा सकेंगी। और वो कई ऐसे अविष्कार कर चुके जो सफाई उपकरण में सहायक व प्लास्टिक की रोकथाम में सहायक हुई।

# रोहित पांचवें टेस्ट से बाहर बुमराह होंगे कप्तान

## ● दोबारा कोरोना पॉजिटिव पाए गए रोहित शर्मा

**भाषा।** नई दिल्ली



जसप्रीत बुमराह

**जसप्रीत** बुमराह पिछले 35 साल में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा दोबारा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। आखिरी बार भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले तेज गेंदबाज कपिल देव थे जिन्हें 1987 में कप्तानी से हटा दिया गया था। उसके बाद से किसी तेज गेंदबाज ने भारतीय टेस्ट टीम की कमान नहीं संभाली है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर बताया , रोहित एक जुलाई से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेगा क्योंकि उसका आरटी पीसीआर टेस्ट फिर पॉजिटिव आया है। वह अभी भी पृथकवास में है। केएल की गैर मौजूदगी में उपकप्तानों में से एक जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। भारत ने 1932 में पहला टेस्ट खेला था और उसके बाद से टीम की कमान संभालने वाले बुमराह भारत की कप्तानी करने वाले 36वें क्रिकेटर होंगे। गुजरात के तेज गेंदबाज ने 29 टेस्ट में 123 विकेट लिए हैं और उनकी गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में होती है। चयन समिति के प्रमुख चेतन शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भविष्य के कप्तान के रूप में तैयार किया जा रहा है। भारत में आम तौर पर तेज गेंदबाजों को कप्तानी नहीं दी जाती है जबकि पाकिस्तान में इमरान खान, वसीम अकरम और वकार युनूस जैसे तेज गेंदबाज कप्तान रह चुके हैं। वेस्टइंडीज में कर्टनी वाल्श ने कप्तानी संभाली जबकि आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस भी तेज गेंदबाज हैं। रोहित के अंतिम एकादश में नहीं होने से शुभमन गिल के साथ चेतेश्वर पुजारा पारी की शुरूआत कर सकते हैं। सूत्र ने बताया कि मयंक अग्रवाल को बस कवर के तौर पर बुलाया गया है और वह अंतिम एकादश में नहीं होंगे। देखना यह भी है कि शार्दुल ठाकुर के रूप में चौथे तेज गेंदबाज को उतारा जाता है या रविंद्र जडेजा के साथ दूसरे स्पिनर के तौर पर आर अश्विन खेलते हैं। टेस्ट पांच जुलाई को खत्म होगा और पहला टी20 मैच सात जुलाई को है लिहाजा आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेलने वाली टीम पहला टी20 खेलेगी। इसके बाद दूसरे टी20 से सभी सितारा खिलाड़ियों की वापसी होगी।

## तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की योजना बना रहा है पीसीबी

**कराची ( भाषा )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 2023 से 2027 तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की मेजबानी की योजना पर काम कर रहा है। इस मामले की जानकारी रखने वाले विश्वसनीय सूत्र के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान होने वाली आईसीसी की बैठक में इस प्रस्तावित योजना को पेश करने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, बोर्ड योजना पर काम कर रहा है और यह चार देशों के वार्षिक टूर्नामेंट का विकल्प होगा जिसका प्रस्ताव रमीज ने आईसीसी की पिछली बैठक में रखा था और जिसे अन्य सदस्यों से जरूरी समर्थन नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया गया था। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच मौजूदा राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चार देशों के टूर्नामेंट के प्रस्ताव पर ढीली प्रतिक्रिया के बाद नई योजना से भारत को हटा दिया गया है और सिर्फ आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड को शामिल किया गया है।

# कोहली को पछाड़कर सबसे लंबे समय तक नंबर एक टी-20 बल्लेबाज बने आजम

**भाषा।** दुबई



**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बरकरार रहने के साथ भारत के विराट कोहली को पछाड़कर सबसे लंबे समय तक टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली पिछले दशक में 1,013 दिन तक दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज रहे थे लेकिन बाबर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। अन्य बल्लेबाजों में भारत के इशान किशन को दो स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन आयरलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 में 26 और तीन रन की पारी खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। पहले मैच में 47 और दूसरे मैच में करियर का पहला शतक जड़कर भारत को चार रन की जीत दिलाने वाले हुड्डा 414 रन की लंबी छलांग के साथ 104वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरे टी20 में 77 रन बनाने वाले सैमसन भी 144वें पायदान पर पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 39 और नाबाद 64 रन बनाने वाले आयरलैंड के हैरी टेक्टर भी 55 स्थान के फायदे से 66वें स्थान पर हैं। रैंकिंग को भारत और आयरलैंड के बीच दो टी20 की श्रृंखला के बाद अपडेट किया गया है। गेंदबाजों की सूची में भारत के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल 37वें से 33वें स्थान पर पहुंच गए जबकि पहले 45वें स्थान पर मौजूद आयरलैंड के मार्क एडेयर अब 43वें स्थान पर हैं टेस्ट रैंकिंग में जो रूट दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल और टॉम ब्लंडेल के अलावा इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने लीड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। श्रृंखला के तीनों टेस्ट में शतकीय साझेदारी करने वाले मिशेल और ब्लंडेल अब शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हैं। 109 और 56 रन की पारी खेलने वाले मिशेल चार स्थान के फायदे से 12वें जबकि 55 और नाबाद 88 रन बनाने वाले ब्लंडेल 11 स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर हैं। तीसरे टेस्ट में 162 और नाबाद 71 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो 20 स्थान चढ़कर 21वें स्थान पर हैं। दूसरी पारी में 82 रन बनाने वाले ओली पोप तीसरे स्थान के फायदे से 49वें पायदान पर हैं। इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट सात विकेट से जीतकर श्रृंखला 3-0 से जीती। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (एक स्थान के फायदे से 13वें) और जैक लीच (13 स्थान के फायदे से 25वें) की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

## क्विक न्यूज

### मुक्केबाजी : सिमरनजीत अनंता क्वार्टर फाइनल में

**नूर सुल्तान।** भारतीय मुक्केबाज सिमरनजीत कौर (60 किलो) और अनंता चोपाडे (54 किलो) ने एलोरडा कप के पहले दिन जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने कजाखस्तान की इशानोवा नाजिम को महिलाओं के 60 किलोवर्ग में एकतरफा मुकाबले मे हराया। दूसरी ओर अनंता को पुरूषों के 54 किलोवर्ग में मंगोलिया के डी गनबोल्ड से कड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने 3-2 से जीत दर्ज की। सिमरनजीत का सामना अब चीन की शू जिशुन से होगा जबकि अनंता कजाखस्तान के अल्तिनबेक नूरसुल्तान से खेलेंगे। भारत के मोहम्मद अताश खान (60 किलो), के जॉनसन सिंह (63.5 किलो) और मनजीत सिंह (प्लस 92 किलो) कजाखस्तान के मुक्केबाजों से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए। भारत का 33 सदस्यीय दल इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है।

### चेन्नईयिन एफसी ने ईरान के डिफेंडर हखामानेशी से अनुबंध किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी चेन्नईयिन एफसी ने इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले बुधवार को एशियाई खिलाड़ी के रूप में ईरान के डिफेंडर वाफा हखामानेशी से अनुबंध किया। छह फीट छह इंच लंबे हखामानेशी इससे पहले थाईलैंड के क्लब रत्चाबुरी मित्र फोल एफसी का हिस्सा थे जिसके लिए उन्होंने एएफसी चैंपियन्स लीग में तीन मैच खेले। हखामानेशी ईरान की पहली टीयर की लीग में कई क्लब की ओर से खेले है। वह 2013-14 में ईरान की शीर्ष लीग पर्शियन गल्फ प्रो लीग जीतने वाली फूलेड एफसी टीम का भी हिस्सा थे।

### गुजरात में सितंबर अक्टूबर में होंगे राष्ट्रीय खेल : आईओए

**नई दिल्ली।** अलग अलग कारणो से कई बार स्थगित हो चुके राष्ट्रीय खेल इस साल सितंबर अक्टूबर में गुजरात के विभिन्न शहरों में होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने पीटीआई को यह जानकारी दी। आईओए ने यह फैसला गुजरात ओलंपिक संघ और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से खेलों की मेजबानी मे दिलचस्पी जताने के बाद लिया। मेहता ने कहा , गुजरात सरकार ने हमे लिखा कि वे खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाले गुजरात ओलंपिक संघ के साथ है। हमने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा , खेल अहमदाबाद समेत गुजरात के पांच या छह शहरो मे सितंबर अक्टूबर मे होंगे। आने वाले कुछ दिनो मे तारीखों की घोषणा हो जाएगी। हमे खुशी है कि इतने विलंब के बाद खेल हो रहे है। मेहता ने कहा, आईओए के आला अधिकारियो के पास फैसला लेने का अधिकार है और बाद मे आईओए की आमसभा से स्वीकृति ले सकते है। हमने कई एनएसएफ और प्रदेश ईकाइयों से ईमेल के जरिए स्वीकृति ले ली है। उन्होंने कहा, हम आमसभा की बैठक बुलाकर कुछ अहम फैसलो को मंजूरी देंगे। हम दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय की शरण लेकर जीबीएम बुलाने की अनुमति मांगेंगे। आखिरी बार राष्ट्रीय खेल 2015 मे केरल मे हुए थे। गोवा मे नवंबर 2016 मे 36वे राष्ट्रीय खेल होने थे लेकिन राज्य सरकार की असमर्थता के कारण दो बार टल गए।

# स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा पदक के दावेदार

**भाषा।** स्टॉकहोम



**सत्र की** दमदार शुरूआत करने के बाद ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां बृहस्पतिवार को होने वाली डायमंड लीग में पहली बार पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने तुर्कु में पावो नुरमी खेलों में 89-30 का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता और कुओर्तानी खेलों में 86-60 मीटर के साथ शीर्ष रहे। फिनलैंड में हुए इन दोनों टूर्नामेंटों में मुकाबला कड़ा था। कुओर्तानी में तो बारिश के कारण फिसलन की वजह से तीसरे प्रयास में चोपड़ा गिर भी गए थे लेकिन तुरंत खड़े होकर चोटिल हुए बिना खिताब जीता। चोपड़ा ने कहा , हमने दिसंबर में अभ्यास शुरू किया जो देर से था। मुझे फिर से फिट होना होगा क्योंकि तोक्यो ओलंपिक के बाद मेरा वजन भी बढ गया है। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मेरा वजन 13-14 किलो बढ गया तो लक्ष्य फिर से फिट होने पर है। यही वजह है कि सत्र की शुरूआत देर से की। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेल है चूंकि एशियाई खेल स्थगित हो गए हैं। ज्यूरिख में अगस्त 2018 में 85-73 मीटर थ्रो करके चौथे स्थान पर रहने के बाद चोपड़ा पहली बार डायमंड लीग में खेलेंगे। वह सात डायमंड लीग खेल चुके हैं जिनमें तीन 2017 में और चार 2018 में खेली थी लेकिन इसमें पदक नहीं जीत पाए। दो बार चौथे स्थान पर रहे हैं। अमेरिका में अगले महीने होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले चोपड़ा के लिए यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। इसमें तोक्यो ओलंपिक के तीनों पदक विजेता मैदान में होंगे। मौजूदा दौर के भालाफेंक खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा बार 90 मीटर की बाधा पार करने वाले जर्मनी के जोहानेस वेटर चोट के कारण बाहर हैं। कुओर्तानी में स्वर्ण जीतने के बाद चोपड़ा यहां से सौ किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित उपसाला में अभ्यास कर रहे हैं।वह डायमंड लीग के बाद और 15 जुलाई से होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले कोई और टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। भारत के मुरली श्रीशंकर को भी इसमें लंबी कूद में भाग लेना था जो डायमंड लीग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है लेकिन अतिरिक्त प्रतियोगिता के रूप में शामिल है। वह हालांकि पहुंच नहीं पाएंगे क्योंकि विश्व चैम्पियनशिप के लिए वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के लिए उनका पासपोर्ट दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है।

# श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया की खराब शुरुआत

**एपी।** गॉल



**नाथन** लियोन के पांच विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने पहले क्रिकेट टेस्ट में श्रीलंका को 212 रन पर समेट दिया लेकिन पहली पारी के शुरूआती तीन विकेट 98 रन पर गंवा भी दिए। श्रीलंका के आफ स्पिनर रमेश मेंडिस ने डेविड वॉर्नर (25) को पगबाधा आउट किया और मार्नस लाबुशेन (13) को असिथ फर्नांडो के हाथों लपकवाया। आस्ट्रेलिया के दो विकेट 35 रन पर गिर गए थे। स्टीव स्मिथ छह रन बनाकर रन आउट हो गए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा 47 और ट्रेविस हेड छह रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले लियोन के पांच और लेग स्पिनर मिशेल स्वीपसन के तीन विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को कम स्कोर पर आउट कर दिया। श्रीलंका के लिए निरोशन डिकवेला ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। उन्होंने छठे विकेट के लिए एंजेलो मैथ्यूज (39) के साथ 42 रन जोड़े। श्रीलंका ने पांच विकेट 97 रन के भीतर गंवा दिए। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और लंच तक स्कोर दो विकेट पर 68 रन था। लियोन ने इसमें छह रन का इजाफा होने पर श्रीलंका को एक और झटका दिया। उन्होंने श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने को सिली प्वाइंट पर डेविड वॉर्नर के हाथों लपकवाया।

स्वीपसन ने 37वें ओवर में लगातार दो विकेट लिए। उन्होंने पहली गेंद पर धनंजय डिसिल्वा को आउट किया जिनका कैच विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने लपका। दिनेश चांदीमल का कैच दूसरी स्लिप में वॉर्नर ने पकड़ा। लियोन ने एंजेलो मैथ्यूज (39) को लेग स्लिप में वॉर्नर के हाथों लपकवाया। श्रीलंकाई पारी की शुरूआत करते हुए करूणारत्ने और पाथुम निसांका ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। कमिंस ने निसांका (23) को उछाल लेती गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। चार रन बाद स्टार्क ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज कुसाल मेंडिस (03) को भी कैरी के हाथों कैच कराके श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 42 रन कर दिया। आस्ट्रेलियाई स्पिनरों को सुबह के सत्र में कोई विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने श्रीलंका के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया विशेषकर आफ स्पिनर नाथन लियोन ने पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का अच्छा फायदा उठाया। श्रीलंका इस मैच में तीन स्पिनरों के साथ उतरी है। बाएं हाथ के स्पिनर लसिथ एंबुलदेनिया और आफ स्पिनर रमेश मेंडिस की जोड़ी को लेग स्पिनर जैफ्रे वांडरसे का साथ मिलेगा जो टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे हैं। इस श्रृंखला को वार्न-मुरलीधरन ट्रॉफी नाम दिया गया है जो मिलकर 1508 टेस्ट विकेट हासिल करके खेल के लंबे प्रारूप में दो सबसे सफल गेंदबाज हैं। मार्च में थाईलैंड में छुट्टियां मनाने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से शेन वार्न के निधन के बाद यह इस ट्रॉफी के लिए पहली श्रृंखला है। मैच से पहले वार्न को याद किया गया। आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर वार्न ने 708 टेस्ट विकेट चटकाए हैं जबकि श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम 800 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

## सेरेना साल के पहले मैच में हार के साथ विंबलडन से बाहर

**विंबलडन ( एपी )।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने 364 दिन बाद महिला एकल मुकाबले में वापसी की लेकिन विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में ही हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सेरेना के खेल में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कभी तो ऐसा लगा कि वह बिलकुल भी लय में नहीं है जबकि कई मौकों पर उन्होंने ऐसा खेल दिखाया जैसे वह अपने 23वें ग्रैंडस्लैम खिताब के अभियान में आगे बढ़ेंगी। सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला विंबलडन में ही पिछले साल 29 जून को खेला था लेकिन पहले सेट में ही चोटिल होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। विंबलडन में सात बार की पूर्व चैंपियन 40 साल की सेरेना जीत दर्ज करने से दो अंक की दूरी तक पहुंची। उन्हें अंततः विंबलडन में पदार्पण कर रही दुनिया की 115वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की हारमोनी टेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 7-5, 1-6, 7-6 (10-7) से हार झेलनी पड़ी।

## रूड विम्बलडन दूसरे दौर में हारे, जोकोविच जीते

**एपी।** विम्बलडन



**फ्रेंच** ओपन उपविजेता कैस्पर रूड विम्बलडन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि छह बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने तीसरे दौर में जगह बना ली। फ्रेंच ओपन फाइनल में रफेल नडाल से हारे रूड इस साल शीर्ष 11 पुरूष खिलाड़ियों में से सातवें हैं जो शुरूआती दौर में हारने, चोट, बीमारी या प्रतिबंध के कारण विम्बलडन से बाहर हो गए हैं। उन्हें फ्रांस के यूगो हुम्बर्ट ने 3- 6, 6 -2, 7-5, 6-4 से हराया। छह बार के विम्बलडन चैम्पियन जोकोविच ने आस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस को 6- 1, 6-4, 6-2 से मात दी।

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट और 2017 विम्बलडन चैम्पियन गारबाइन मुगुरूजा बाहर हो चुके हैं। कोंटावेट को जर्मनी की जूक नीमेइर ने 6-4, 6-0 से हराया जबकि नौवीं वरीयता प्राप्त मुगुरूजा को ग्रीट मिनेन ने 6-4, 6-0 से मात दी। चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा ने टेरेजा मार्तिनकोवा को 7-6, 7-5 से हराया।

## विश्व कप से बाहर रहने की भरपाई करना चाहती हैं सुशीला

**भाषा।** एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)



**चोट** के कारण 2018 एफआईएच हॉकी विश्व कप से बाहर रहीं भारत की अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू टूर्नामेंट के आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करके इसकी भरपाई करना चाहती हैं। सुशीला ने भले ही भारत के लिए 208 मैच खेले हों लेकिन नीदरलैंड में होने वाला टूर्नामेंट उनका पहला विश्व कप होगा। भावुक सुशीला ने कहा, 2018 में चोट के कारण मैं लंदन में विश्व कप में नहीं खेल पाई थी। इसके बाद मुझे फॉर्म को लेकर जूझना पड़ा और मैं उस साल एशियाई खेलों में भी नहीं खेल पाई। यह संभवतः मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा, यह मुश्किल चरण था लेकिन मैं उससे बाहर निकलने के लिए प्रतिबद्ध थी और मैंने टीम में दोबारा जगह बनाई। विश्व कप एक जुलाई से शुरू होगा लेकिन भारत अपने अभियान की शुरुआत तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। एशियाई खेल 2018 से बाहर रहने के बाद 30 साल की सुशीला ने मजबूत वापसी की और पिछले चार साल में टीम की प्रगति में अहम भूमिका निभाई।

मंगलवार शाम चिली के खिलाफ टीम के अभ्यास मैच के इतर सुशीला ने कहा, टीम की मेरी कई साथी दूसरी बार विश्व कप में खेल रही हैं लेकिन मेरा यह पहला विश्व कप है। यह मेरे लिए भावुका लम्हा है और मुझे निश्चित तौर पर यकीन है कि यह हमारे लिए यादगार होगा। सुशीला एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और भुवनेश्वर में एफआईएच सीरीज फाइनल्स में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता टीम में शामिल सुशीला ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारत को एतिहासिक चौथा स्थान दिलाने में भी भूमिका निभाई।

बड़ी प्रतियोगिता से पहले ड्रेसिंग रूम के मूड पर सुशीला ने कहा, पिछले हफ्ते रोटरडम में हमारे प्रो लीग मुकाबलों के तुरंत बाद हम एम्सटेलवीन पहुंचे। हमें टीम होटल में सहज होने का पर्याप्त समय मिला और हम विश्व कप आयोजन स्थल पर भी ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर सभी अपना शत प्रतिशत देने को लेकर उत्साहित हैं। हम सभी की नजरें हमारे पहले मैच पर टिकी हैं और हमें इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत की जरूरत है।

# मलेशिया ओपन: सिंधू और कश्यप जीते, साइना बाहर

**भाषा।** कुआलालंपुर



पीवी सिंधू



पारूपल्ली कश्यप

**भारतीय** महिला बैडमिंटन की दो दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरीं जिसमें सिंधू ने दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि साइना को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-13 21-17 से हराया लेकिन लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की आइरिस वैंग के खिलाफ सीधे गेम में 37 मिनट में 11-21 17-21 से हार मिली। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन पारूपल्ली कश्यप ने भी चोट के बाद वापसी करते हुए सकारात्मक नतीजा हासिल किया और कोरिया के हियो क्वांग ही को 21-12 21-17 से हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीय सिंधू अगले दौर में थाईलैंड की 21 साल की फिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेंगी जो विश्व जूनियर रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं और बैंकॉक में उबेर कप में कांस्य पदक जीतने वाली थाईलैंड की टीम का भी हिस्सा थी। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी कश्यप दूसरे दौर में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ उतरेंगे जिन्होंने मार्च में जर्मन ओपन सुपर 300 का खिताब जीता। बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी को भी रोबिन टेबलिंग और सेलेना पीक की नीदरलैंड की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 52 मिनट चले कड़े मुकाबले में 15-21 21-19 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। चोचुवोंग के खिलाफ सिंधू का जीत-हार का रिकॉर्ड 5-3 है। दोनों खिलाड़ियों के बीच 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान हुई पिछली भिड़ंत में सिंधू ने जीत दर्ज की थी। बुधवार को दोनों खिलाड़ियों ने मुकाबले में तेज शुरुआत की लेकिन सिंधू ने धीरे धीरे दबदबा बनाया। सिंधू ने जल्द ही 4-1 की बढ़त बनाई और फिर पहले गेम में हर समय आगे रहीं। वह ब्रेक तक 11-7 से आगे थीं। सिंधू ने नेट पर बेहतर खेल दिखाया और उनके स्मैश तथा रिटर्न दमदार थे।सिंधू ने अपनी बढ़त को 16-11 तक पहुंचाया और फिर सात गेम प्वाइंट हासिल करने के बाद स्मैश के साथ पहला गेम जीता। दूसरे गेम की शुरुआत में ही चोचुवोंग ने सहज गलतियां की। थाईलैंड की खिलाड़ी ने नेट पर दो शॉट मारे और उनके रिटर्न भी कमजोर थे जिससे सिंधू ने 4-2 की बढ़त बनाई। सिंधू ने भी इसके बाद सहज गलतियां की और कुछ शॉट नेट पर उलझाए जिससे चोचुवोंग 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहीं।चोचुवोंग ने 16-10 की बढ़त बनाई लेकिन सिंधू ने पांच अंक के साथ वापसी की और 17-17 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। चोचुवोंग के नेट पर शॉट मारने से सिंधू ने बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी के दो शॉट बाहर मारने पर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर मुकाबला जीत लिया।